रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित
पायनियर
हमेशा सच के साथ
RNI NO. CHHHIN/2016/70655
www.dailypioneer.com रायपुर, मंगलवार 14 मई 2024 पृष्ठ-12 वर्ष-08, अंक-261 मूल्य 3.00 ₹

क्विक न्यूज़

आईईडी ब्लास्ट में दो बच्चों की मौत

बीजापुर। बीजापुर में इंद्रावती नदी के पार बड़े बोड़गा गांव के एक खेत में आईईडी पड़ा हुआ था। गांव के बच्चे खेलते खेलते वहां पहुंच गए थे। इसी दौरान बच्चें आईईडी से खेलने लगे। अचानक आईईडी ब्लास्ट हो गया। जिसकी चपेट में आकर दोनों बच्चों की मौके पर ही मौत हो गई। तीन दिन पहले बीजापुर में पुलिस और नक्सलियों की मुठभेठ हुई थी। जिसमें 12 नक्सली मारे गए थे। मौके से बड़ी संख्या में बंदूक, बीजीएल, नक्सल वर्दी, पिट्ठू, दवाइयां, विस्फोटक मिले थे।

भारत-फ्रांस के बीच सातवां 'शक्ति' सैन्य अभ्यास मेघालय में शुरू

नयी दिल्ली। भारत और फ्रांस के बीच सातवां 'शक्ति' सैन्य अभ्यास मेघालय में पूर्ण रूप से विकसित और आधुनिक 'फोरन ट्रेनिंग नोड' उमरोई में शुरू हुआ। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि 26 मई तक चलने वाले संयुक्त अभ्यास के उद्घाटन समारोह में भारत में फ्रांस के राजदूत थिएरी माथौ और 51 सब एरिया के जनरल ऑफिसर कमांडिंग मेजर जनरल प्रसन्ना सुधाकर जोशी ने भी भाग लिया। शक्ति अभ्यास एक द्विवार्षिक प्रशिक्षण कार्यक्रम है जो बारी-बारी से भारत और फ्रांस में आयोजित किया जाता है। पिछला अभ्यास नवंबर 2021 में फ्रांस में हुआ था।

तेजस्वी सूर्य ने राहुल की खुली बहस की चुनौती स्वीकारी

नयी दिल्ली। भारतीय जनता युवा मोर्चा के अध्यक्ष तेजस्वी सूर्य ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी की

भारतीय जनता पार्टी को खुली बहस की चुनौती स्वीकार कर अपने संगठन के उपाध्यक्ष एवं रायबरेली के दलित समाज से आने वाले एक शिक्षित नौजवान को इस बहस के लिए नामित किया है। बेंगलुरु दक्षिण से सांसद तेजस्वी सूर्य ने गांधी को एक पत्र लिखकर सूचित किया कि भाजपा को उनकी खुली बहस की चुनौती स्वीकार है और वह भाजपा की युवा इकाई भारतीय जनता युवा मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अभिनव प्रकाश को बहस में पार्टी की ओर से भाग लेने के लिए नामित कर रहे हैं।

लोक सभा चुनाव के चौथे चरण में 62.31 प्रतिशत हुआ मतदान

एजेंसी ⮜ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com

लोक सभा चुनाव के चौथे चरण में सोमवार को 10 राज्यों एवं केन्द्रशासित प्रदेश में 96 सीटों पर शाम पांच बजे तक अनुमानित औसत मतदान 62.31 प्रतिशत हुआ। चुनाव आयोग की वेबसाइट के पश्चिम बंगाल में सर्वाधिक 75.66 प्रतिशत वोट डाले गये जबकि जम्मू-कश्मीर में श्रीनगर सीट पर 35.75 प्रतिशत मतदान हुआ था जो पिछले कुछ दशकों का सर्वश्रेष्ठ मत प्रतिशत है। महाराष्ट्र में शाम पांच बजे तक 52.49 प्रतिशत और उत्तर प्रदेश में 56.35 और बिहार में 54.14 प्रतिशत वोट डाले गये। चौथे चरण में शाम पांच बजे तक मतदान का प्रतिशत इस प्रकार रहा..

आंध्र प्रदेश 68.04
बिहार...........................54.14
जम्मू-कश्मीर..................35.75
झारखंड 63.14
मध्य प्रदेश.......................68.01
महाराष्ट्र...........................52.49
ओडिशा...........................62.96
तेलंगाना...........................61.16
उत्तर प्रदेश.......................56.35
पश्चिम बंगाल....................76.66

चौथे चरण में आंध्र प्रदेश विधानसभा की सभी 175 सीटों और ओडिशा विधानसभा चुनाव के प्रथम चरण में 28 सीटों के लिये चुनाव के लिये शाम पांच बजे तक क्रमशः 67.99 प्रतिशत और 62.96 प्रतिशत मतदान हुआ था।

पीएम मोदी के रोड शो में उमड़ा जनसैलाब

एजेंसी ⮜ वाराणसी
www.dailypioneer.com

देश की सांस्कृतिक राजधानी के तौर पर विश्व विख्यात वाराणसी में सोमवार को प्रधानमंत्री और स्थानीय सांसद नरेन्द्र मोदी ने रोड शो किया। जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया और गुलाब की पंखुड़ियां बरसा कर अपने सांसद का स्वागत किया। काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के सिंह द्वार से शुरु हुये रोड शो के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ खुले वाहन में सवार थे। उन्होंने सड़क के दोनो ओर खड़े लोगों से हाथ हिलाकर अभिवादन किया। जनता ने भी हर हर मोदी के नारे लगा कर प्रधानमंत्री का गर्मजोशी से स्वागत किया। करीब पांच किमी का रोड शो काशी विश्वनाथ मंदिर पर समाप्त हुआ, जहां मोदी बाबा विश्वनाथ मंदिर में पूजा अर्चना कर देवाधिदेव से अपनी जीत का आशीर्वाद मांगें। रोड शो में पांच हजार से अधिक मातृशक्तियां भी पैदल यात्रा में शामिल हुई। गौरतलब है कि मोदी ने पहली बार काशी से 2014 में लोकसभा चुनाव जीता था जबकि 2019 में भी उन्हे भारी बहुमत से जीत मिली थी। मोदी के रोड शो में पांच सालों की काशी के विकास यात्रा का रोड मैप तैयार किया गया था। पूर्व सांसद से लेकर विधायक, एमएलसी और मंत्री सभी अपने सांसद का स्वागत किया। 11 बीट के अन्तर्गत 10 -10 प्वाइंट यानि लगभग 100 प्वाइंट बनाए गये हैं, जिन पर मराठी, गुजराती, बंगाली, माहेश्वरी, मारवाड़ी, तमिल, पंजाबी आदि समाज के लोग अपनी परंपरागत वेशभूषा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का स्वागत किया। शहनाई, शंखनाद, डमरू दल के साथ काशी की जनता प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत किया। इसके साथ ही जगह जगह सांस्कृतिक कार्यक्रम, लोकनृत्य, लोकगीत गाते हुए बनारस के कलाकार व वैदिक मंत्रोच्चार करते हुए पीएम मोदी का स्वागत किया। मोदी का स्वागत करने के लिए मुस्लिम समाज के लोग भी आगे आए। मदनपुरा में ही पूर्व सांसद राजेश मिश्रा के नेतृत्व में मुस्लिम समाज ने पुष्प वर्षा कर मोदी का स्वागत किया। रोड शो के मार्ग पर काशी की विभूतियों की तस्वीर भी कई स्थानों पर लगायी गयी थी। इसमें काशी नरेश, पंडित मदन मोहन मालवीय, बिस्मिल्लाह खां, पंडित किशन महाराज, तुलसीदास, कबीर दास, संत रैदास आदि लोगों की तस्वीर है। रात में बीएलडब्लू में बुद्धिजीवियों के साथ मिलने का भी कार्यक्रम प्रस्तावित है। प्रधानमंत्री 14 मई को काशी कोतवाल बाबा काल भैरव का दर्शन और उनकी अनुमति लेने के बाद नामांकन करेंगे। नामांकन में भाजपा के घटक दल राष्ट्रीय लोकदल के अध्यक्ष जयंत चौधरी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के अलावा कई प्रदेशों के मुख्यमंत्री, मंत्री और विशिष्ट लोगों के रहने की संभावना है। इसके बाद अंतर्राष्ट्रीय रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर में कार्यकर्ताओं के साथ बैठक भी प्रस्तावित है।

महादेव एप मामले में अब एसईबीआई की एंट्री, शेयर बाजार में लगी है काली कमाई

पायनियर संवाददाता ⮜ रायपुर
www.dailypioneer.com

महादेव बेटिंग ऐप को लेकर ईडी, ईओडब्लू के बाद अब एसईबीआई की एंट्री हो गई है। ईडी ने चार्जशीट में खुलासा किया है कि, महादेव बेटिंग ऐप के प्रमोटर सौरभ चंद्राकर, रवि उप्पल और शुभम सोनी ने सट्टेबाजी से अर्जित अपनी काली कमाई को सफेद करने के शेयर मार्केट में 1000 करोड़ रुपए से ज्यादा का इंवेस्ट किया है। जिसकी जांच भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड एसईबीआई करेगी। महादेव बेटिंग ऐप को लेकर ईडी की ओर से पेश की गई 2020 पन्नों की चार्जशीट पेश की है। जिसमें यह खुलासा किया गया है कि, बड़ी रकम एक जगह कैश रखने के बजाय प्रमोटरों ने ऑनलाइन ही पूरा ट्रांजेक्शन किया और एक ही समय में करोड़ों रुपए के शेयर एक साथ खरीदे गए हैं। जिनमें ज्यादातर शेयर कई नामी कंपनियों के हैं। ऐसे इसलिए किया गया है ताकि भविष्य में उन्हें किसी भी तरह का कोई नुकसान ना उठाना पड़े और जरुरत पड़ने पर उन शेयरों का इस्तेमाल किया जा सके। बेटिंग की काली कमाई को शेयर मार्केट में इन्वेस्ट करने के लिए प्रमोटरों ने फर्जी शैल कंपनियां बनाई गई। जिसमें ज्यादातर कंपनियां विदेश की दिखाई गई हैं। ऐसा इसलिए किया गया ताकि किसी भी एजेंसी को शक ना हो। ईडी ने हवाला कारोबारी गिरीश तलरेजा और सुरेश चोखानी के गिरफ्तारी के दो महीने बाद पिछले हफ्ते ही 252 पन्नों का पूरक परिवाद और 2200 पेज के दस्तावेज पेश किए गए हैं। विशेषज्ञों के साथ लगातार इसका अध्ययन करने के बाद इसमें कई चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं। इसमें पिछली सरकार के कुछ प्रभावशाली लोगों का नाम लिए बिना उनकी संलिप्तता को बताया गया है। कैसे राज्य में सुरक्षा निधि के नाम पर प्रभावशाली लोग पैसा लेते थे। कानूनी जानकारों की मानें तो मार्केट में इन्वेस्ट संबंधित जांच सेबी करती है। इसलिए अब इस मामले की जांच सेबी को दी जा रही है। महादेव सट्टा मामले में ईडी ने अब तक 1300 करोड़ की संपत्ति को अटैच किया है। जिनमें 1.86 करोड़ कैश, 1.78 करोड़ की ज्वेलरी, 580 करोड़ की संपत्ति और शेयर मार्केट में इन्वेस्ट किया गया पैसा शामिल हैं। छत्तीसगढ़ के अलावा दूसरे राज्यों में भी स्थित संपत्तियों को अटैच किया गया हैं। इसमें मामले में अब तक 19 गिरफ्तारी हुई है। वहीं 30 से ज्यादा लोग फरार हैं।

सीबीएसई 10-12वीं में उत्तीर्ण छात्रों को सीएम साय ने दी बधाई

पायनियर संवाददाता ⮜ रायपुर
www.dailypioneer.com

सीबीएसई के 10वीं और 12वीं परीक्षा के नतीजे जारी होने पर उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने शुभकामनाएं दी। सीएम ने एक्स पर लिखाः 'सीबीएसई के 10वीं और 12वीं परीक्षा के नतीजे घोषित हुए हैं। यह हर्ष का विषय है कि 12वीं में 87.98 प्रतिशत परीक्षाफल रहा। सभी उत्तीर्ण विद्यार्थियों को बहुत-बहुत बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं। जिन छात्र-छात्राओं के परीक्षा परिणाम उम्मीद के मुताबिक नहीं रहे वे निराश न हों। कोशिश करते रहें सफलता एक दिन जरूर कदम चूमेगी।

हम करोड़ों को बनायेंगे लखपति : राहुल

एजेंसी ⮜ रायबरेली
www.dailypioneer.com

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और रायबरेली में गठबंधन प्रत्याशी राहुल गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने कार्यकाल में 22 अरबपतियों का पूरा ख्याल रखा जबकि गठबंधन की सरकार आने पर वह देश की करोड़ों गरीब महिलाओं और बेरोजगारों को लखपति बनाने का काम करेंगे। ऊंचाहार क्षेत्र में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुये गांधी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर हमलावर रहे। उन्होने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री ने गरीबों और किसानों की बजाय देश के चुनिंदा उद्योगपतियों को ध्यान रखा जबकि गरीब महंगाई और बेरोजगारी की समस्या से त्रस्त रहे। उन्होने कहा कि चार जून के बाद उनकी सरकार आने पर देश के गरीब परिवारों की सूची तैयार की जायेगी और हर गरीब परिवार की एक महिला के खाते में हर महीने 8500 रुपये डाले जायेंगे जो साल के एक लाख रुपये होते हैं। इसी तरह युवाओं को एक साल तक अंप्रटिशिप की सुविधा दी जायेगी और इसके एवज में उन्हे भी एक लाख रुपये सालाना मिलेंगे। कांग्रेस नेता ने इन योजनाओं को देश की आर्थिक तरक्की से जोड़ते हुये कहा कि गरीब महिलाओं और बेरोजगारों युवाओं को राहत देने के लिये शुरु होने वाली इस योजना से न सिर्फ महंगाई से राहत मिलेगी बल्कि एक लाख रुपये की धनराशि जब हर गरीब परिवार खर्च करेगा तो इससे न सिर्फ बाजारों में रौनक आयेगी बल्कि कारखाने भी चल निकलेंगे और उनमें युवाओं के लिये रोजगार के अवसर पैदा होंगे। अपनी हर चुनावी सभा की तरह यहां भी मीडिया पर भेदभाव रवैया अपनाने का आरोप लगाते हुये उन्होने कहा कि डर की वजह से गरीब की आवाज नहीं सुनायी देती। उन्होने आरोप लगाया कि मोदी सरकार ने पूंजीपतियों का 16 लाख करोड़ रुपये का ऋण माफ कर दिया मगर किसान और गरीब के कर्ज माफी के बारे में कुछ नहीं किया।

रायबरेली से नेहरू-गांधी परिवार का सौ साल पुराना रिश्ता : राहुल-प्रियंका

कांग्रेस नेता राहुल गांधी तथा प्रियंका गांधी वाड्रा ने उत्साहित होकर चुनाव प्रचार में शामिल होने पर रायबरेली के लोगों का अभिनंदन किया और कहा कि उनके नेहरू गांधी परिवार का रायबरेली से 100 साल पुराना रिश्ता है। गांधी ने कहा 'रायबरेली और मेरे परिवार का बहुत पुराना रिश्ता है। हमारा ये रिश्ता 100 साल पुराना है। यहां पहले मेरे परदादा जवाहरलाल नेहरू आए थे। मैं यह कह सकता हूं कि जवाहरलाल नेहरू जी को रायबरेली की जनता ने राजनीति सिखाई थी। उन्होंने कहा 'जवाहरलाल नेहरू प्रधानमंत्री बने तो उन्होंने देश की नींव रखी। यानी देश की राजनीति की नींव रायबरेली की जनता ने रखी। फिर इंदिरा गांधी जी और सोनिया गांधी जी यहां आईं। उन्होंने यहां कई बड़े काम किए और अब मैं यहां आया हूं। गांधी ने उन पर फिल्माये गये गीत के लिए भी रायबरेली के लोगों का आभार व्यक्त किया।

चार चरणों के बाद तय, देश में कांग्रेस इंडिया गठबंधन की सरकार बन रही है : दीपक बैज

पायनियर संवाददाता ⮜ रायपुर
www.dailypioneer.com

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि चार चरणों के मतदान के बाद तस्वीर बहुत हद तक साफ हो गयी। चार चरणों के 379 सीटों में भाजपा बुरी तरह हार रही है। 400 पार का नारा देने वाली भाजपा 150 नहीं पहुंच रही है। दो तिहाई सीटों पर चुनाव हो गया है। भाजपा इन सीटों पर बुरी तरह पिछड़ चुकी है। देश में कांग्रेस इंडिया गठबंधन की सरकार बन रही है। चार चरणों के मतदान के बाद मोदी और भाजपा घबरा गये उनके भाषणों का रुख बदल गया। वे अपनी 10 साल की कोई भी उपलब्धि नहीं बता पा रहे है। चुनाव को हिन्दू, मुस्लिम, मंगलसूत्र, मछली, मटन, मीट तक ले जाने की तमाम कोशिशे मोदी और उनके साथियों ने किया। लेकिन चौथे चरण के मतदान के बाद साफ हो गया भाजपा के बहकावे में जनता नहीं आयी। इस चुनाव में भाजपा का हिडन एजेंडा संविधान को बदलने और आरक्षण को समाप्त करने का बेनकाब हुआ। जनता यह समझ गयी कि संविधान बदलने के लिये भाजपा 400 पार का नारा दे रही है। लोग यह भी जान गये कि यह संविधान इसलिये बदलना चाह रहे कि बाबा साहब ने वंचित वर्गों के लिये जो प्रावधान संविधान में किया है वह संविधान बदलकर समाप्त किया जा सके।

आप एक विचार है, जिसे तोड़ना असंभव : अरविंद केजरीवाल

वार्ता ⮜ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा है कि आम आदमी पार्टी को तोड़ने के लिए उन्हें गिरफ्तार किया गया, लेकिन आप एक विचार है जिसे तोड़ना असंभव है। केजरीवाल ने सोमवार को पार्टी के सभी पार्षदों के साथ बैठक कर कहा, भारतीय जनता पार्टी वालों ने आप के विधायकों-पार्षदों को तोड़कर दिल्ली और निगम की सरकार गिराने के लिए उन्हें गिरफ्तार किया, लेकिन वह नाकाम रहे। हमारे एक भी विधायक-पार्षद नहीं टूटे। आम आदमी पार्टी केवल एक पार्टी ही नहीं, बल्कि एक परिवार और विचार है, जिसे तोड़ना असंभव है। हमारे काम की वजह से ही लोग हमें प्यार और इज्जत करते हैं। जिस मकसद से उन्होंने हमें जेल में डाला था, उसका बिल्कुल उल्टा हो गया। उन्होंने कहा, इन्होंने हमारे कई लोगों को तोड़ने की कोशिश की लेकिन कोई नहीं टूटा। आप लोगों ने पूरे देश के अंदर मिसाल खड़ी कर दी। पूरे देश में लोग कह रहे हैं कि दूसरी पार्टी वाले तो बड़ी आसानी से टूट जाते हैं, लेकिन हमारे लोग पूरी कोशिश के बावजूद न पैसे से बिकते हैं और न ही ईडी के डर से टूटते हैं। हमारे लोगों को कोई तोड़ ही नहीं सकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि तीन महीने पहले तक यही लगता था कि भाजपा की तो 400 से ज्यादा ही सीटें आएंगी लेकिन अचानक इतनी सारी घटनाएं घट गईं। आज देश में इस बात की शर्त नहीं लग रही कि इनकी 400 सीट आएंगी, बल्कि शर्त इस बात की लग रही है कि 250 सीट भी आएंगी कि नहीं आएंगी। यह चमत्कार है। केजरीवाल ने कहा प्रधानमंत्री ने उनके और आम आदमी पार्टी के खिलाफ पता नहीं कौन सी दुश्मनी पाल रखी है। वह आम आदमी पार्टी को कुचलना चाहते हैं लेकिन भगवान तो उनके साथ है। इस दौरान 'आप' के राष्ट्रीय महासचिव संगठन डॉ. संदीप पाठक ने कहा कि अगर आप सारे लोग अपने बूथ को जिताकर ले आते हैं, तो प्रत्याशी अपने आप जीत जाएंगे। आप सभी बूथ स्तर पर मजबूती से जनसंपर्क करें। सभी लोग अच्छा काम कर रहे है, लेकिन हम और अच्छा कर सकते हैं। अब अपने बूथ को जिताने की जिम्मेदारी आपकी है। परिस्थितियां अलग हो सकती है।

राहुल भले ही वोट रायबरेली से मांगते हैं मगर उन्हें समर्थन पाकिस्तान से मिल रहा

आखिर राहुल गांधी के पाकिस्तान से क्या संबंध हैं : योगी

वार्ता ⮜ बाराबंकी,रायबरेली, बांदा
www.dailypioneer.com

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और रायबरेली से गठबंधन प्रत्याशी राहुल गांधी पर निशाना साधते हुये सवालिया अंदाज में कहा कि पाकिस्तान से मिल रहे व्यापक समर्थन को लेकर जनता समझना चाहती है कि राहुल के पड़ोसी देश से क्या संबंध है। भाजपा प्रत्याशियों के लिए प्रचार पर निकले योगी ने बाराबंकी, रायबरेली और बांदा लोकसभा सीटों के लिए जनसभाओं को संबोधित किया। उन्होने कहा चौथे चरण के मतदान के साथ ही मोदी लहर अब सुनामी बन चुकी है। राहुल भले ही वोट रायबरेली से मांगते हैं मगर उन्हें समर्थन पाकिस्तान से मिल रहा है। उन्होंने सवाल उठाया कि आखिर राहुल गांधी के पाकिस्तान से क्या संबंध हैं। कांग्रेस को चेतावनी देते हुए योगी ने कहा 'गाय हमारी माता है, अगर इसे काटोगे तो दो-दो हाथ तय है।' उन्होंने कहा कि पाक अधिकृत कश्मीर के लोग भारत में शामिल होना चाहते हैं, क्योंकि उन्हें मोदी की गारंटी पर पूरा विश्वास है। बाराबंकी के हैदरगढ़ में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए योगी ने कहा कि कांग्रेस और सपा का इतिहास घोटालों का रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में बिना चेहरा और जाति देखे सबको विकास की योजनाओं से लाभान्वित किया गया। उन्होंने यहां पार्टी प्रत्याशी राजरानी रावत के लिए जनता से वोट की अपील की। उन्होंने कहा हमारे आराध्य प्रभु श्रीराम भी यही चाहते हैं कि उनका परम भक्त एक बार फिर देश की सत्ता संभाले। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि देश के 10 राज्यों में 96 सीटों पर मतदान हो रहा है। लोगों में इसे लेकर उत्साह है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूरे देश में तीसरे चरण में मोदी लहर अब चौथे चरण में सुनामी बनने की ओर अग्रसर है। कहा कि 'फिर एक बार मोदी सरकार' का स्वर पूरे देश में गूंज रहा है। आज का नया भारत देश और दुनिया में हुए परिवर्तन का साक्षी है। दुनिया में हमारा सम्मान बढ़ा है, सीमाएं सुरक्षित हुई हैं, विकास कार्य तीव्र गति से आगे बढ़े हैं। रायबरेली के सरेनी में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने पार्टी प्रत्याशी और प्रदेश सरकार में मंत्री दिनेश प्रताप सिंह के पक्ष में मतदान की अपील की। उन्होंने आह्वान किया कि अबकी बार-400 पार में रायबरेली भी रहेगा, क्योंकि यह अवध केसरी और अयोध्या की पावन धरा का क्षेत्र है। सीएम ने कहा कि पुलवामा में भारत के जवान शहीद हुए थे। पाकिस्तान का मंत्री उस घटना का समर्थन कर रहा था। वह मंत्री आज रायबरेली से कांग्रेस प्रत्याशी के समर्थन में बयानबाजी करता है। आखिर राहुल गांधी के पाकिस्तान से क्या संबंध हैं। वे रहेंगे हिंदुस्तान में, वोट मांगेंगे रायबरेली से और समर्थन मिल रहा है पाकिस्तान से। उन्होने विश्वास जताया कि जिसका समर्थन पाकिस्तान कर रहा है, रायबरेली उसका समर्थन नहीं करेगी। सीएम योगी ने कहा कि कांग्रेस ने जो न्याय पत्र जारी किया है, वह भारत के प्रति अन्याय पत्र है। यह भारत के प्रति साजिश का दस्तावेज है। इसमें कांग्रेस गरीबी हटाने की बात कह रही है। दादी ने गरीबी हटाओ का नारा दिया था, आज तक पोता वही रट रहा है। वे बता रहे कि गरीबी हटाने के लिए संपत्ति का एक्सरे कराकर विरासत टैक्स लगाएंगे। आपके पूर्वजों की संपत्ति पर कांग्रेस की नजर है। बांदा लोकसभा सीट के लिए जनसभा को संबोधित करते हुए योगी ने कहा कि देश में 80 करोड़ जरुरतमंदों को फ्री में राशन दिया जा रहा है।

खडगे ने झारखंड में किया बिरसा मुंडा, मांझी, भगत, सिद्धो को नमन

नयी दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने भगवान बिरसा मुंडा, बाबा तिलका मांझी, वीर बुधू भगत तथा सिद्धो कान्हू समेत झारखंड के सभी महान नायकों को नमन किया

है। खडगे ने कहा, भगवान बिरसा मुंडा, बाबा तिलका माँझी, वीर बुधू भगत तथा सिद्धो कान्हू समेत झारखंड के सभी महान नायकों को नमन किया है। उन्होंने कहा हज़ारीबाग़ कांग्रेस के इतिहास में एक विशेष महत्व रखता है। इस लोकसभा क्षेत्र के रामगढ़ ज़िले में 1940 में कांग्रेस का 53वां अधिवेशन मौलाना आजाद की अध्यक्षता में हुआ था। इस अधिवेशन का मुख्य प्रवेश द्वार महान नेता बिरसा मुंडा की याद को समर्पित था। यहीं 'भारत छोड़ो' आंदोलन की नींव रखी गई थी। हज़ारीबाग़ ने जो जज़्बा तब अंग्रेजी हुकूमत के ख़िलाफ़ तब दिखाया था, उसी जज़्बे को फिर से दिखाने और संविधान और लोकतंत्र को बचाने का वक्त आ गया है। खडगे ने कहा, चौथे दौर का मतदान चल रहा है। कांग्रेस और इंडिया गठबंधन के उम्मीदवारों के समर्थन में ज़बरदस्त वोटिंग की खबर है। मोदी और बीजेपी की सरकार का वापिस आना नामुमकिन है। भारतीय जनता पार्टी-राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) पर चुनाव जीतने के बाद संविधान बदलने की कोशिश करने का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा ये लोग संविधान को बदलने चाहते है।

सीबीएसई की दसवीं, बारहवीं की परीक्षा में लड़कियों ने मारी बाजी

एजेंसी ⮜ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की दसवीं और बारहवीं की परीक्षा में लड़कियों ने परचम लहराया। सीबीएसई की ओर से सोमवार घोषित किये गये नतीजों के अनुसार दसवीं की परीक्षा में 94.75 प्रतिशत छात्रायें उत्तीर्ण हुई हैं। वहीं बारहवीं की परीक्षा में 91.52 प्रतिशत छात्रायें उत्तीर्ण हुयी हैं, जबकि बारहवीं की परीक्षा में 85.12 प्रतिशत और दसवीं की परीक्षा में 92.72 प्रतिशत छात्र सफल हुये हैं। बोर्ड ने पहले बारहवीं के नतीजे घोषित किये और उसके करीब एक घंटे बाद अपनी आधिकारिक वेबसाइट सीबीएसई.जीओवी.इन और सीबीएसईरिजल्ट्स.एनआईसी,इन दसवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम भी जारी कर दिये। इस बार सीबीएसई की बारहवीं की परीक्षा में जहां 87.98 प्रतिशत छात्र उत्तीर्ण हुये हैं। वहीं दसवीं की परीक्षा में 93.60 प्रतिशत छात्र सफल हुये हैं। इस बार सीबीएसई सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को मेरिट प्रमाण पत्र जारी करेगा। ऐसे छात्रों को उनका सीबीएसई मेरिट सर्टिफिकेट उनके डिजिलॉकर अकाउंट में मिल जायेगा। इस वर्ष दसवीं की परीक्षा में कुल 22,38,827 छात्र शामिल हुये थे, जिनमें से 20,95,467 छात्र उत्तीर्ण हुये हैं। सफल हुये छात्रों का प्रतिशत 93.60 प्रतिशत रहा है, जो पिछले साल से 0.48 प्रतिशत अधिक है। वहीं, इस बार बारहवीं में 87.98 प्रतिशत छात्र सफल हुये हैं। पिछले वर्ष की तुलना में इस साल 0.65 प्रतिशत अधिक छात्र सफल हुये हैं। लड़कों की तुलना में लड़कियों के उत्तीर्ण होने का प्रतिशत 6.40 प्रतिशत अधिक है।

चार जून को चौंकाने वाले परिणाम आएंगे : गहलोत

एजेंसी अमेठी
www.dailypioneer.com



लोकसभा चुनाव में इंडिया समूह की जीत का दावा करते हुये राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री एवं अमेठी लोकसभा क्षेत्र के वरिष्ठ पर्यवेक्षक अशोक गहलोत ने सोमवार को कहा कि चार जून को होने वाली मतगणना में अप्रत्याशित परिणाम आयेंगे।
अमेठी-गौरीगंज के कांग्रेस मुख्यालय में कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के विधान सभा व ब्लॉक स्तरीय प्रभारियों की उच्च स्तरीय संयुक्त बैठक को संबोधित करते हुये उन्होने कहा कि जनता देश में इंडिया गठबंधन की सरकार बनाने का मन बना चुकी है और चार जून को अप्रत्याशित परिणाम आने वाले हैं। उन्होंने इस लोकसभा चुनाव को लोकतंत्र व संविधान को बचाने वाला गंभीर चुनाव बताते हुए कहा कि जनता का मोह प्रधानमंत्री मोदी से ख़त्म हो गया है और वे भ्रम व भावनाओं से ऊपर उठ कर भविष्य की तश्वीर सामने रख कर मतदान करने का मन बना चुके हैं। गहलोत ने कहा कि यह सुखद संयोग है कि उतर प्रदेश में कांग्रेस और समाजवादी पार्टी समन्वय व एक जुटता से चुनाव लड़ रही है। उन्होंने कांग्रेस व राहुल गांधी की गारंटियों को खुशहाल भारत के नव निर्माण का संकल्प बताते हुए कहा कि इंडिया गठबंधन की सरकार बनते ही बेरोज़गारी मिटाने व किसान मज़दूर को उनका हक़ देने का साथ विकास की योजनाओं को नये सिरे से गति प्रदान की जायेगी। कांग्रेस नेता ने 41 साल पहले पूर्व प्रधानमत्री राजीव गांधी के पहले चुनाव से अमेठी से गहरे संबंधों का उल्लेख करते हुए कहा कि अमेठी में जो भी विकास दिख रहा है वो गांधी परिवार की ही देन है।
गहलोत ने अमेठी हैलीपैड पर कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी से चुनाव संबंधित आवश्यक चर्चा की एवं अमेठी की वर्तमान स्थिति के बारे में जानकारी दी।

सिंधी साहित्य सभा का कार्यक्रम 19 मई को इंदौर में

भोपाल। अखिल भारत सिंधी बोली साहित्य सभा नई दिल्ली का वार्षिक समारोह इस बार इंदौर में होगा। यह कार्यक्रम 19 मई को होने जा रहा है। इंदौर की सिंधु मुहिंजी जीजल संस्था के सहयोग से कार्यक्रम होगा। इस अवसर पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी होगी। साहित्य, रंगमंच, चित्रकला के क्षेत्र में अमूल्य योगदान देने वाली सिंधी भाषी विभूतियों को सम्मानित किया जाएगा। सभा की राष्ट्रीय महासचिव अंजली तुलसियानी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह निरंतर दूसरा वर्ष है जब कार्यक्रम मध्यप्रदेश में हो रहा है। सभा ने गत 29 अक्टूबर 2023 को भोपाल के सिंधू भवन में वार्षिक समारोह आयोजित किया था, जिसमें देश की आठ विभिन्न क्षेत्रों की सिंधी प्रतिभाओं को विशेष सम्मान प्रदान किए गए थे। साथ ही नाटक मंचन भी हुआ था। इंदौर में भी इस वर्ष पुरस्कार समारोह के साथ सिंधी लोक कला कथा गायन परम्परा 'भगत' के प्रदर्शन के साथ सिंधी नाटक 'मोबाइल की मार' का मंचन नमोश तलरेजा और विनीता मोटलानी ड्रामा टीम द्वारा किया जाएगा।

प्रभात राय का निधन, कला जगत के लिए अपूरणीय क्षति : यादव

भोपाल। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने ग्वालियर के सुप्रसिद्ध मूर्तिकार प्रभात राय के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि प्रभात राय का निधन कला जगत के लिए अपूरणीय क्षति है। डॉ यादव ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट किया कि ग्वालियर के सुप्रसिद्ध मूर्तिकार प्रभात राय जी का निधन कला जगत के लिए अपूरणीय क्षति है। इंदौर के पितरेश्वर धाम पर विराजित हनुमान जी की प्रतिमा तथा भोपाल में राजा भोज व रानी कमलापति एवं अयोध्या में नवनिर्मित महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट पर स्थापित महर्षि वाल्मीकि जी की प्रतिमाएं, उनकी अनुपम कलाकृतियाँ हैं।

सीएम यादव ने किया मतदान

उज्जैन। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के तहत उज्जैन संसदीय क्षेत्र में अपने मताधिकार का उपयोग किया। डॉ यादव अपने परिवार के साथ स्थानीय फ्रीगंज स्थित मतदान केंद्र पहुंचे और मतदान किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि उनकी परंपरा है कि वे भगवान का आशीर्वाद लेकर मतदान करते हैं, इसी क्रम में आज भी भगवान के दर्शन करके वोट डालने आए हैं। उन्होंने कहा कि इस बार के चुनाव में उज्जैन समेत समूचे मध्यप्रदेश में रिकॉर्ड बनेगा और राज्य की सभी सीटें भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में जाएंगी। उन्होंने कहा कि मतदान प्रतिशत बढ़ेगा और प्रत्याशी की जीत भी बड़ी होगी।

बेईमानी के बावजूद भाजपा की हार तय : अखिलेश यादव

एजेंसी कन्नौज
www.dailypioneer.com

समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सोमवार कहा कि भारतीय जनता पार्टी की बेईमानी के बावजूद चुनाव अच्छा चल रहा है और चार जून को भाजपा की विदाई तय है। कन्नौज के एक पोलिंग बूथ पर पहुंचे यादव ने दावा किया कि सपा और इंडिया गठबंधन चुनाव जीत रहा है। उन्होने कहा कई बूथों की शिकायतें आ रही थीं, इसीलिए हमें मजबूरी में आना पड़ा। हमारे आते ही भाजपा के गुण्डे भाग गये। भाजपा की बेइमानी के बाद भी चुनाव अच्छा चल रहा है। उन्होने कहा भाजपा नेताओं की बाते कोई नहीं सुनना चाहता है। कन्नौज में सुबह से ही भाजपा के गुण्डे गड़बड़ी कर रहे थे। इस चुनाव में भाजपा की विदाई तय है। भाजपा नेताओं के घिसेपिटे भाषण अब कोई नहीं सुन रहा है। जनता ने भाजपा की नकारात्मक राजनीति को नकार दिया है। भाजपा खुद अपने खोदे हुए गड्ढ़े में गिर गयी है। सपा अध्यक्ष ने कहा वोटर को वोट डालने से रोकना अपराध हैं। कोई भी जनता के वोट डालने के रास्ते में न आए। वोट डालना हर व्यक्ति का संवैधानिक अधिकार है। भाजपा सत्ता का दुरुपयोग करके लोगों को वोट डालने से रोकने का जो षड्यंत्र कर रही है, उसके बारे में जनता को पता चल गया है।

भाजपाई असामाजिक तत्व की तरह हिंसा पर उतारू हैं। यादव ने कहा कि सपा समर्थक लोकसभा चुनाव के हर चरण में हर जुल्म और हिंसा का मुकाबला करके भी अपना वोट डालेंगे। भाजपा के चुनावी घपलों की पोल खुल चुकी है, और भाजपा के अंदर आपस में ही आरोप-प्रत्यारोपण का दौर शुरू हो चुका है। भाजपा चुनाव बुरी तरह हार रही है।

कृषि विश्वविद्यालय जोबनेर का षष्ठम् दीक्षान्त समारोह बुधवार को होगा आयोजित

एजेंसी जयपुर
www.dailypioneer.com

राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र की अध्यक्षता में बुधवार को कर्ण नरेंद्र कृषि विश्वविद्यालय जोबनेर के षष्ठम दीक्षांत समारोह आयोजित किया जायेगा। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ बलराज सिंह ने प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि दीक्षांत समारोह में पंजाब कृषि विश्वविद्यालय लुधियाना के पूर्व कुलपति एवं पद्मश्री प्रो बलदेव सिंह ढिल्लों विशिष्ट अतिथि होंगे। डा सिंह ने बताया कि इस अवसर पर राज्यपाल द्वारा संविधान की उद्देशिका और मूल कर्तव्यों का वाचन कराया जायेगा। उन्होंने बताया कि कुलाधिपति मिश्र द्वारा क्रमशः पंचवर्षीय समेकित पाठ्यक्रम की स्नातक, स्नातकोत्तर एवं विद्यावचास्पति के 1218 उपाधि धारकों को दीक्षा प्रदान की जाएगी एवं सात होनहारों को स्वर्ण पदक भी प्रदान किए जाएंगे जिनमें चार स्वर्ण पदक की हकदार बेटियां होंगी। जिसमें स्नातक की 1106 एवं कृषि व्यवसाय में एमबीए में एक और स्नातकोत्तर की 79 एवं विद्यावचास्पति की 32 डिग्रीयां प्रदान की जाएगी। इसके साथ ही कृषि विश्वविद्यालय जोबनेर के सात होनहारों को स्वर्ण पदक जिसमें स्नातक स्तर पर एक, स्नातकोत्तर स्तर पर चार व विद्यावचास्पति स्तर पर दो जिसमें एक चांसलर एवं एक वाइस चांसलर गोल्ड मेडल सम्मिलित है। डॉ सिंह ने बताया कि कुलाधिपति द्वारा पद्मश्री प्रो. ढिल्लों को मानद डिग्री प्रदान की जाएगी।

उप्र के पाकेटमार गिरोह के चार सदस्य गिरफ्तार

नैनीताल। उत्तराखंड के हल्द्वानी में पुलिस ने एक अंतरराज्यीय पाकेटमार गिरोह का भंडाफोड़ कर उसके चार सदस्यों को गिरफ्तार किया है। नैनीताल के पुलिस अधीक्षक पीएन मीणा के अनुसार दिल्ली और मेरठ से हल्द्वानी आने वाली बसों में कुछ समय से चोरी की घटनायें सामने आ रही थीं। विगत 12 मई को मुरादाबाद से हल्द्वानी आते समय मुकेश कुमार सक्सेना का पर्स चोरी हो गया। पीड़ित ने इस मामले में हल्द्वानी पुलिस को तहरीर सौंपी। मीणा की ओर से घटना का खुलासा करने के लिये कोतवाल उमेश मलिक की अगुवाई में एक पुलिस टीम का गठन किया गया। टीम ने हल्द्वानी बस अड्डा और उसके आसपास के विभिन्न सीसीटीवी कैमरों को खंगाला। इससे पुलिस को कुछ सफलता हाथ लगी और कुछ संदिग्धों के बारे में जानकारी मिली। इसी आधार पर पुलिस ने अंतर्राज्यीय पाकेटमार गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया।

भाजपा ने किसानों को संघर्ष करने पर मजबूर किया : हरीश चौधरी

एजेंसी अमृतसर
www.dailypioneer.com

पंजाब के अमृतसर से कांग्रेस के लोकसभा उम्मीदवार गुरजीत सिंह औजला ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इस अवसर पर उनके साथ कांग्रेस के पूर्व सचिव और पंजाब के स्पेशल निरिक्षक हरीश चौधरी और पूर्व उप मुख्यमंत्री ओ पी सोनी मौजूद रहे। इस अवसर पर हरीश चौधरी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने अग्निवीर जैसी योजनायें देकर जवानों को निराश किया है और किसानों को संघर्ष करने पर मजबूर किया है। इसके साथ ही लगातार बढ़ती नशे की लत भी किसानों और जवानों की जान ले रही है। किसान अपने हक के लिए लगातार संघर्ष कर रहे हैं, लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक बार भी उनका हाल जानना जरूरी नहीं समझा। चौधरी ने कहा कि केन्द्र सरकार 2024 तक किसानों की आय दोगुनी करने के अपने वादे में भी विफल रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार आने पर स्वामी नाथन की सिफ ारिशों के अनुसार हर फसल पर न्यूनतम समर्थन मूल्य बढ़ाया जायेगा। अग्निवीर योजना बंद कर सेना में नियमित भर्ती की जायेगी। परिवार की एक गरीब लड़की को एक लाख रुपये दिये जायेंगे। पचास प्रतिशत नौकरियां महिलाओं के लिये आरक्षित होंगी। उन्होंने कहा कि किसी भी अस्पताल में इलाज कराओगे तो 25 लाख रुपये का बीमा होगा। उन्होंने कहा कि इस समय देश के संविधान को बचाने और देश को जीत दिलाने के लिये कांग्रेस को जीत दिलाना बहुत जरूरी है। औजला ने कहा कि गुरु नगरी उनका अपना शहर है और उनके शहर के लिये काम करते रहना उनका फर्ज है। कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी दविंदर यादव ने कहा कि इस समय देश में माहौल कांग्रेस के पक्ष में है। लोग भाजपा के अत्याचार से परेशान हैं और देश को वही प्रगति देना चाहते हैं जो आजादी के बाद कांग्रेस पार्टी के शासन में मिली थी।

बुलेरो वाहन पलटा, 3 बाराती मृत, 5 घायल

सिवनी। मध्यप्रदेश के सिवनी जिले में आज दूल्हा व दुल्हन को लेकर लौट रहा बारातियों से भरा वाहन के अनियंत्रित होकर पलट जाने से उसमें सवार तीन बारातियों की मौत हो गयी और पांच लोग घायल हुए है। पुलिस सूतों ने बताया कि लखनादौन विकासखंड अंतर्गत आदेगांव थाना क्षेत्र में ग्राम हिनोतिया के पास दूल्हा व दुल्हन को लेकर लौट रहा बारातियों से भरा एक बोलेरो वाहन पलटने से 3 लोगों की मौत हो गई तथा 5 लोग घायल हैं। गंभीर रूप घायल दूल्हा को जबलपुर मेडीकल कालेज रिफर कर दिया गया है वहीं दुल्हन को उपचार उपरांत डिस्चार्ज कर दिया गया है। पुलिस के अनुसार सुबह बुलेरो वाहन में बारात घंसौर थाना क्षेत्र के ग्राम लालपुर से लौटकर आदेगांव थाना क्षेत्र के हिनोतिया गांव आ रही थी। इसी दरम्यान ग्राम हिनोतिया के पास ही बारातियों से भरी बुलेरो वाहन अनियंत्रित होकर पलट गई। वाहन में 8 लोग सवार थे। घटना के बाद सभी को लखनादौन सिविल अस्पताल पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने तीन लोगों को मृत घोषित कर दिया। मृतकों में अनुराधा उइके (13), धीरुलाल (56), मुकेश धुर्वे (26) के नाम शामिल हैं। पुलिस ने तीनों मृतकों के शवों का पोस्टमार्टम कराया जाकर परिजनों को सौंप दिया है तथा इस प्रकरण में आदेगांव पुलिस जांच कर रही है।

जालंधर में रिश्वत लेते सहायक उप निरीक्षक गिरफ्तार

जालंधर। पंजाब सतर्कता विभाग ने सोमवार को जालंधर जिले के थाना फिल्लौर में तैनात सहायक सब इंस्पेक्टर हरभजन लाल को 10 हजार रुपये रिश्वत लेते हुये रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। विजीलेंस ब्यूरो के प्रवक्त ा ने बताया कि उक्त पुलिस कर्मचारी को शिन्दू निवासी गाँव नंगल, तहसील फिल्लौर, जालंधर जिले की शिकायत के आधार पर गिरफ़्तार किया गया है। उन्होंने कहा कि उक्त शिकायतकर्ता ने विजीलेंस ब्यूरो को बताया कि उसके लड़के के ख़िलाफ़दर्ज पुलिस केस की जांच के दौरान मामले में से नाम निकालने के बदले उप निरीक्षक ने उससे एक लाख रुपये रिश्वत की माँग की थी, लेकिन सौदा 50 हजार रुपये में तय हुआ। उसने बताया कि इस सम्बन्ध में आरोपी पहले ही 10 हजार रुपये ले चुका है। प्रवक्त ा ने बताया कि इस शिकायत की प्राथमिक जांच के उपरांत विजीलेंस ब्यूरो की टीम ने जाल बिछा कर उक्त ए. एस. आई. को दो सरकारी गवाहों की हाज़िरी में शिकायतकर्ता से रिश्वत की किश्त के तौर पर दस हजार रुपये लेते हुये रंगे हाथों काबू कर लिया। उन्होंने बताया कि इस सम्बन्ध में आरोपी के ख़िलाफ़थाना विजीलेंस ब्यूरो, जालंधर रेंज में भ्रष्टाचार रोकथाम कानून के अंतर्गत मुकदमा दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि आरोपी को कल अदालत में पेश किया जायेगा और इस मामले की आगे जांच जारी है।

कैलाश विजयवर्गीय और तुलसीराम सिलावट ने परिवार सहित किया मतदान

इंदौर। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं मध्यप्रदेश सरकार में मंत्री कैलाश विजयवर्गी और तुलसीराम सिलावट ने परिवार सहित मतदान किया। विजयवर्गीय ने सोशल मीडिया एक्स पर मतदान करने का फोटो पोस्ट किया और कहा कि जनता जनार्दन के बीच इंदौर में पत्नी आशा विजयवर्गीय, पुत्र एवं पूर्व विधायक आकाश विजयवर्गीय और परिवार के सभी सदस्यों के साथ मतदान कर अपनी नैतिक जिम्मेदारी का निर्वहन किया। उन्होंने कहा कि मतदान हमारा परम कर्तव्य है। मेरा सभी मतदाताओं से आग्रह है कि सशक्त, समृद्ध और शक्तिशाली राष्ट्र के निर्माण के लिए मतदान अवश्य करें। बढ़-चढ़कर लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी भागीदारी करें। सिलावट ने एक्स पर मतदान का फोटो पोस्ट करते हुए कहा कि आज लोकतंत्र के महापर्व में भाग लेकर देश की समृद्धि, विकास और प्रगति के लिए परिवारजनों के साथ मतदान किया। आप सभी से मेरा करबद्ध निवेदन है कि लोकतंत्र के प्रति निष्ठावान होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करते हुए राष्ट्रहित में मतदान अवश्य करें।

हिमाचल में गहरी खाई में गिरी कार, युवक की मौत, चार घायल

वार्ता शिमला
www.dailypioneer.com

हिमाचल प्रदेश के सिरमौर जिले के उपमंडल शिलाई के अंतर्गत कांटी मश्वा क्षेत्र में एक क्रेटा गाड़ी गहरी खाई में गिर गई। हादसे में एक युवक की मौत हो गई तथा चार अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। घायलों को उपचार के लिए सिविल अस्पताल पांवटा साहिब लाया गया।
जानकारी के मुताबिक चारों युवकों को हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। हादसा रविवार देर शाम सतौन के कांटी मष्वा सड़क मार्ग पर हुआ है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पांवटा साहिब से पांच युवक गाड़ी में सवार होकर कांटी मश्वा की तरफघूमने गए थे। शाम के वक्त लौटते समय राजबन पुलिस चौकी के तहत कांटी मश्वा क्षेत्र में क्रेटा गाड़ी अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरी। हादसे के समय गाड़ी में अजय चौधरी (उम्र 22 साल) , मनीष कुमार (उम्र 29 साल), अनिश कुमार (उम्र 26 साल), सौरभ चौधरी (उम्र 22 साल) और प्रदीप कुमार (उम्र 28 साल) सवार थे। ये सभी युवक पांवटा साहिब के निवासी हैं। जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। सिविल अस्पताल पांवटा साहिब में डॉक्टरों ने जांच के बाद प्रदीप कुमार को मृत घोषित कर दिया। फिलहाल हादसे के कारणों की पुलिस जांच कर रही है। पांवटा साहिब की पुलिस उपाधीक्षक अदिति सिंह ने हादसे की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि इस दुर्घटना को लेकर केस दर्ज कर पुलिस हादसे के कारणों की जांच कर रही है।

डॉ पातर के सम्मान में पंजाब सरकार 'पातर पुरस्कार' शुरू करेगी : मान

लुधियाना। प्रसिद्ध कवि डॉ सुरजीत सिंह पातर का लुधियाना में सोमवार को पूरे राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान सुरजीत पातर की शव यात्रा में शामिल हुये और उनकी अर्थी को कंधा दिया। डॉ. पातर के परिवार के साथ अपनी संवेदनायें साझा करते हुये मान ने घोषणा की कि डॉ पातर के सम्मान में पंजाब सरकार राज्य में 'पातर पुरस्कार' शुरू करेगी। उन्होंने कहा कि पंजाबी कवि एवं साहित्यकार सुरजीत पातर की स्मृति में पंजाब सरकार द्वारा हर वर्ष उभरते कवियों को यह पुरस्कार और एक लाख रुपये दिये जायेंगे। मान ने कहा कि यह पुरस्कार आठवीं कक्षा से लेकर स्नातक स्तर तक के विद्यार्थियों के लिये होगा। 'पातर पुरस्कार' के लिये एक पैनल बनाया जायेगा। इसमें साहित्यकार शामिल होंगे और उभरते हुये कवि इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे। इसके अलावा स्नातक स्तर के विद्यार्थियों के लिये एक प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जायेगा। मान ने कहा कि डॉ पातर कहते थे कि पंजाबी भाषा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का हिस्सा नहीं है। हम अपनी मातृभाषा को हर क्षेत्र में आगे ले जाने की हर संभव कोशिश करेंगे।

ऑक्सीजन प्लांट में विस्फोट, एक मजदूर की मौत दूसरा घायल

एजेंसी बाराबंकी
www.dailypioneer.com

उत्तर प्रदेश के बाराबंकी में एक ऑक्सीजन गैस प्लांट में सोमवार को विस्फोट होने से वहां काम कर रहे एक मजदूर की मौत हो गई जबकि दूसरा बुरी तरह जख्मी हो गया।
पुलिस सूत्रों के अनुसार थाना कोतवाली नगर अंतर्गत सफेदाबाद के निकट ऑक्सीजन प्लांट पर सिलिंडर की रिफिलिंग होती है। रोज की तरह आज दोपहर भी काम चल रहा था। इस दौरान प्लांट में अचानक तेज विस्फोट हुआ जिससे आसपास के लोग दहल गए। स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे तो प्लांट का टीन शेड उड़ चुका था। मलबा कई सौ मीटर की दूरी तक बिखरा था। प्लांट में काम करने वाले मजदूर मनेरा गांव निवासी लालजी विस्फोट की चपेट में आया और उसकी मौके पर ही मौत हो गयी जबकि दूसरा घायल हो गया । घायल मजदूर को स्थानीय चिकित्सालय भेजा गया है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और फायर ब्रिगेड के जवान मौके पर पहुंचे। पुलिस ने बताया कि बचाव कार्य किया जा रहा है।

भाजपा की शिकायत पर देवास में पीठासीन अधिकारी सस्पेंड

भोपाल। भारतीय जनता पार्टी के यहां स्थित प्रदेश कार्यालय में स्थापित वार रूम द्वारा देवास के एक मतदान केंद्र के एक पीठासीन अधिकारी की शिकायत मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी से की गई थी। इस शिकायत के आधार पर पीठासीन अधिकारी को सस्पेंड कर दिया गया है। प्रदेश भाजपा की ओर से यहां मुहैया करायी गयी जानकारी के अनुसार प्रदेश में लोकसभा चुनाव के चौथे चरण का मतदान 8 लोकसभा सीटों पर चल रहा है। भाजपा के प्रदेश कार्यालय में चुनाव के मद्देनजर वॉर रूम बनाया गया है। वॉर रूम में देवास से जानकारी मिली कि केंद्रीय स्कूल स्थित बूथ क्रमांक 69 में मुस्लिम समाज की महिलाएं बिना बुर्का उठाए वोट कर रही हैं। फर्जीवाड़े की आशंका को लेकर पार्टी के कार्यकर्ताओं ने पहले स्थानीय प्रशासन से महिला कांस्टेबल को तैनात कर पहचान-पत्र से महिलाओं की पहचान बुर्का उठाकर करने की मांग की, लेकिन बार-बार शिकायत के बाद भी पीठासीन अधिकारी ने शिकायत को नजरअंदाज किया। इसके बाद प्रदेश कार्यालय के वॉर रूम से मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को सारी स्थिति से अवगत कराया गया। शिकायत के बाद मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने तत्काल कार्रवाई करते हुए पीठासीन अधिकारी को संस्पेड कर दिया।

हिमाचल के किन्नौर में बादल फटा, रोहतांग में हिमपात

वार्ता शिमला
www.dailypioneer.com

हिमाचल प्रदेश में मौसम के अजब रंग देखने को मिले। किन्नौर के छोटा कंबा के पास घरसू नाले में अचानक बादल फट गया। नाले का बहाव बढ़ गया। इन घटनाओं से लोग सतर्क हो गए। जान-माल के नुकसान की कोई सूचना नहीं है। हालांकि, एक जगह से नाले ने अपना रुख बदला और पहाड़ी से झरने की तरह सतलुज नदी में गिरने लगा। उधर, कांगड़ा, चंबा, कुल्लू और मंडी के अधिकतर इलाकों में झमाझम बारिश हुई। धर्मशाला में भी बारिश से मौसम ठंडा हो गया है। जिला लाहौल-स्पीति में मौसम का मिजाज बदला। 13,050 फीट ऊंचे रोहतांग दर्रा सहित ऊंची चोटियों पर हल्का हिमपात हुआ है। मई के दूसरे सप्ताह में भी ऊंची चोटियों पर हिमपात का सिलसिला रुक नहीं रहा है। उधर, धौलाधार की चोटियों पर भी हल्का हिमपात हुआ है। मनाली व लाहौल घूमने गए पर्यटकों ने ठंडे मौसम का खूब लुत्फ उठाया। जिला मुख्यालय कुल्लू में झमाझम बारिश और बंजार में ओले बरसे हैं। ओले गिरने से बागवानों और किसानों की चिंता बढ़ गई है। नाशपाती और सेब को नुकसान हुआ है। बंजार शहर के साथ पंचायत चौहणी, बलागाड़ में रविवार अपराह्न 1:52 बजे से 2:05 बजे तक ओले बरसे हैं। इससे पूर्व दो घंटे तक जमकर बादल बरसे हैं। बारिश से खेतों में कटी हुई गेहूं की फसल भी भीग गई है। उधर, कांगड़ा के मुल्थान में बिजली परियोजना के पाइप में लीकेज के बाद मची तबाही के बाद अब बारिश ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। लोगों को और मलबा आने का खतरा बढ़ गया है। एसडीएम भावानगर बिमला ने बताया कि दोपहर के बाद अचानक घरसू नाले में बादल फटा है। किसी प्रकार के नुकसान की सूचना नहीं है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार सोमवार को प्रदेश के अधिकांश क्षेत्रों में बारिश, चोटियों पर बर्फबारी और ओलावृष्टि का 'येलो अलर्ट' जारी हुआ है। चौदह से 17 मई तक प्रदेश में मौसम शुष्क रहेगा और धूप खिलने का पूर्वानुमान है। आगामी 18 मई से प्रदेश के मध्य पर्वतीय और उच्च क्षेत्रों में फिर मौसम बिगड़ने के आसार जताए हैं।

नर्मदा नदी में डूबने से एक युवक की मौत

सीहोर। मध्यप्रदेश के सीहोर जिले के भेरुंदा क्षेत्र स्थित नर्मदा नदी के पेडीघाट नीलकंठ में एक युवक की नहाते समय डूबने से मृत्यु हो गयी है। पुलिस सूत्रों के अनुसार इंदौर जिले के मानपुर निवासी 24 वर्षीय लखन गुजरिया भैरुंदा के किसान मोहल्ला स्थित अपनी ससुराल में पत्नी और बच्चों के साथ आया था। कल परिवार के सभी लोग एकत्रित होकर नर्मदा तट नीलकंठ पहुंचे, जहां पूजा एवं तुलादान का कार्यक्रम होना था। परिवार के सभी लोग कार्यक्रम में व्यस्त थे। इसी दौरान लखन गुजरिया नहाने के लिए पेडीघाट नीलकंठ पहुंचा। नदी में उतरते ही वह सीधे गहरे पानी में चला गया। जिस समय यह हादसा घटित हुआ तब गांव के अन्य लोग वहां पर स्नान कर रहे थे। ग्रामीणों ने जब युवक को देखा कि वह पानी से बाहर नहीं निकला है, तो उसे ढूंढने की कोशिश की गयी। वह नदी में बने हुए गहरे गड्ढे के अंदर समा गया था।

वर्धमान-दुर्गापुर सीट के प्रतिद्वंद्वी कीर्ति आजाद और दिलीप घोष गले मिलते नजर आये

वार्ता कोलकाता
www.dailypioneer.com

पश्चिम बंगाल में वर्धमान-दुर्गापुर संसदीय सीट पर प्रतिद्वंद्वी उम्मीदवार तृणमूल कांग्रेस के कीर्ति आजाद और भारतीय जनता पार्टी के दिलीप घोष चौथे चरण के चुनाव के दौरान अपने मतदान केंद्रों पर निगरानी के बीच एक-दूसरे से हाथ मिलाते और गले मिलते नजर आये। इस मौके पर श्री घोष ने कहा, आजाद भले ही क्रिकेट वर्ल्ड कप खेलें हैं, लेकिन उन्होंने मेरा सामना नहीं किया है। इस बार हम पूर्व क्रिकेटर को हरायेंगे और इस सीट से बंगाल में भाजपा के लिए जीत की शुरुआत करेंगे।

उन्होंने आरोप लगाया कि मोंटेसरी में उनके सुरक्षा काफिले पर हमला किया गया, जिससे उनकी कार के शीशे क्षतिग्रस्त हो गये। तृणमूल कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सड़क पर लेटकर आवाजाही को अवरुद्ध कर दिया। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा 'जय बंगला' के नारे लगाने के बावजूद पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। इस बीच तृणमूल कांग्रेस ने भाजपा पर 'गुंडागिरी' में संलिप्त होने का आरोप लगाया है। पार्टी ने एक्स पर अपने पोस्ट में कहा, चरण 3- भाजपा उम्मीदवार धनंजय घोष ने फिर से शीतलकुची नरसंहार की धमकी दी। चरण 4- भाजपा उम्मीदवार दिलीप घोष ने शीतलकुची मॉडल अपनाया और केंद्रीय बलों द्वारा लाठीचार्ज सुनिश्चित किया। क्या चुनाव के दिनों में हिंसा भाजपा की एकमात्र रणनीति है। क्या बंगला विरोधी भाजपा की नजर में यहां जीवन का कोई मूल्य नहीं है?

माओवादी विरोधी अभियान के दौरान मुतवेंडी पीड़िया के जंगलों से 14 माओवादी गिरफ्तार

कब्जे से विस्फोटक, प्रतिबंधित भाकपा माओवादी संगठन के प्रचार-प्रसार की सामग्री बरामद

पायनियर संवाददाता ➤ बीजापुर
www.dailypioneer.com

जिले में चलाये जा रहे माओवादी विरोधी अभियान के दौरान 12 मई को डीआरजी बीजापुर एवं थाना गंगालूर की टीम माओवादी विरोधी अभियान पर मुतवेंडी-पीड़िया की ओर निकली थी।

अभियान से वापसी के दौरान पुलिस पार्टी द्वारा पीड़िया - मुतवेंडी के मध्य जंगल से विस्फोटक एवं भाकपा माओवादी संगठन के प्रचार प्रसार की सामग्री के साथ 14 माओवादियों को पकड़ा गया । पूछताछ पर अपना नाम रेनु कोवासी, मिलिट्री कंपनी नम्बर 02, पीपीसीएम, ईनाम 08.00 लाख, मंगली अवलम, गंगालूर एरिया कमेटी, एसीएम, ईनाम 08.00 लाख, बिच्चेम उईका, गंगालूर एरिया कमेटी, एसीएम, ईनाम 05.00 लाख, शर्मिला कुरसम, गंगालूर एरिया कमेटी सदस्या, ईनाम 05.00 लाख, लक्ष्मी ताती, गंगालूर एरिया कमेटी सदस्या, ईनाम 05.00 लाख, बबीता हेमला, मिलिट्री कंपनी नम्बर 02, पीएम, ईनाम 02.00 लाख, सावित्री पूनेम, मिलिट्री कंपनी नम्बर 02, पीएम, ईनाम 02.00 लाख, मैनू ओयाम ऊर्फ लच्छु, डिविजन टेलर टीम, पीएम, ईनाम 02.00 लाख, पायकी माड्वी, मिलिट्री कंपनी नम्बर 02, सदस्य , 02.00 लाख, टोकलू माड़वी, गंगालूर एलओएस सदस्य, ईनाम 01.00 लाख,. सन्नू लेकाम, DAKMS अध्यक्ष पीड़िया, ईनाम 01.00 लाख बिच्चेम कुंजाम, मिलिशिया प्लाटून सदस्य (RPC कोरचोली), लखू पूनेम, जीआरडी कमांडर (इतावर), पाण्डू मुचाकी, भूमकाल मिलिशिया डिप्टी कमांडर, पीड़िया, पकड़े गये माओवादी मिलिट्री कंपनी नम्बर 02 एवं गंगालूर एरिया कमेटी के अंतर्गत सक्रिय होकर कार्यरत है। माओवादियों से बारीकी से पूछताछ कर मार्ग में ढ्ढश्वष्ठ प्लांट करने के लिये छुपाये गये 04 नग टिफीन बम, 02 नग कुकर बम, डेटोनेटर, कार्डेक्स वायर, जिलेटीन स्टीक एवं प्रतिबंधित भाकपा माओवादी संगठन के प्रचार प्रसार की सामग्री, गैती, फावड़ा, सब्बल, पटाखा बरामद किया गया। माओवादियों के द्वारा पुलिस पार्टी को बड़ा नुकसान पहुचाने की नीयत से पीड़िया - मुतवेंडी मार्ग पर IED प्लांट करने की योजना थी। पकड़े गये माओवादियों के विरूद्ध थाना गंगालूर में वैधानिक कार्यवाही उपरान्त न्यायिक रिमाण्ड पर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है।

महिला व बाल विकास व पुलिस विभाग के संयुक्त प्रयास से रोका गया बाल विवाह

पायनियर संवाददाता ➤ जगदलपुर
www.dailypioneer.com

बाल विवाह की सूचना प्राप्त होते ही कलेक्टर विजय दयाराम के निर्देशानुसार जिला बाल संरक्षण अधिकारी विजय शंकर शर्मा के नेतृत्व में एक टीम रविवार रात नानगुर ब्लॉक के ग्राम पंचायत छोटे कवाली में बालिका के घर पहुंची जहां पर हर पहलू से जानकारी देते हुए महिला व बाल विकास विभाग और पुलिस विभाग के संयुक्त प्रयास से बाल विवाह रोका गया। जिला बाल संरक्षण अधिकारी विजय शंकर शर्मा ने बताया कि कुछ दिनों पहले ग्राम पंचायत छोटे कवाली में एक परिवार की 16 वर्ष की बालिका का विवाह निर्धारित था। टीम द्वारा लड़की की आयु सत्यापन संबंधी दस्तावेज की जांच की गई जिसमें लड़की की उम्र का कम होने पर बालिका के अन्य दस्तावेज की भी जांच की गई, जिसमें बालिका की उम्र 16 वर्ष पाई गई। अधिकारी कर्मचारी द्वारा बालिका व उसके माता-पिता व स्थानीय लोगों को बाल विवाह के दुष्परिणामों के बारे में बताया। इसके साथ ही 18 वर्ष पूर्ण होने के बाद विवाह करने की समझाईश के बाद सभी की सहमति से विवाह रोका गया।

2 माओवादियों ने किया आत्मसमर्पण

पायनियर संवाददाता ➤ दंतेवाड़ा
www.dailypioneer.com

भैरमगढ़ एरिया कमेटी में प्रतिबंधित संगठन के 2 माओवादियों बेचापाल पंचायत डीएकेएमएस सदस्य मोतीराम कुंजाम पिता स्व बोदा कुंजाम व बेचापाल पंचायत सीएनएम सदस्य राजेश ओयाम पिता सुक्कू ओयाम ने सोमवार को डीआरजी कार्यालय दन्तेवाड़ा में आत्मसमर्पण किया।

उपरोक्त माओवादियों को आत्मसमर्पण कराने में 231वीं वाहिनी सीआरपीएफ का विशेष योगदान रहा। पुलिस अधीक्षक दन्तेवाड़ा द्वारा आत्मसमर्पित माओवादियों को छत्तीसगढ़ शासन द्वारा पुनर्वास योजना के तहत् 25-25 हजार रूपये प्रोत्साहन राषि एवं पुनर्वास योजना के तहत मिलने वाले सभी प्रकार के लाभ प्रदाय कराया जायेगा। लोन वर्राटू अभियान के तहत् अब तक 180 इनामी माओवादी सहित कुल 801 माओवादियों ने आत्मसमर्पण कर समाज के मुख्यधारा में जुड़ चुके हैं।

अक्षरा बारहवीं में मिले 82 अंक, पुलिस अधीक्षक टेबलेट भेंटकर किया सम्मान

पायनियर संवाददाता ➤ बीजापुर
www.dailypioneer.com

छ.ग. माध्यमिक शिक्षा मण्डल रायपुर द्वारा घोषित परीक्षा परिणाम में कक्षा बारहवी की छात्रा कुमारी अक्षरा चौहान ने 82.80 अंक के साथ जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया छात्रा बीजापुर में स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल में कामर्स की छात्रा है । छात्रा ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता एवं शिक्षको को दिया। पिता राकेश चौहान पुलिस विभाग में प्रधान आरक्षक के पद पर कार्यरत है, पुलिस अधीक्षक बीजापुर डॉ. जितेन्द्र कुमार यादव ने छात्रा की इस सफलता पर बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना कर भेट स्वरूप टेबलेट प्रदान किया , इस दौरान अतरिक्त पुलिस अधीक्षक बीजापुर चंद्रकांत गवर्ना, उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय तुलसी राम लेकम, उप पुलिस अधीक्षक गरिमा दादर उपस्तिथ थे।

कॉन्ट्रैक्टर संघ चुनाव-राजेन्द्र सक्सेना ने अध्यक्ष पद से नाम लिया वापस, विपुल को दिया समर्थन

पायनियर संवाददाता ➤ किरंदुल
www.dailypioneer.com

एनएमडीसी किरंदुल परियोजना के निर्माण कार्यों को निविदाओं के माध्यम से संपादित करने वाली एवं एनएमडीसी की किरंदुल परियोजना में सिविल विभाग में रजिस्टर्ड ठेकेदारों की संस्था किरंदुल कॉन्ट्रैक्टर वेलफेयर एसोसिएशन की द्विवार्षिक चुनाव हेतु वर्तमान समिति ने सदस्यों की उपस्थिति में आमसभा आयोजित करते हुए लेखाजोखा का हिसाब पटल पर रख दिया था। जिसके बाद सदस्यों की आम राय से चुनाव संचालन समिति का गठन किया गया। तत्पश्चात चुनाव संचालन समिति ने 22 मई को ठेकेदार संघ का द्विवार्षिक चुनाव करवाने का निर्णय लिया है । जिसमे 5 मई को उम्मीदवारों को नामांकन पत्र का वितरण किया गया। एवं 6 मई को नामांकन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि नियत की गई। एवं 12 मई को नाम वापसी की तिथि सूचना पटल पर रखी गई थी। जिसमें अध्यक्ष पद के लिए राजेन्द्र सक्सेना ,विपुल राय ,एवं अतुल सिंह ने नामांकन पत्र जमा किये थे एवं सचिव पद के लिए बबलू सिद्दीकी ने एवं हरिशंकर मुखर्जी ने नामांकन पत्र जमा किये थे। 12 मई को नाम वापसी के दिन अध्यक्ष पद के प्रबल दावेदार राजेन्द्र सक्सेना ने अध्यक्ष पद के दूसरे दावेदार एवं वरिष्ठ ठेकेदार विपुल राय को समर्थन देते अध्यक्ष पद से नाम वापस ले लिया। अब 22 मई को होने वाले चुनाव में अध्यक्ष पद के विपुल राय एवं अतुल सिंह तथा सचिव पद पर बबलू सिद्दीकी एवं हरिशंकर मुखर्जी के बीच मुकाबला देखने को मिलेगा। करीबन 90 सदस्यों वाले ठेकेदारों के संघ में आगामी दिनों में होने वाले चुनाव को लेकर सरगर्मियां तेज हो चली है।

बंधक 18 मजदूरों को छुड़ाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा गठित स्पेशल टीम रवाना हुई

जगदलपुर। जिले के नक्सल प्रभावित कोलेंग और मुंडागढ़ के बंधक 18 मजदूरों को छुड़ाने के लिए जिला प्रशासन ने स्पेशल टीम जिसमें तहसीलदार, लेबर इंस्पेक्टर, पुलिस के साथ दो महिलाएं भी शामिल है, का गठन कर रवाना कर दिया गया है। टीम में शामिल सदस्यों में तहसीलदार बास्तानार आशीष साहू, लेबर इंस्पेक्टर नमिता जॉन, दरभा थाना से भनुष जारी सिंह (एएसआई) और रेखा सिंह (आरक्षक) हैं, जिन्हे अन्य राज्यों में फंसे लोगों के रेस्क्यू करने की विशेषज्ञ है। टीम कर्नाटक के सिनदुर्गा जिले में फंसे 13 और तेलंगाना के हैदराबाद में फंसे 05 मजदूरों को ठेकेदारों के चुंगल से छुड़ाकर वापस बस्तर लेकर आएगी। डिप्टी कलेक्टर सुनील शर्मा ने बताया कि बस्तर के कोलेंग और मुंडागढ़ के मजदूर कर्नाटक के सिनदुर्गा और तेलंगाना के हैराबाद में अलग-अलग जगह फंसे हुए हैं। इसकी जानकारी के बाद एक टीम तैयार कर रवाना कर दी गई है। गठित टीम के सदस्य मजदूरों को उनके अधिकार के साथ छुड़ाकर लाएगी।

किरन्दुल तालाब का सौंदर्यीकरण एवं गहरीकरण कार्य करवाने एसडीएम को दी गई आवेदन

पायनियर संवाददाता ➤ किरंदुल
www.dailypioneer.com

किरन्दुल बंगाली कैम्प स्थित तालाब की सौंदर्यीकरण एवम गहरीकरण कार्य करवाने हेतु नगरपालिका परिषद द्वारा बड़े बचेली एसडीएम को लिखित में आवेदन प्रस्तुत की गई हैं। नगरपालिका अध्यक्ष मृणाल राय ने बताया कि किरन्दुल शहर के विभिन्न उत्सवों जैसे गणेश पूजा,दुर्गा पूजा, विश्वकर्मा पूजा की मूर्तियों का विसर्जन उक्त तालाब में होता हैं,साथ ही सभी धर्म एवम सम्प्रदाय के लोग विभिन्न कार्यों के लिए इसी तालाब पर निर्भर रहते हैं। जिसकी सौंदर्यीकरण एवम गहरीकरण की अतिआवश्यकता हैं। जिसके मद्देनजर एसडीएम से पत्राचार कर एनएमडीसी परियोजना को उक्त कार्य को पूर्ण करवाने हेतु निवेदन किया गया हैं।

शासकीय स्वामी आत्मानन्द उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय हरनगढ़ 10वीं एवं 12वीं में शतप्रतिशत परीक्षा परिणाम रहा

पायनियर संवाददाता ➤ पखांजूर
www.dailypioneer.com

पखांजूर वर्ष 2023-24 में 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा में स्वामी आत्मानन्द उत्कृष्ट विद्यालय हरनगढ़ में शतप्रतिशत रहा,लगभग विद्यर्थि प्रथम क्षेणी में पास हुए ऐसे भी विद्यर्थि है जो कि एक दो अंक के लिए 10वीं में टॉप टेन से चूक गए,कक्षा 10वीं में अनुराग चतुवेदी 96.67 प्रतिशत, चंदन तरफदार 96.67 प्रतिशत, वैभव पॉल 96.00 प्रतिशत, राहुल मंडल 95.83 प्रतिशत इसी प्रकार 10वीं में 65 विद्यर्थियों ने प्रथम श्रेणी में परीक्षा परिणाम रहा, 12वीं अंग्रेजी माध्यम विज्ञान में दिया भक्त 84.80 प्रतिशत, सुमित 82.20 प्रतिशत, विनय सिन्हा 83.20 प्रतिशत, वाणिज्य में पीयूष बोथरा 86.20 प्रतिशत, रंजन साहा 81.60 प्रतिशत, अनुज सरकार 77.00 प्रतिशत इसी 12वीं में प्रथम एवं द्वितीय श्रेणी में 33 विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम रहा, कक्षा 10वीं हिंदी माध्यम मोहिनी मंडल 89.00 प्रतिशत, संजना सरकार 84.33 प्रतिशत, सोहनी मंडल 82.00 प्रतिशत, इसी पर 32 विद्यर्थियों ने प्रथम एवं द्वितीय श्रेणी मे उत्तीर्ण हुए, स्वामी आत्मानन्द अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय के प्राचार्य श्यामल चंद्र दे,दीपशिखा साहू, सुस्मिता नाथ, उमा पाल, टींकू बागची, रितेश, रामेन्द्र निषाद, सुप्रिया रामटेके, आनंद दिप निकुंज, हेमा रानी सहारे, झुम्पा राय, मनोज मंडल, दुलेशरी नेताम, तानिया चक्रबर्ती, दिप चरण, सुनील कुमार निर्मल चंद्र आदि शिक्षक को ने सभी विद्यार्थियों को आशीर्वाद देते हुए उज्जल भविष्य की कामना किया।

न्यायालय तहसीलदार खरोरा जिला रायपुर (छ.ग.)

रा.प्र.क्र. 202401115000106/अ/6(अ)/2023-24
ग्राम-अमलीतालाब, प.ह.नं. 37

// ईश्तहार //

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक भुनेश्वर पिता टेटकू राम जाति सतनामी निवासी ग्राम देवगांव तह. खरोरा जिला रायपुर छ.ग. द्वारा अपने हक व स्वामित्व की भूमि ग्राम अमलीतालाब प.ह.नं. 37, रा.नि.मं. बंगोली तह. खरोरा जिला रायपुर छ.ग. स्थित भूमि ख.नं. 10/2, 62/1 शामिल 63/1, 104/1, 138/2, रकबा 0.199, 0.010, 0.200, 0. 141 हे. भूमि कुल खसरा 04 कुल रकबा 0.550 हे. भूमि ऋण पुस्तिका में दर्ज है। तथा आनलाईन रिकार्ड में ख.नं. 10/2, 62/1 शामिल 63/1, 104/1, 138/2, रकबा 0.632, 0.040, 0.434, 0. 510 हे. भूमि कुल खसरा 04 कुल रकबा 1.616 हे. दिखा रहा है, इस प्रकार 1.066 हे. भूमि ऑन रिकार्ड में अधिक दर्शित हो रहा है। आवेदक उक्त आवेदित भूमि ऋण पुस्तिका पी/243409 में दर्ज ख.नं. 10/2, 62/1 शामिल 63/1, 104/1, 138/2, रकबा 0.199, 0.010, 0.200, 0.141 हे. भूमि कुल खसरा 04 कुल रकबा 0.550 हे. भूमि के अनुसार राजस्व अभिलेख ऑनलाईन रिकार्ड में दुरूस्त किये जाने हेतु आवेदन अ.वि.अ. (रा.) तिल्दा-नेवरा के समक्ष प्रस्तुत किया है जो जांच कर प्रतिवेदन हेतु इस कार्यालय को प्राप्त हुआ है।

तत्संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को आपत्ति हो तों वे पेशी दिनांक 17/05/2024 को न्यायालयीन समय में मेरे समक्ष उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 10/04/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से ईश्तहार जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
खरोरा, जिला-रायपुर (छ.ग.)

वरिष्ठ नर्स जेतलिन तिग्गा तथा चैमन्ति का किया गया सम्मान

एनएमडीसी मुख्य अपोलो हॉस्पिटल बचेली में मनाया गया नर्सेस डे

पायनियर संवाददाता ➤ बचेली
www.dailypioneer.com

एनएमडीसी मुख्य अपोलो हॉस्पिटल बचेली में 12 मई को मातृ दिवस के अवसर पर अपोलो हॉस्पिटल के प्रांगण में महिला स्टाफ के द्वारा भव्य आयोजन किया गया, जिसमें वरिष्ठ नर्स जेतलिन तिग्गा तथा चैमन्ति को सम्मान किया गया। इस कार्यक्रम का प्रारंभ केक काट कर किया गया। इस कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए डा. अरविन्द पाड़े ने अपने शब्दों में माँ के प्रति अपना भाव लोगों के सामने प्रस्तुत किया। जिसके बाद सविता कुरैसी, जया, भाग्या, रंजुलता, शीला विश्वास के द्वारा भी अपने-अपने भाव लोगों के सामने प्रस्तुत किए। कार्यक्रम की शोभा बढ़ाते हुए निशा साहा के द्वारा गाना गया गया तथा सभी उपस्थित स्टाफ को उपहार स्वरुप भेंट किया गया। इस भव्य आयोजन के लिए सभी को बधाई दी गई तथा सभी अतिथियों व उपस्थित कर्मकारियों के लिये दोपहर का भोजन की भी व्यवस्था की गई थी। अंत में भाग्या के द्वारा उपस्थित सभी स्टाफ को धन्यवाद दिया गया। इस सफल आयोजन का मंच संचालन रंजुलता तथा भाग्या के द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से डा. अरविन्द पांडे, डा. श्यामली राय, डा. समिता, जेतलिन तिग्गा, चैमन्ति, सीमा यादव, शीला बिस्वास, शीना, गंगा, नीलमणि, अनिता, मोनिका, पुजा, रेवती, प्रभाती, मीना, नेहा, सविता, रमा, निशा, दिव्या, धनिया, जया कश्यप, निशा साहा, रुक्मणि, भाग्या, रंजुलता का विशेष योगदान रहा।

बचेली प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भी मनाया गया नर्सेस डे

बचेली। फ्लोरेंश नाइटेंगल के जन्म दिवस के अवसर पर अन्तर्राष्ट्रीय नर्सेस डे के रूप में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बचेली प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में सभी स्टाफ नर्सों व मैदानी आर एच ओ (नर्सों) द्वारा नर्सेस डे मनाया गया। सर्वप्रथम फ्लोरेंस नाइटिंगेल के छाया चित्र के समक्ष सभी नर्सों ने मोमबत्ती जलाकर उन्हें याद किया। तत्पश्चात हिना टंडन सीएचओ ने सभी नर्सों को अपने नर्सिंग सेवा के प्रति प्रतिज्ञा दिलाई। फिर केक काटकर नर्स दिवस की शुभकामनाएं सभी ने एक दूसरे को दी। इस अवसर पर स्टाफ नर्स संकरी मित्रा ने फ्लोरेंस नाइटिंगेल के जीवन पर प्रकाश डाला फिर आरएचओ शकुन शेंडे ने अपने कविता व गीत के द्वारा नर्सों के सेवा कार्य को बखूबी दर्शाया तत्पश्चात रंगारंग कार्यक्रम गीत संगीत नृत्य की प्रस्तुति सभी ने बढ़ चढ़कर दी। विदित हो कि फ्लोरेंस नाइटिंगेल का जन्म 1820 मे हुआ था और उन्होंने प्रथम विश्व युद्ध में घायल सैनिकों को सेवा प्रदान करते हुए नर्सेस प्रोफेशन की नींव रखी और विश्व को मानवता का संदेश दिया ।

कार्यालय नगर पंचायत शिवरीनारायण, जिला-जाँजगीर चाँपा (छ.ग.)

क्रमांक/148/राजस्व वि./न.प./2024 शिवरीनारायण, दिनांक 10/05/2024

// हक हस्तांतरण सूचना //

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि हक हस्तांतरण एवं कर निर्धारण के स्वामित्व में नाम परिवर्तन हेतु इस कार्यालय को निम्नानुसार आवेदन प्राप्त हुए हैं यदि किसी व्यक्ति को आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिनों के अंदर कार्यालय में अपनी आपत्ति साक्ष्य व प्रमाण के साथ प्रस्तुत कर सकते हैं समयावधि पश्चात् प्राप्त आपत्तियों पर विचार नहीं किया जावेगा तथा नामांतरण की कार्यवाही कार्यालय द्वारा की जावेगी।

क्र.	जिसके नाम पर संपत्ति है	जिसके नाम पर नामांतरण किया जाता है	संपत्ति का विवरण	मोहल्ला	नामांतरण का आधार
1.	श्री सुभाष वगै., सनत वगै. अनिल वगै. पिता पुनीराम केशरवानी सभी निवासी शिवरीनारायण	श्री अरविंद केशरवानी पिता स्व. श्री पुनीराम केशरवानी वार्ड 05 शिवरीनारायण	वार्ड 05 भोगहापारा शिवरीनारायण में स्थित पैतृक कच्चा मकान 25x45 स्थित है।	वार्ड 05 भोगहपारा शिवरीनारायण	नोटरी द्वारा

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत शिवरीनारायण
जिला-जांजगीर चाम्पा (छ.ग.)

कार्यपालन अभियंता ने करोड़ों रूपये के एकल निविदा को नियम विरूद्ध किया स्वीकृत

मामला-ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग कार्यालय धमतरी का

पायनियर संवाददाता धमतरी
www.dailypioneer.com

शासन द्वारा समूचे छत्तीसगढ़ में आमजनों के हितार्थ कार्य हेतु करोड़ों, अरबों रूपये की राशि आबंटित की जाती है। इस कार्य में एक नीति निर्धारण के तहत समयावधि का विशेष ध्यान दिये जाने का निर्देश भी दिया जाता है। ऐसी योजनाओं से सर्वहारा वर्ग को लाभ मिलता है, चाहे वह सड़क का मामला हो, भवन निर्माण का मामला हो, या अन्य निर्माण का मामला हो, इसे लेकर अधिकारियों द्वारा उसके क्रियान्वयन हेतु कार्य किया जाता रहा है। लेकिन धमतरी स्थित ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग कार्यपालन अभियंता के पद पर पदस्थ हरमोहन लाल चतुर्वेदी द्वारा करोड़ों रूपये की राशि से कार्यों के लिये प्राप्त एकल निविदा को नियम विरूद्ध स्वीकृत कर शासन को करोड़ों रूपये की राशि का नुकसान पहुंचाने का सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। इसे लेकर अधीक्षण अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग मंडल रायपुर द्वारा प्रमुख अभियंता को 15 फरवरी 2024 को प्रेषित किये गये पत्र में बताया गया है जिसके आधार पर प्रमुख अभियंता कार्यालय के पत्र क्रमांक 720/8186/तक./22/वि-3/ग्रायसे/2024 5.3.2024 को प्रेषित कर कार्यपालन अभियंता हरमोहन लाल चतुर्वेदी को सात दिवस के भीतर जवाब मांगा गया था। लेकिन अड़ियल अधिकारी ने उक्त पत्र का जवाब देना तक उचित नहीं समझा जिससे विभाग में हड़कंप मचा हुआ है।

मिली जानकारी के अनुसार पता चला है कि ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग अधीक्षण अभियंता ने दिनांक 15.2.2024 को प्रमुख अभियंता विकास आयुक्त कार्यालय रायपुर को पत्र प्रेषित कर कार्यपालन अभियंता धमतरी द्वारा करोड़ों रूपये के निर्माण कार्य के लिये प्राप्त एकल निविदा स्वीकृत कर अपने अधिकार क्षेत्र से बाहर जाकर शासन को करोड़ों रूपये का नुकसान पहुंचाये जाने का जो कार्य किया गया है जिसकी जानकारी उक्त पत्र में दी गई है। पत्र में 4 करोड़ 52 लाख 38 हजार 79 रूपये के एकल निविदा को स्वीकृत करने के अलावा किसी भी निविदा दस्तावेजों, लिफाफा, निविदा पंजी में तिथियुक्त हस्ताक्षर नहीं किया गया है जिससे निविदा खोलने की वास्तविक तिथि भी ज्ञात नहीं हो रहा है। कुल मिलाकर श्री चतुर्वेदी ने एक नया इतिहास रचकर ठेकेदारों को अनैतिक लाभ पहुंचाने का जो कृत्य किया है वह काफी गंभीर है। श्री चतुर्वेदी द्वारा जिन एकल निविदा को स्वीकृत किया गया है उनमें कार्य टेंडर क्रमांक 4 डब्ल्यूओ नं 863 दिनांक 18.5.23 के तहत शा प्रा शाला करका में 3 नग अतिरिक्त कक्ष विखं नगरी, टेंडर क्रमांक 4 डब्ल्यूओ नं 853 दिनांक 18.5.23 के तहत शा प्रा शाला चमेदा में 3 नग अतिरिक्त कक्ष विखं नगरी, एग्रीमेंट एमाउंट 2219776.00, इसी तरह शा प्रा शाला मासूलखोई 3 नग अतिरिक्त कक्ष निर्माण टेंडर नं 8 डब्ल्यूओ नं 1186 दिनांक 9.6.23 शा प्रा शाला गोरसानाला में 3 नग अतिरिक्त कक्ष विखं नगरी एग्रीमेंट एमाउंट 2217600.00, टेंडर नं 4 डब्ल्यूओ नं 851 दिनांक 18.5.23 शा प्रा शा गादुलाबाहरा में 3 अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य विखं नगरी एमाउंट 2239776.00, टेंडर नं 4 डब्ल्यूओ नं 927 दिनांक 22.5.23 शा प्रा शा अर्जुनी में 3 नग अतिरिक्त कक्ष विखं नगरी एमाउंट 2161600.00, टेंडर नं 4 डब्ल्यूओ नं 887 दिनांक 22.5.23 शा प्रा शा कोरमुडा में 3 नग अतिरिक्त कक्ष विखं नगरी एमाउंट 2005600.00, टेंडर नं 4 डब्ल्यूओ नं 873 दिनांक 18.5.23 शा प्रा शा बेलरबाहरा में 3 नग अतिरिक्त कक्ष विखं नगरी 2006002.00, टेंडर नं 4 डब्ल्यूओ नं 849 दिनांक 18.5.23 शा प्रा शा एकावरी में 3 नग अतिरिक्त कक्ष विखं नगरी 2239776.00, टेंडर नं 4 डब्ल्यूओ नं 897 दिनांक 22.5.23 शा प्रा शा बरबांधा में 3 नग अतिरिक्त कक्ष विखं नगरी 2128000.00, टेंडर नं 4 डब्ल्यूओ नं 1245 दिनांक 19.6.23 शा प्रा शा चर्रा में 3 नग अतिरिक्त कक्ष विखं नगरी 2014208.00, सहित 10 अन्य कार्य के लिये 4 करोड़ 52 लाख 38 हजार 79 रूपये स्वीकृत कर शासन को भयंकर हानि पहुंचाई है।

बताया जाता है कि कार्यपालन अभियंता चतुर्वेदी को उपरोक्त निविदा को एकल रूप में स्वीकृत करने का कोई अधिकार नहीं था। खबर तो यह भी है कि उक्त अधिकारी ने अपने कार्यकाल के दौरान रूद्री स्थित शासकीय कार्यालय में मानचित्रकार के पद पर पदस्थ एक कर्मी जो अपनी पति के नाम पर वर्तमान में इस विभाग में ठेकेदारी कर रहा है, उक्त ठेकेदार को कार्यपालन अभियंता द्वारा नियम विरूद्ध अनैतिक लाभ पहुंचाने की खबर है। यही नहीं उक्त कर्मी को लगभग ढाई से तीन करोड़ के निर्माण कार्यों का ठेका दिये जाने की खबर है। इस कार्य में कार्यपालन अभियंता कार्यालय का एक सहकर्मी भी उक्त ठेकेदार का पार्टनर है। पता चला है कि गुण नियंत्रण विभाग में पदस्थ अधिकारी जो कार्यपालन अभियंता के रिश्तेदार बताये जाते हैं, उनके द्वारा भी टेस्ट रिपोर्ट सहीं बनाये जाने के नाम पर लाखों रूपये की वसूली ठेकेदारों से नियम विरूद्ध इनके ही संरक्षण में किये जाने की खबर है। सूत्रों का यह भी कहना है कि किसी भी निर्माण कार्य की गुणवत्ता की जांच का जिम्मा गुण नियंत्रण विभाग को होता है और नियमतः उक्त टेस्ट रिपोर्ट 28 दिन बाद देने का प्रावधान है परंतु मिलीभगत के चलते यह रिपोर्ट 2 से 3 दिनों के भीतर दिये जाने की जानकारी प्राप्त हुई है। ऐसी अनेक त्रुटियां कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग द्वारा की गई थी जिसकी खबर लगने पर अधीक्षण अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा मंडल रायपुर द्वारा पत्र क्रमांक 259/ 725/मंडल/ग्रायसे/2014 रायपुर दिनांक 17.2.2024 के द्वारा प्रमुख अभियंता पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, विकास आयुक्त कार्यालय सेक्टर 19 अटल नगर रायपुर को प्रेषित किया और इस पर उचित संज्ञान लेने का अनुशंसा किया। कहा जाता है कि अधीक्षण अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग के पत्र के आधार पर प्रमुख अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विकास आयुक्त रायपुर कार्यालय द्वारा हरमोहन लाल चतुर्वेदी कार्यपालन अभियंता ग्रा या से संभाग धमतरी को 5.3.2024 को पत्र प्रेषित कर ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग धमतरी के वार्षिक निरीक्षण में पाई गई अनियमितताओं के संबंध में अधीक्षण अभियंता ग्रा यांसेवा मंडल रायपुर के पत्र को आधार बनाते हुए कहा गया कि उपसंभाग मगरलोड जिला धमतरी में वार्षिक निरीक्षण के दौरान गंभीर अनियमितता पाये जाने का लेख किया गया है। अनियमितताओं का समाधान कारक पालन प्रतिवेदन 15 दिवस में उपलब्ध कराने हेतु आपको निर्देशित किया गया था किंतु जवाब प्राप्त नहीं होने पर पुनः स्मरण पत्र जारी कर सात दिवस के भीतर जवाब मांगा गया था जो आज दिनांक तक अप्राप्त है। इसके पश्चात उक्त कार्यपालन अभियंता पर विभाग द्वारा जवाब नहीं मिलने की दशा में क्या कार्यवाही की गई, इसका कोई प्रकरण सार्वजनिक नहीं किया गया है। अलबत्ता कार्यपालन अभियंता अभी भी कार्यरत हैं जबकि ऐसे मामलों में जिस अधिकारी द्वारा शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन में कोताही बरती गई है, और वह लगभग प्रमाणित हो चुकी है तो उक्त अधिकारी पर नियमानुसार सिविल सेवा अधिनियम के तहत कार्यवाही किया जाना अति आवश्यक था परंतु इन पंक्तियों के लिखे जाने तक उनके ऊपर क्या कार्यवाही हुई और ऐसे निर्माण कार्य जो एकल निविदा के तहत अनाधिकृत तौर पर दिये गये और गुण नियंत्रण विभाग की टेस्ट रिपोर्ट की तिथि एवं संबंधित ठेकेदारों पर कि उन्होंने निर्माण कार्यों में निविदा के अनुरूप कार्य किया अथवा नहीं इसकी भी जांच किये जाने की मांग बलवती हो रही है। विश्वसनीय सूत्रानुसार यह भी ज्ञात हुआ है कि जो उपरोक्त निर्माण कार्य हुए हैं उसमें भी एकल निविदा के तहत भी खुलकर भ्रष्टाचार किया गया है।

यदि इसकी खुलकर जांच होती है तो कार्यपालन अभियंता के साथ साथ अनेक ऐसे चेहरे बेनकाब होंगे जिन्होंने शासकीय योजनाओं को अपनी दीपकीय प्रवृत्ति से चर दिया है।

घर को व्यवस्थित रखने में माताओं की अहम भूमिका: ब्रह्माकुमारी हेमलता दीदी

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

अन्तर्राष्ट्रीय मातृ दिवस के उपलक्ष्य में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के महिला प्रभाग द्वारा विधानसभा मार्ग स्थित शान्ति सरोवर रिट्रीट सेन्टर में मातृ दिवस का आयोजन किया गया। विषय था- स्वस्थ एवं सुखी परिवार में माताओं की भूमिका। समारोह में बोलते हुए ब्रह्माकुमारीज की क्षेत्रीय निदेशिका ब्रह्माकुमारी हेमलता दीदी ने कहा कि परिवार में घर परिवार को व्यवस्थित रखने और सभी सदस्यों की सुख सुविधाओं का ख्याल रखने में माताओं की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। इसके साथ ही धन का सही इस्तेमाल करना उसी पर निर्भर करता है। लेकिन परिवार में माताओं को वह सम्मान नहीं मिल पाता है जिसकी वह हकदार होती है। लोग समझते है कि महिलाएं कुछ नहीं करती हैं जबकि पति और बच्चों का व्यवहार उसके साथ कैसा भी हो वह सबका बराबर ध्यान रखती है। बदले में वह किसी से कुछ नहीं मांगती है। माताओं का बहुत बड़ा त्याग यह है कि वह अपना सारा जीवन पति, बच्चों और घर परिवार की चारदिवारी में कैद होकर व्यतीत कर देती है। वह बच्चों को सुसंस्कारित कर लायक बनाती है। दिशा स्कूल की प्राचार्य श्रीमती रिचा साव ने कहा कि परिवार में सबकी देखभाल माताएं करती हैं। मेरी नजर में माताएं माना ही देखभाल करने वाली। कोई भी व्यक्ति जो कि देखभाल कर रहा है वह माँ की भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ मन के लिए भौतिक शिक्षा के साथ ही अध्यात्मिक शिक्षा भी जरूरी है। स्वस्थ मन से ही स्वस्थ शरीर और सुखी परिवार का निर्माण हो सकता है। राज्य में मशरूम लेडी के रूप में पहिचानी जाने वाली नम्रता यदु ने संघर्ष को जीवन का हिस्सा बतलाते हुए कहा कि कदम-कदम पर कठिनाईयाँ आती है लेकिन हमें उसे जीवन का हिस्सा समझकर आगे बढ़ना चाहिए। हमें कठिनाईयों से डरना नहीं चाहिए। जो भी समय ईश्वर ने हमें दिया है उसका लाभ उठाना चाहिए। ब्रह्माकुमारी संस्थान में जो अध्यात्म के द्वारा आत्मा और परमात्मा की शिक्षा दी जाती है वह हमें जीवन को अच्छी तरह जीने के लिए प्रेरित करती है। रायपुर संचालिका ब्रह्माकुमारी सविता दीदी ने विषय को स्पष्ट करते हुए कहा कि माँशब्द सबसे अधिक प्यारा होता है। वह जगत जननी है। दया, करूणा, प्रेम और सहिष्णुता आदि सारे गुण उसमें समाहित होते हैं। कहते भी हैं कि ईश्वर ने माँ को अपने ही स्वरूप में गढ़ा है। इसलिए महिलाओं को पुरूषों की तरह दिखने या कपड़े पहनने की जरूरत नहीं है। वह सौम्यता, दिव्यता और कोमलता की प्रतीक है तो सशक्त और शक्तिशाली भी होती है।

समय के साथ शक्ति की कमी को पूरा करने के लिए राजयोग मेडिटेशन को आवश्यक

पायनियर संवाददाता भाटापारा
www.dailypioneer.com

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के तत्वाधान में भाग्य विधाता भवन में मातृ दिवस कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के माध्यम से किया गया। सर्वप्रथम सीमा शर्मा ने कहा हमें मातृ दिवस प्रतिदिन मनाना चाहिए जिससे मां का प्रतिदिन सम्मान हो सके। साथ ही बच्चे बड़े होकर अपने कर्तव्य को पाश्चात्य के प्रभाव में आकर मां के सम्मान को न भूलने की सीख दी। वहीं बहन निवेदिता दुलानी अपने उदगार के माध्यम से मानव जीवन को अमूल्य बताते हुए परमात्मा को याद करने पर विशेष बल दिया और मां की महत्व बताते हुए मां को संसार में अद्वितीय बताया। वहीं बहन सीमा मल ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि बच्चे पाश्चात्य से प्रभावित होकर अपने माता-पिता को वृद्धा आश्रम में छोड़ देते हैं। इसमें कहीं ना कहीं हम ही जिम्मेदार हैं। इसे समझना जरूरी है। राजयोग शिक्षिका मंजू दीदी ने प्रमुख वक्ता के रूप में बताते हुए कहा की मातृ दिवस मनाने के पीछे हमें यह स्मृति दिलाता है कि हम अपने दिव्यता को जगाएं, साथ ही बच्चे हमारी बात नहीं मानते इसका कारण बताया कि हम अपने परमपिता परमात्मा का बात नहीं मानते और केवल शब्दों से मात्र नहीं अपने जीवन के द्वारा सभी को शिक्षा देने की बातें बताई गई तथा जीवन में लव एंड लॉ का बैलेंस भी बनाने की जरूरत को आवश्यक बताया गया। समय के साथ शक्ति की कमी को पूरा करने के लिए राजयोग मेडिटेशन को आवश्यक बताया गया एवं उसकी विधि बताते हुए राजयोग का विशेष अभ्यास कराया गया जहां कार्यक्रम में माताओं की विशेष उपस्थिति रही।

रेजा मजदूरी दर बढाये जाने को लेकर मंडी कार्य ठप्प

पायनियर संवाददाता भाटापारा
www.dailypioneer.com

अन्नपूर्णा नगरी कृषि उपज मंडी मे ग्रीष्मकालीन फसल का बम्फर आवक तेज है, परंतु किसान के माथे पर चिंता व परेशानी की लकीरें खींच गई है। गौरतलब है कि भाटापारा कृषि उपज मंडी की लगभग 200 से अधिक रेजा हर दो साल मे बढ़ने वाली मजदूरी दर और अधिक बढ़ाये जाने की मांग को लेकर शानिवार से हड़ताल मे चली गई है।

भराई व पाला का कार्य रुका

गौरतलब है रेजाओं के हड़ताल मे चले जाने के कारण भराई व पाला का कार्य रुक गया। खुले आसमान मे कृषि उपज का फसल पड़े होने के कारण किसान मंडी प्रशासन के सहयोग से स्वफूर्त होकर भराई का कार्य किये है।

वर्तमान मे रेजाओं का मजदूरी दर 0.90 पैसा

गौरतलब है कि रेजाओं की मजदूरी दर हर दो साल मे 10 प्रतिशत बढ़ाया जाना निर्धारित है व वर्तमान मे भराई प्रति कट्टा .90 पैसा व पाला 0.96 पैसा प्रति कट्टा निर्धारित है, परंतु रेजा वर्तमान मे 1.50 रुपये प्रति कट्टा बढ़ाये जाने के मांग पर अडे हुये है। इसी बात पर शानिवार से रेजा हड़ताल पर चले गये जिसके कारण हजारों कट्टा खुले आसमान पर पड़े रहे।

बीच के रास्ते निकालने मंडी सभा मे रखी गई बैठक

ग्रीष्मकालीन फसल के बम्फर आवक के गम्भीरता को समझते हुये मंडी प्रशासन ने रेजा मंडी अभिकर्ता व्यापारियो का बैठक सोमवार को रखी। जिसमें मुख्य रूप से भारसाधक अधिकारी बलवन्त वर्मा मंडी सचिव शत्रुहन लाल वर्मा तहसीलदार चित्रलेखा चंद्रवंशी राईस मिल एसोसिएशन अध्यक्ष गोपाल अग्रवाल दाल मिल प्रतिनिधि रुपेश माखीजा नरेन्द्र पुंशी पोहा संघ गुरुमुख गंगवानी अजय मंधान अभिकर्ता प्रतिनिधि राजेश तिवारी संदीप मल अमन छबड़ा सत्तु पटेल सहित आदि लोगों ने चर्चा कर बीच का समाधान निकालना का प्रयास किया, परंतु बीच का रास्ता नही निकल पाने से मंडी के समक्ष किसानों के कृषि उपज विक्रय सुचारू रुप से नही हो पाने से गम्भीर संकट खड़ा हो गया है एवं किसान भरपूर कृषि उपज मंडी मे लेकर आ रहे है।

रेजा संघ

रेजा संघ अपना 1.50 प्रति कट्टा के मांग पर अडिग है जब तक मांग पूरा नही होगा रेजा संघ का हडताल जारी रहेगा

शत्रुहन वर्मा...मंडी सचिव

रेजा संघ द्वारा मजदूरी दर .90 पैसे से बढाकर 1.50 पैसे के मांग पर अड़ी जिससे व्यापारी सहमत नही है मंडी प्रशासन द्वारा बीच का रास्ता निकालने का प्रयास किया जा रहा है वहीं किसान वर्तमान स्थिति मे बिक्री कर बोरा भराई कर सकते है।

तहसीलदार .. चित्रलेखा चन्द्रवंशी

रेजाओं के मजदूरी दर को लेकर हडताल पर चले जाने के कारण आम सहमति हेतु मंडी सभा कक्ष मे बैठक रखा गया जिसमें व्यापारी निर्धारित दर से 12 प्रतिशत मजदूरी दर बढ़ाये जाने हेतु सहमत हुये परंतु रेजा संघ वर्तमान समय मे 65 प्रतिशत मजदूरी दर बढाये जाने के मांग पर अडिग जिसके कारण बैठक मे आम सहमति नही बन पायी।

भव्य कलश यात्रा से कलेक्ट्रेट मार्ग हुआ भक्तिमय

बीटीआई रोड स्थित भरत लीला मेंशन में श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ

पायनियर संवाददाता महासमुंद
www.dailypioneer.com

श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा के साथ हुई। स्थानीय कलेक्ट्रेट रोड स्थित भरत लीला मेंशन में लीलादेवी चंद्राकर, आलोक चंद्राकर-सुष्मिता चंद्राकर परिवार द्वारा भव्यमय श्रीमद भागवत ज्ञानामृत कथा का आयोजन 12 से 20 मई तक किया जा रहा है। जिसमें शुभारंभ अवसर पर कलश यात्रा में माताएं-बहनें पीले परिधान में बड़ी संख्या में शामिल हुईं। सिर पर कलश धारण कर बीटीआई रोड में भगवान बाल-गोपाल का शोभायात्रा निकली। इस दौरान आकर्षक राधा-कृष्ण, शिव-पार्वती के वेशभूषा में सजे युवतियां विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। इस अवसर पर कथा वाचक आचार्य नरेंद्र नयन शास्त्री (चाय वाले बाबा) सिलयारी धाम ने कहा कि कलश यात्रा में तीनों देवताओं ब्रह्मा, विष्णु, और महेश के साथ-साथ 33 कोटि देवी-देवता कलश में विराजमान होते हैं। कलश को महिलाओं के सिर पर रखकर भ्रमण करने से धरा सिद्ध होती है और जो कलश को धारण करता है उसकी आत्मा भी पवित्र हो जाती है। कलश यात्रा कथा स्थल से शुरू होकर कलेक्ट्रेट रोड से होते हुए वापस कथा स्थल पहुंची। इस दौरान भगवान के जयकारे से पूरा मार्ग भक्तिमय हो गया।

कलेक्टर ने अपने आवास पर टॉपर छात्राओं को कराया भोज

कैरियर को लेकर दिए जरूरी टिप्स

पायनियर संवाददाता बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

कलेक्टर केएल चौहान ने 10वीं एवं 12 वीं बोर्ड परीक्षा की प्रावीण्य सूची में स्थान बनाने वाले जिले की पांचों छात्राओं को भोज के लिए आमंत्रित किया। कलेक्टर के आमंत्रण पर पांचों छात्राओं ने जिला मुख्यालय बलौदाबाजार स्थित कलेक्टर आवास भोज हेतु पहुंचीं। कलेक्टर चौहान ने इस दौरान छात्राओं को आगे की पढ़ाई एवं कैरियर के सम्बंध में महत्वपूर्ण टिप्स भी दिए। गौरतलब है कि 10 वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा की प्रदेश स्तरीय प्रावीण्य सूची में जिले के 5 छात्राओं ने स्थान बनाया है जिसमें 10वीं में निधि साहु 5वां, 12 वीं में कोपल अम्बष्ट दूसरा, प्रीति तीसरा, डाली पटेल एवं अदिति साहु संयुक्त रूप से 6 वां स्थान शामिल है।

कलेक्टर केएल चौहान ने विगत दिनों संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित सम्मान समारोह के दौरान इन सभी छात्राओं को अपने आवास में भोज के लिए आमंत्रित किया था।

समाजवादी पार्टी ने तिलपई में किया सघन जनसम्पर्क

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में उत्तर प्रदेश समेत कानपुर क्षेत्र की छह सीटों पर 13 मई को मतदान होना है।

प्रत्याशियों का जनसम्पर्क अभियान और तेज हो गया है। इसी कड़ी में समाजवादी पार्टी के प्रत्याशियों ने कन्नौज जिले के समाजवादी पार्टी के सांस्कृतिक प्रकोष्ठ का जिलाध्यक्ष रजनीकांत यादव गांव तिलपई में सघन जनसम्पर्क किया गया। जनसम्पर्क में सभी मतदाताओं से आइएनडीआईए गठबंधन को बहुमत से जिताने और केंद्र में सरकार बदलने की अपील किए। इस दौरान रजनीकांत यादव, छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष नवीन गुप्ता, छग महासचिव मनोहर साहू सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

सीईओ जिला पंचायत ने ली साप्ताहिक समय सीमा की बैठक, निर्माण कार्यो का करें नियमित निरीक्षण: सीईओ जिपं रोमा श्रीवास्तव

पायनियर संवाददाता ◂ धमतरी
www.dailypioneer.com

कलेक्टर नम्रता गांधी के निर्देश पर सीईओ जिला पंचायत रोमा श्रीवास्तव ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में समय सीमा की बैठक लेकर लंबित प्रकरणों की विभागवार समीक्षा की। उन्होंने कहा कि जिले में विभिन्न विभागों के अंतर्गत निर्माण कार्य किये जा रहे है। अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि इन सभी कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें। इसके साथ ही इन कार्यो को तय समय सीमा में पूर्ण करावें। सीईओ श्रीवास्तव ने कहा कि गर्मी के मौसम के चलते जिन गांवों के भू-जल स्तर में गिरावट आ रही है, उन गांवों में पेयजल की उपलब्धता हेतु विकल्प तलाश। इसके साथ ही ऐसे गांवों की सूची विकासखंड वार तैयार कर प्रस्तुत करने के भी निर्देश दिये। उन्होंने जिले में पेयजल संबंधी समस्या के निराकरण हेतु स्थापित कंट्रोल रूम में प्राप्त शिकायतों की भी जानकारी ली और अधिकारियों को निर्देशित किया कि इन समस्याओं का शीघ्र निराकरण करें। उन्होंने गावों में पेयजल की बेहतर व्यवस्था हेतु खराब हेण्डपम्पों की मरम्मत और कुंओं की आवश्यक साफ -सफाई करने कहा। बैठक के दौरान सीईओ ने वृक्षारोपण के लिए विभागों द्वारा प्रस्तुत किये गये मांग की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि जिन विभागों में वृक्षारोपण हेतु मांग पत्र प्रस्तुत नहीं किया है वे शीघ्र ही मांग पत्र प्रस्तुत कर दें। उन्होंने कहा कि सरकारी भूमि, भवनों आदि को ध्यान में रखते हुए स्थल का चयन करें। साथ ही वृक्षारोपण हेतु पौधों की सिंचाई, सुरक्षा आदि का भी ध्यान रखें। बैठक में जल संरक्षण हेतु विभिन्न विभागों द्वारा किये जा रहे कार्यों की भी जानकारी ली और अधिकारियों को निर्देशित किया कि सरकारी भवनों, आंगनबाड़ी, स्वास्थ्य केन्द्र सहित निर्मित किये जा रहे आवासों में भी रैन वाटर हार्वेस्टिंग बनाये जाने के निर्देश दिये। बैठक जल संसाधन, लोक निर्माण, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग, आदिवासी विकास विभाग, खाद्य, खनिज, महिला एवं बाल विकास, पंचायत और ग्रामीण विकास, कृषि, उद्यानिकी, स्वास्थ्य, विद्युत, प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना सहित विभिन्न विभागों के समय सीमा के लंबित प्रकरणों की समीक्षा की। बैठक में अपर कलेक्टर जी.आर.मरकाम, संयुक्त कलेक्टर रामकुमार कृपाल, विनय पोयाम सहित जिला स्तरीय अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

मोटर सायकल चोरी के पॉच आरोपियों को 48 घंटे के अंदर किया गया गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ◂ धमतरी
www.dailypioneer.com

1 मई 24 को प्रार्थी राधेश्याम ध्रुव अपने मोटर सायकल डीलक्स क्रमांक सीजी 05 एजे 9415 से जनपद पंचायत मगरलोड आया था रात्रि करीबन 9 बजे अपने घर ग्राम पालवाड़ी जाने के लिये निकला था कि रास्ते में अचानक चक्कर आने से रोड किनारे अपने मोटर सायकल खड़ा कर सो गया सुबह 5 बजे उठकर देखा तो उसका मोटर सायकल, पंचायत का दस्तावेज एंव पेंट के जेब में रखा मोबाईल जुमला कीमती 27000. रूपये नही था कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया था, प्रार्थी के रिपोर्ट पर दिनांक 10/05/24 को अपराध क्रमांक 158/24 धारा 379 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान मोटर सायकल एवं आरोपी के पतासाजी के लिए मुखबिर एवं सूचना संकलन एवं तकनीकी साक्ष्य एवं आस पास के लोगों से पूछताछ के आधार पर संदेहियों तक पुलिस टीम पहुंचकर, संदेही देवीचंद जैन, घनश्याम ध्रुव, चुम्मन साहू, सादिक अली एंव दिनेश ध्रुव से कडाई से पूछताछ किया जिसमें उन्होंने अपने मेमोरेण्डम कथन पर उक्त आरोपीगण द्वारा मोटर सायकल मोबाईल एंव पंचायत दस्तावेजो को चोरी कर छिपाकर रखना बताने से आरोपी देवीचंद जैन से मोटर सायकल, आरोपी घनश्याम ध्रुव से पंचायत दस्तावेज, आरोपी चुम्मन से मोटर सायकल का नंबर प्लेट एंव आरोपी सादिक अली से मोटर सायकल का डिक्की व बिना लिखा नंबर प्लेट बरामद कर जब्त किया गया एवं पॉचों आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर थाना मगरलोड में आरोपियों के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है। संपूर्ण कार्यवाही थाना प्रभारी मगरलोड निरीक्षक राजेश जगत, सउनि धनीराम नेताम, प्रआर दीपक गौतम, दीनू मारकण्डे एवं आरक्षक विमल पटेल, गजानंद साहू, गोविंद घृतलहरे, राजेश ध्रुव का विशेष योगदान रहा।

जिले के सर्पदंश पीड़ितों को मिल रही तत्काल मदद सीएचसी व पीएचसी केंद्रों में हो रहा बेहतर उपचार

- इलाज के लिए बैगा, गुनिया छोड़ अस्पताल पहुंच रहे पीड़ित, हो रहे जागरूक
- जिला प्रशासन की पहल का दिखा रह असर

पायनियर संवाददाता ◂ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

जिले में सर्पदंश से पीड़ित लोगों को अब तत्काल मदद के साथ ही बेहतर उपचार भी मिल रहा है। जिला प्रशासन की पहल से सर्पदंश से पीड़ित लोग अब बैगा, गुनिया छोड़ अस्पताल पहुंच रहे हैं। बगीचा के ग्राम रूपसेरा निवासी 25 वर्षीय अंकित उम्र 24 की सर्पदंश की सूचना मिलते ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बगीचा लाया गया। इसी तरह 40 वर्षीय महिला श्रीमती कर्मी बाई पति अर्जुन राम ग्राम गुरमाकोना निवासी को भी सूचना मिलते ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बगीचा लाया गया । जिसके पश्चात दोनों पीड़ितों को तत्काल एंटी वेनम के साथ ही स्वास्थ्य सुविधा दी गई। जिसके बाद पीड़ितों की सेहत बेहतर है। जिले के ग्रामीण क्षेत्र में सांप के काटने पर लोग अस्पताल से पहले झाड़फूंक का सहारा लेते थे। लेकिन जिला प्रशासन की पहल से अब लोगों में न सिर्फ जागरूकता आई बल्कि सर्पदंश से पीड़ित लोगों को तत्काल अस्पताल लाया जा रहा है। जिससे पीड़ित को तत्काल मदद व बेहतर उपचार भी मिल रहा है। सर्पदंश के मामले को लेकर जिला प्रशासन लगातार जागरूकता अभियान भी निरंतर चलाती रही है। जिसके परिणाम स्वरुप लोगों इलाज के साथ ही सर्पदंश से बचाव के लिए पूर्ण रूप से जागरूक हो रहे हैं। सर्पदंश से पीड़ितों के बचाव के लिए अस्पतालों में करीब एंटी स्नैक वेनम डोज रखे गए हैं। इसके साथ ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इंजेक्शन का स्टॉक है। जन जागरूकता टीम द्वारा लगातार आम लोगों से सांप काटने पर अस्पताल लाने की अपील की जा रही है साथ ही जागरूक किया जा रहा है। ताकि समय पर इलाज कर मरीज की जान बचाई जा सके।

ब्राम्हण समाज भखारा तहसील ने मनाया भगवान परशुराम का जन्मोत्सव

पायनियर संवाददाता ◂ भखारा/धमतरी
www.dailypioneer.com

भखारा ब्लॉक में आने वाले ग्राम गुजरा में बड़े धूमधाम से भगवान श्री परशुराम का जन्मोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर ब्राह्मण समाज भखारा तहसील सहित ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव के अवसर पर ग्राम गुजरा के भवन से बाजे गाजे और डीजे की धुन में ब्राह्मण समाज भखारा तहसील ने पूरे ग्राम गुजरा को भ्रमण किया और भगवान श्री परशुराम के जयकारे से पूरा गांव गूंज उठा। भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव के अवसर पर भगवान श्री परशुराम का छायाचित्र सजा कर पूरे गांव में भ्रमण कराया गया सभी ने भगवान श्री परशुराम से आशीर्वाद प्राप्त किया। जगह जगह ग्रामीणों ने स्वागत किया, वहीं समाज भवन में पहुंचकर भगवान श्री परशुराम की जीवनी के बारे में बताया गया, वहीं साथ ही मदर्स डे भी मनाया गया साथ ही साथ समाज के प्रतिभावान छात्र.छात्राओं का सम्मान किया गया, समाज जनों ने बताया कि भगवान श्री परशुराम सप्त चिरंजीवी में से एक है, अजर अमर अखंड ब्रह्मचारी है भगवान परशुराम भगवान विष्णु के 24 अवतार में से एक अवतार हैं।

भीषण गर्मी को देखते हुए भारवाही पशुओं का उपयोग प्रतिबंधित

30 जून तक रहेगा प्रतिबंधित, नियम के उल्लंघन पर होगी कार्रवाई

पायनियर संवाददाता ◂ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

जिले में भीषण गर्मी एवं तेज धूप की स्थिति को देखते हुए जिला पशु चिकित्सा विभाग द्वार भारवाही पशुओं का उपयोग प्रतिबंधित रहेगा। इस हेतु विभाग द्वारा आदेश जारी कर दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक भारवाही पशुओं पर सामग्री रखकर या सवारी हेतु उपयोग करने से अथवा टांगा, बैलगाड़ी, भैसागाड़ी पर वजन ढोने को प्रतिबंधित कर दिया है। यह आदेश पशुओं के प्रति क्रूरता निवारण "परिवहन एवं कृषिक पशुओं" पर क्रूरता निवारण नियम 1965 के नियम 6(3) के तहत जारी किया गया है। इस संबंध में उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवाएं को आवश्यक कार्यवाही करने को कहा गया है। आदेश में कहा गया है कि जिलों में प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से 3 बजे के बीच 37 डिग्री सेल्सियस से अधिक तापमान निरंतर बना रहता है। इस दौरान भारवाही पशुओं के उपयोग करने से पशु अधिक तापमान से बीमार हो सकता है अथवा लू के कारण उनकी मृत्यु भी हो सकती है। नियम 6 (3) के अनुसार जिला जशपुर के सीमा अंतर्गत दोपहर 12:00 बजे से 03:00 बजे के बीच पशुओं का उपयोग 01.05.2024 से 30.06.2024 तक प्रतिबंधित किया जाता है।

ज्ञान अमृत उमावि धमतरी परिणाम उत्कृष्ट रहा 10वीं में कशिश, 12वीं में प्रीति ने प्रथम स्थान प्राप्त किया

पायनियर संवाददाता ◂ धमतरी
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल बोर्ड द्वारा घोषित हाई एव हायर सेकेण्डरी परीक्षा परिणाम में ज्ञान अमृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धमतरी का परीक्षा परिणाम उत्कृश्ट रहा। कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम 83.33 प्रतिशत रहा। कक्षा 10वीं में प्रथम कु. कशिश उइके 86.66 प्रतिश, द्वितीय कु. प्राची देवांगन 81.83 प्रतिशत एवं केतन तारक 77.83 प्रतिशत पाकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम 81.81 प्रतिशत रहा। जिसमें प्रथम कु. प्रीति निर्मलकर, द्वितीय कु. सौम्या यादव एवं तृतीयस्थानकु. आसेफा बानो ने प्राप्तकिया। विद्यालय के प्राचार्य विनोद कुमार पाण्डेय एवं विद्यालय के समस्त स्टॉफजगदीश सोनी, अफ्जल अली रिजवी, कौशलेश्वरी दुबे, नेहा पद्मवार, संतोशी वर्मा, अभिलाशा चौहान, कु. लक्ष्मी देवांगन, कु. भावनाकहार, राजेन्द साहू ने समस्तस फलछात्र-छात्राओ को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएँ व्यक्त की है।

एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में प्रवेश के लिए परीक्षा 18 को, जिले में बनाए गए 3 परीक्षा केन्द्र

धमतरी। एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में शिक्षा सत्र 2024-25 में कक्षा छठवीं में प्रवेश के लिए आगामी 18 मई को सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक प्रवेश परीक्षा आयोजित की जायेगी। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि जिले में 3 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। इनमें सर्वोदय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, मेनानाईट हिन्दी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय और सेंट मेरी इंग्लिश स्कूल धमतरी शामिल है। उन्होंने बताया कि परीक्षार्थी विभागीय वेबसाईट में जाकर आवेदन मांक एवं पिता का मोबाईल नंबर प्रविष्ट कर प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। परीक्षार्थियों को प्रवेश पत्र में दिए गए सभी निर्देशों का पालन करना अनिवार्य होगा।

पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग सचिव राजेश सिंह राणा ने ग्रामों का दौरा कर किया प्रधानमंत्री आवास का निरीक्षण हितग्राहियों से की चर्चा

- अपूर्ण आवास को समय सीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने एवं हितग्राहियों को समय से किस्त की राशि जारी किए जाने हेतु निर्देश दिए

पायनियर संवाददाता ◂ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के सचिव राजेश सिंह राणा ने कुनकुरी विकासखण्ड के ग्राम पंचायत रेमते के आश्रित ग्राम पंडरीपानी एवं ग्राम पंचायत हर्राडांड का दौरा कर प्रधानमंत्री आवास के पूर्ण एवं प्रगतिरत आवास का निरीक्षण किया। उन्होंने गांव में बन रहे आवास के संबंध में जानकारी ली हितग्राहियों से चर्चा करते हुए आवास निर्माण में हुई लागत, समय में किस्त की राशि एव निर्माण के विभिन्न स्तर पर जनपद एवं जिला स्तर पर सहयोग के संबंध में जानकारी ली। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के सचिव राजेश सिंह राणा ने हितग्राहियों से चर्चा कर उनकी समस्याएं सुनी और उन्हें हरसंभव मदद करने का आश्वासन दिया ।निरीक्षण के दौरान मनरेगा के चल रहे कार्यों एवं हितग्राहियों को समयबद्ध मजदूरी प्रदाय के संबंध में भी हितग्राहियों से चर्चा की। साथ ही समस्त अपूर्ण आवास को समय सीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने एवं हितग्राहियों को समय से किस्त की राशि जारी किए जाने हेतु निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत से जिला समन्वयक, तकनीकी सहायक एव जनपद,ग्राम पंचायत स्तर के अमले मौजूद रहे।

एसपी सिंह ने पत्थलगांव शहर के यातायात समस्या के समाधान पर व्यापारी संघ, चेंबर ऑफ कॉमर्स की ली बैठक

- व्यवसायिक प्रतिष्ठानों के बाहर सामान रखकर व्यवसाय करने वाले एवं यातायात व्यवस्था बाधित करने वाले व्यवसायियों के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जावेगी

पायनियर संवाददाता ◂ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

जिले के पत्थलगांव शहर में यातायात व्यवस्था को सुगम एवं सुरक्षित बनाने हेतु पुलिस अधीक्षक जशपुर शशि मोहन सिंह ने मीटिंग ली। उक्त मीटिंग में जिला प्रशासन के अधिकारीगण, व्यापारी संघ एवं चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष अमित अग्रवाल भी उपस्थित रहे।

पार्किंग व्यस्था के निर्देश-बैठक में उपस्थित व्यवसायियों से पुलिस अधीक्षक द्वारा अपील किया गया है कि सामान रोड पर बाहर न निकालें एवं दुकानों में आने-जाने वाले ग्राहकों के लिये पार्किंग की व्यवस्था करें, जिससे कि भविष्य में शहर में हो रहे ट्रैफिक जाम से निजात पाकर यातायात व्यवस्था को व्यवस्थित किया जा सके। अतिक्रमण कर व्यवसाय करने वाले व्यवसायियों के विरूद्ध भी विधिवत् कार्यवाही की जावेगी।

स्टंट बाजों की खैर नहीं-नाबालिग लड़कों द्वारा वाहन में स्टंटबाजी करते हुये पाये जाने पर मोटर यान अधिनियम् 1988 की धारा 199(क) के तहत् किशोर के संरक्षक का एवं मोटर यान के स्वामी के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जावेगी। ड्रिंक एंड ड्राईव के प्रकरणों में मोटर यान अधिनियम् 1988 की धारा 185 के तहत् कार्यवाही की जावेगी। पत्थलगांव क्षेत्र के अधिकतर वाहनों के नंबर प्लेट पर नंबर अंकित नहीं है, इनके विरूद्ध भी मोटर यान अधिनियम् के तहत् कार्यवाही की जावेगी।

ये रहें उपस्थित-इस दौरान पुलिस अधीक्षक के साथ एसडीओपी पत्थलगांव ध्रुवेश कुमार जायसवाल, प्रशिक्षु एसडीओपी भानुप्रताप चंद्राकर, नायब तहसीलदार रामाश्रय सिंह, चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष अमित अग्रवाल, अंकुर गोयल, श्यामसुंदर अग्रवाल एवं अन्य उपस्थित रहे।

जल्द होगा समाधान- पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह ने है कहा कि पत्थलगांव की यातायात समस्या को समाज के प्रमुखों, व्यापारी संघ के साथ मिलकर दुरूस्त करने के लिए आम सहमति बनी है, आगामी दिवस के सभी के साथ बैठक कर यातायात समस्या का निराकरण किया जायेगा।

विधायक लता उसेंडी ने किया प्रभावितों से मुलाकात

बे मौसम बारिश ने विकासखंड माकड़ी में मचाया तबाही

पायनियर संवाददाता ◂ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

जिला अंतर्गत विकासखंड माकड़ी में रविवार को तेज तूफानी हवा, आकाशीय बिजली के साथ कहर बनकर आसमान से बरसी है। इसके कारण जनपद मुख्यालय माकड़ी समेत पूरे जनपद क्षेत्र में भारी तबाही मचाया हैं। मामले की जानकारी लगते ही कोण्डागांव विधायक व भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लता उसेंडी माकड़ी पहुंची। यहां पहुंच उन्होंने प्रभावितों से मुलाकात किया, और प्रशासन को आवश्यक निर्देश दिए हैं। जानकारी अनुसार, रविवार के दोपहर बाद कोण्डागांव जिला के विभिन्न हिस्सों में तेज हवा, गरज चमक के साथ आफत की बारिश हुई है। इस बारिश का सबसे अधिक प्रभाव विकासखंड माकड़ी में देखने के लिए मिला। माकड़ी मुख्यालय समेत पूरे क्षेत्र में गर्मी के मौसम में बे मौसम बारिश से उठे तूफान ने भारी तबाही मचाया है।

दो दर्जन से अधिक मकान हुए क्षतिग्रस्त-कोण्डागांव जिले के राजस्व आंकड़ों की यदि बात करें तो, जनपद मुख्यालय माकड़ी में ही 13 से 14 ग्रामीण ऐसे हैं जिनके घरों के छत उड़ गए हैं। ऐसे में प्रभावितों को अपने पड़ोसियों के घरों में शरण लेना पड़ा है। वहीं पूरे जनपद अंतर्गत बात करें तो यह आंकड़ा दो दर्जन से अधिक हो सकता है। फिलहाल राजस्व अमला ग्रामीण क्षेत्रों में प्रभावितों की सर्वे कार्य में जुटी हुई है।

विधायक लता ने मुलाकात कर त्वरित निदान के दिए प्रशासन को निर्देश -कोण्डागांव विधायक व भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लता उसेंडी को बीते शाम ही मामले की जानकारी प्रभावितों ने कॉल करके दी थी। इसके बाद उन्होंने प्रशासन से देर रात चर्चा किया था। इसी कड़ी में उन्होंने 13 मई को माकड़ी पहुंचकर प्रभावितों से मुलाकात किया। मुलाकात करते हुए उन्होंने स्थानीय तहसीलदार व राजस्व अमल को निर्देश दिया है कि जल्द से जल्द प्रभावितों की सूची तैयार किया जाए एवं उन्हें मुआवजा राशि देने की कार्रवाई पूरी की जाए।

बारात से लौट रही कार हादसे का शिकार, कार सवार 4 लोग घायल

रायगढ़. घरघोड़ा थाना क्षेत्र से बड़ी घटना सामने निकल कर आ रही है। जानकारी अनुसार घटगॉव से बारात से वापसी आते समय लैलूंगा रोड में अर्टिगा कार पेड़ से जा टकराई है।सुबह 3 बजे के आसपास लैलूंगा रोड में अराईमुड़ा के पास सामने से ट्रक तेज रफ्तार से आ रही थी जिसे बचाने के चक्कर मे अर्टिगा कार अनियंत्रित होकर पेड़ से जा टकराई। जिससे कार में बैठे 3 लोगो को गंभीर चोट आने की जानकारी मिल रही है जिसे घरघोड़ा हॉस्पिटल में प्राथमिक उपचार के बाद 1 का घरघोड़ा हॉस्पिटल में इलाज चल रहा है वही 3 को रायगढ़ रिफर कर दिया गया है। 4 घायल घरघोड़ा निवासी बताया जा रहा है।

संपादकीय

हरियाणा में संकट समाधान की प्रतीक्षा

हरियाणा में राजनीतिक संकट जारी है और इसके समाधान की प्रतीक्षा है। हरियाणा के राजनीतिक क्षेत्रों में उठापटक की हालिया घटनाओं ने एक बार फिर गठबंधन राजनीति की समस्यायें उजागर कर दी हैं। राज्य की राजनीति में प्रमुख भूमिका निभाने वाली जननायक जनता पार्टी-जेजेपी ने कांग्रेस के साथ जाने का निर्णय किया है। उसने हरियाणा विधानसभा में भाजपा-नीत सरकार के बहुमत परीक्षण की मांग की है। इसके पहले तीन निर्दलीय विधायकों ने सत्तारूढ़ गठबंधन से समर्थन वापस ले लिया था, इससे 90 विधायकों वाले सदन में 44 विधायकों के साथ सरकार अल्पमत में आ गई थी। कांग्रेस नवीनतम घटनाक्रम से प्रसन्न है और इसे वह अपने पक्ष में एक अवसर की तरह देख रही है। वह भाजपा सरकार पर दबाव डाल रही है। लेकिन इस राजनीतिक उठापटक के पीछे जेजेपी अपने आंतरिक असंतोष से परेशान है। खबरें हैं कि उसके तीन विधायकों ने पूर्व मुख्यमंत्री एम.एल. खट्टर से गोपनीय मुलाकात की है। इससे संभावित पालाबदल की आशंका पैदा हो गई है। जेजेपी में वर्तमान असंतोष के पीछे विधायकों के हितों और आकांक्षाओं का टकराव है जो अक्सर गठबंधन राजनीति में सामने आता है। पिछले विधानसभा चुनाव में 'त्रिशंकु' जनादेश से जेजेपी एक प्रमुख पक्ष के रूप में उभरी थी। लेकिन उसके लिए अपनी कतारों में एकजुटता और गठबंधन साझीदारों की मांगों के बीच संतुलन बनाना आसान नहीं था। अतीत पर नजर डालने से पता लगेगा कि हरियाणा में ही 'आया राम गया राम' संस्कृति का विकास हुआ था जो अब भी जारी है। इस आंतरिक टकराव का असर न केवल हरियाणा की तात्कालिक राजनीति पर पड़ेगा, बल्कि इसके राज्य के भविष्य पर भी दूरगामी प्रभाव होंगे।

गठबंधन में परिवर्तन तथा संबंध बदलने की स्थिति में केवल सत्ता प्राप्ति की इच्छा ही स्थाई होती है। इससे प्रतियोगिता में एक कदम आगे रहना मजबूरी हो जाता है। 90 सदस्यों के सदन में किसी राजनीतिक पार्टी को बहुमत प्राप्त करने और सरकार बनाने के लिए 46 विधायकों का समर्थन चाहिए। तीन निर्दलीयों की समर्थन वापसी के बाद भाजपा के पास सरकार में बने रहने के लिए दो विधायकों की कमी हो गई है। भाजपा के पास अब 40 विधायक हैं तथा उसे हरियाणा लोकहित पार्टी के एक विधायक व कम से कम तीन निर्दलीय विधायकों का समर्थन प्राप्त है, जबकि पहले उसे 6 निर्दलीयों का समर्थन प्राप्त था। इस प्रकार सदन में उसकी कुल संख्या 44 रह गई है। भाजपा के लिए दुहरा संकट है क्योंकि यह सब लोकसभा चुनाव के पहले हो रहा है जब हरियाणा की 10 सीटों पर 25 मई को मतदान होना है। 2014 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को 35 प्रतिशत मतों के साथ राज्य की 7 सीटों पर विजय मिली थी। 2019 में 58 प्रतिशत वोटों के साथ भाजपा राज्य की सभी दस सीटें जीतने में सफल हुई थी। हालांकि, वर्तमान समय में उसके लिए यह स्थिति बनाए रखना कठिन हो सकता है। जननायक जनता पार्टी-जेजेपी नेता दुष्यंत चौटाला ने भाजपा की नायब सिंह सैनी सरकार पर सदन में विश्वास मत प्राप्त करने के लिए दबाव डाला है। उम्मीद है कि विधानसभा अध्यक्ष विश्वास मत परीक्षण की अनुमति दे देंगे। ऐसे में यदि जेजेपी में विभाजन हो जाता है तो भाजपा को अपनी सरकार बनाए रखने में सफलता मिल जाएगी। हालांकि, अभी विश्वास मत व उसके भावी परिणामों की प्रतीक्षा करनी होगी, पर इतना तो निश्चित है कि हरियाणा में राजनीतिक उठापटक और पालाबदल का दौर तेज होने वाला है।

उन्नत कृषि से खाद्य सुरक्षा

भारतीय कृषि का भविष्य परंपरा और खोज में समन्वय पर आधारित है। उन्नत कृषि 1.7 बिलियन लोगों की खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए जरूरी है।

पराग आचार्य
(लेखक, कृषि वैज्ञानिक हैं)

भारत की जनसंख्या 2050 तक लगभग 1.7 बिलियन होने की आशा है। ऐसे में भारतीय कृषि के लिए खासकर जलवायु परिवर्तन में जारी बदलावों को देखते हुए इतनी बड़ी जनसंख्या की खाद्य मांगें पूरी करना एक बड़ी चुनौती होगी। इसके साथ ही इस क्षेत्र के समक्ष बुढ़ाते किसानों की भी समस्या है। युवा पीढ़ी लगातार परिवार की परंपरागत खेती से दूरी बना रही है। वह कृषि के बजाय अन्य ज्यादा आकर्षक और कम श्रम ववाले कॅरियर विकल्प अपना रही है। इन चुनौतियों का सामना करने के लिए आधुनिक कृषि तकनीकों, जैसे 'प्रिसीज़न फार्मिंग' या सटीक खेती तथा 'डिजिटल स्मार्ट एग्रीकल्चर' का महत्व बढ़ता जा रहा है। यह टिकाऊ खाद्यान्न उत्पादन तथा भारतीय कृषि से भावी समृद्धि के लिए आवश्यक है। हाल ही में एक संसदीय समिति ने कृषि मशीनीकरण को बढ़ावा देने की पैरवी की है।

यह खासकर छोटे व सीमान्त किसानों के लिए जरूरी है। इसमें छोटे रोबोटों तथा कृत्रिम बुद्धि-एआई के समन्वय से टुकड़ों-टुकड़ों में बंटे खेतों के समक्ष उपस्थित चुनौतियों का सामना करने की संभावना है। इसके साथ ही समिति ने 'नेशनल इंस्टीट्यूट आफ एग्रीकल्चर रोबोटिक्स एंड आर्टीफिशियल इंटेलीजेंस' स्थापना की संस्तुति की है ताकि भारत का घरेलू व अंतरराष्ट्रीय मोर्चे पर कृषि विकास में अग्रणी स्थान सुनिश्चित किया जा सके। 23 अगस्त, 2022 को कृषि मशीनीकरण के संबंध में कृषि शोध एवं शिक्षा विभाग के सचिव ने खुलासा किया कि भारत में मशीनीकरण का स्तर 47 प्रतिशत है। इस प्रकार वह 59.5 प्रतिशत मशीनीकरण वाले चीन, 75 प्रतिशत मशीनीकरण वाले ब्राजील तथा 95 प्रतिशत मशीनीकरण वाले अमेरिका से पीछे है। भारत में भी विभिन्न क्षेत्रों में मशीनीकरण के स्तर में व्यापक भिन्नता है।

उत्तरी राज्यों में यह स्तर 70-80 प्रतिशत है जिसका कारण उपजाऊ जमीन, श्रमिकों की कमी तथा राज्य का समर्थन है। इसके उलट दक्षिणी व पूर्वी राज्यों में जमीन के टुकड़ों में बंटे होने के कारण यह 35-45 प्रतिशत है। पूर्वोत्तर राज्य दुर्गम इलाकों, उपकरणों की लागत तथा सामाजिक-आर्थिक कारणों का सामना कर रहे हैं।

निश्चित रूप से कृषि का लगातार विकास हुआ है और यह परंपरागत व श्रम-बहुल माडल के बजाय अब संवेदनशील, तकनीक-संचालित व्यवस्था में बदल रही है। इसमें कृषि शोध एवं शिक्षा विभाग-डेयर, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद-आईसीएआर तथा कृषि विज्ञान केन्द्रों-केवीके का महत्वपूर्ण योगदान है। अधिक पैदावार, लागत प्रभावी, रोग व कीटनाशक प्रतिरोधी तथा जलवायु-प्रतिरोधी किस्मों के विकास तथा तकनीकी प्रगति से फसलों, बागवानी, पशुपालन व मत्स्यपालन क्षेत्रों में व्यापक परिवर्तन हुआ है। आईसीएआर द्वारा विकसित वैज्ञानिक तकनीकों ने उत्पादन और उत्पादकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। लेकिन इस प्रगति को स्वीकार करते हुए भी यह मानना जरूरी है कि प्रगति की गति हमारे बदलते समय के अनुकूल होनी चाहिए।

ऐतिहासिक रूप से लोग काम करने के लिए आसान, तेज व ज्यादा बेहतर तरीके खोजते रहे हैं। इस खोज ने एक तकनीकी क्रांति को जन्म दिया जिसने सदियों पुराने कृषि व्यवहारों को अद्यतन तकनीकों, जैसे 'इंटरनेट आफ थिंग्स'-आईओटी से जोड़ दिया है जिसे एजी-आईओटी कहा जाता है। इससे कृषि में व्यापक परिवर्तन आया है और फसलें उगाने, उनके प्रबंधन तथा खाद्य संरक्षण के तरीके पूरी तरह बदल गए हैं। इन समाधानों का संबंध केवल क्षमता से न होकर किसानों के सशक्तीकरण से भी है ताकि वे अपने दैनिक कार्यों में क्षमता, उत्पादकता व सटीकता पर ज्यादा समय दे सकें। इसका अर्थ एक प्रकार का 'सुपर स्मार्ट असिस्टेंट' प्राप्त करना है जो भूमि, पशुओं, फसलों और खेतों की देखभाल कर सके तथा सभी कामों के लिए मनुष्यों की जरूरत न पड़े। लोग इसे सटीक खेती, स्मार्ट खेती या डिजिटल खेती कहते हैं। यह कृषि में बड़ा कदम है क्योंकि यह निर्णय लेने में डेटा का प्रयोग करता है तथा सभी चीजों को ज्यादा सक्षम एवं उत्पादक बना देता है। एजी-आईओटी के माध्यम से पौधों व पशुओं की नब्ज पहचानी जा सकती है। किसान इससे पूरे समय अपनी मृदा पर नजर रख सकते हैं, सिंचाई व्यवस्थाओं पर दूर से नियंत्रण कर सकते हैं तथा दूर से ही अपने पशुओं के स्वास्थ्य पर नजर रख सकते हैं। इससे अनुमान लगाया जा सकता है कि फसलों से कितना उत्पादन होगा। इस प्रकार एजी-आईओटी फसल प्रबंधन, कीट एवं रोग नियंत्रण, खाद्यान्नों के भंडारण, मवेशियों की देखभाल, रोगों पर निगरानी, डेरी गतिविधियों, सप्लाई श्रृंखला लाजिस्टिक्स तथा इससे आगे अन्य चीजों पर नियंत्रण रखा जा सकता है।

ड्रोन तकनीक के विकास ने फसलों के आंकलन और निगरानी में असीम संभावनायें खोली हैं। ऐसी ही एक उल्लेखनीय पहल 'नमो ड्रोन दीदी' है जिने ग्रामीण महिलाओं के सशक्तीकरण में उल्लेखनीय योगदान दिया है। एक महत्वपूर्ण संकेत देते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, पूसा नई दिल्ली की पहल पर व्यक्तिगत रूप से पूरे देश में 10 स्थानों पर 1000 नमो ड्रोन दीदियों को 1000 से अधिक ड्रोन दिए हैं। इन ड्रोनों के माध्यम से फसलों पर नजर रखने तथा उर्वरक छिड़कने व बीज बोने में सहायता मिलेगी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 'ड्रोन दीदी' योजना 2023-24 की घोषणा से सरकार की तकनीक प्रयोग तथा समाज की बेहतरी के प्रति प्रतिबद्धता प्रकट होती है। भारत सरकार ने 2020-21 और 2021-22 में राज्यों को 1756.3 करोड़ तथा 2422.7 करोड़ रुपयों का आबंटन अद्यतन कृषि तकनीकों के प्रयोग के लिए दिए हैं जिनमें ड्रोन, कृत्रिम बुद्धि, ब्लाकचेन, रिमोट सेंसिंग तथा जीआईएस शामिल हैं। इसी कालखंड में आईसीएआर को आरएंडडी के लिए 7302.50 करोड़ तथा 7908.18 करोड़ रुपये आबंटित किए गए इससे स्पष्ट होता है कि सरकार कृषि आधुनिकीकरण के लिए प्रतिबद्ध है। 'रेडियो फ्रीक्वेंसी आइडेंटीफिकेशन'-आरएफआईडी जैसी तकनीकी प्रगति तथा 'नेशनल लाइवस्टाक आइडेंटीफिकेशन स्कीम'-एनएलआईएस व 'इन्फार्मेशन नेटवर्क फार एनीमल प्रोडक्टिविटी एंड हेल्थ'-आईएनएपीएच जैसी योजनाओं के माध्यम से सटीक पशुपालन को बढ़ावा दिया जा रहा है। स्विफ्ट एलेक्ट्रानिक स्कैनिंग तथा डेटा इंटीग्रेशन के माध्यम से किसान प्रभावी रूप से गायों के स्वास्थ्य, उत्पादकता व रिकार्ड पर नजर रख सकते हैं। इसे पशुपालन उद्योग में सटीकता और क्षमता संवर्धन होता है। इसी प्रकार मत्स्यपालन उद्योग में एक्वाकनेक्ट व श्रिंपबाक्स जैसी तकनीकें श्रिंप फार्मिंग में क्रांति ला रही है। इससे श्रिंप व मत्स्यपालन को छोटे व मझोले किसानों तक पहुंचाया जा सकता है। इसके साथ ही तुलनात्मक रूप से ठंडे क्षेत्रों और चारों ओर भूमि से घिरे क्षेत्रों में इनकी उत्पादकता बढ़ाने में पानी के न्यूनतम प्रयोग तथा एंटीबायोटिक के न्यूनतम उपयोग की संभावनायें सामने आई हैं।

भारत में वर्ड इकोनोमिक फोरम के एआई फार एग्रीकल्चर इनोवेशन पहल से खेती में एआई के प्रयोग से क्राति आ रही है। बिल एवं मिलिंडा गेट्स फाउंडेशन ने तेलंगाना के खम्माम जिले में 'सागू बागू' पायलट परियोजना शुरू की है। इस परियोजना से 7000 किसानों को लाभ हुआ है, मिर्च उत्पादन में 21 प्रतिशत वृद्धि हुई है तथा कीटनाशक उपयोग में 9 प्रतिशत व उर्वरक प्रयोग में 5 प्रतिशत कमी आई है। इसके परिणामस्वरूप किसानों की आय दूनी हुई है और एक फसल में उनको प्रति एकड़ 66,000 रुपये की आय हुई है। कुल मिला कर भारत में 175 फार्मों पर 175 एआई हस्तक्षेपों से भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद-आईसीएआर के अनुसार फसलों की उत्पादकता में 30 प्रतिशत वृद्धि हुई है। इस प्रकार भारतीय कृषि का भविष्य परंपरा और खोजों के सम्मिश्रण पर निर्भर है। बढ़ती जनसंख्या और घटते संसाधनों को देखते हुए सटीक खेती 1.7 बिलियन लोगों को लगातार खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के दृष्टिकोण से बहुत जरूरी है। कृषि मशीनीकरण के लाभ हमारे देश के हर कोने तक पहुंचने चाहिए ताकि कृषि क्षेत्र में विभाजक रेखाओं को समाप्त कर समावेशन को बढ़ावा दिया जा सके।

ऐसे में डिजिटल डिवाइड से प्रभावित छोटे किसानों पर खास ध्यान देना जरूरी है। भारतीय कृषि का भविष्य तकनीक केन्द्रित कृषि परिस्थितिकी तंत्र पर निर्भर है जिसमें किसानों का सशक्तीकरण, प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण तथा भावी पीढ़ियों की खाद्य सुरक्षा समाहित है।

एक सफल व्यक्ति की विशेषताएं

> हमें ब्रह्मांड से ऐसे अवसर प्रदान करने के लिए कहने के लिए साहस और विनम्रता की आवश्यकता है, हम अपनी सभी सीमाओं को पीछे छोड़ दें।

रवि वलूरी
(लेखक, रेलवे से जुड़े हैं)

हमारा एक हिस्सा ऐसा है जो हमें तब तक संतुष्ट नहीं होने देता जब तक हम वह सब नहीं बन जाते जो हम बनने में सक्षम हैं। जीवन हमारी पिछली उपलब्धियों और उपलब्धियों पर आराम करने और अपने आराम क्षेत्र में रहने के बारे में नहीं है। यह सामान्य से असाधारण बनने का साहसिक कार्य है। किसी की वर्तमान स्थिति अच्छी हो सकती है, लेकिन यदि कोई बड़ा अवसर सामने आता है, तो उसे विस्तार के लिए तैयार रहना चाहिए। इसका मतलब यह नहीं है कि आपको भागना है या अपनी ईमानदारी का उल्लंघन करना है।

के वल उपयोग और स्ट्रेचिंग से ही मांसपेशियां मजबूत और लचीली रहती हैं और हमारा दिमाग भी ऐसा ही करता है। चुनौती ब्रह्मांड का मार्ग है और हमें रास्ता दिखाती है कि हम उतना ही बड़ा रूप और आकार धारण करते हैं। हमें उस अवसर की पहचान करने के लिए अपने सपनों और अपनी इच्छाओं को आशीर्वाद देना चाहिए जो छुपे हुए हैं क्योंकि कोने में कई संभावनाएं उत्पन्न होंगी। हमें ब्रह्मांड से ऐसे अवसर प्रदान करने के लिए कहने के लिए साहस और विनम्रता की आवश्यकता है, हम अपनी सभी सीमाओं को पीछे छोड़ दें और ब्रह्मांड द्वारा निर्धारित शानदार और विशाल जीवन जीने के लिए आगे बढ़ें।

सफल लोग अपने हाथ आगे बढ़ाते हैं और जिम्मेदारी लेते हैं जो उन्हें अज्ञात क्षेत्रों में प्रवेश करने का अधिकार देता है। इससे उनके प्राण/चि का स्तर, ध्यान की अवधि और कार्य की प्रकृति बढ़ती है, जिससे व्यक्तित्व में एक नया आयाम जुड़ता है। सफल लोग कभी भी अपने दृष्टिकोण में सीधे-सीधे नहीं रहते और जोखिम लेने में आनंद लेते हैं। के वल जोखिम लेने वाले ही गेम-चेंजर बनते हैं।

राहुल बजाज के बेटे राजीव और संजीव ने स्कूटर बनाने के लिए सेवामुक्त हो चुके आईएनएस विक्रांत के स्क्रैप को बचाने का एक आकर्षक विचार शुरू किया। यह एक नवोन्मेषी विचार था, जिसमें स्क्रैप का नये तरीके से उपयोग किया गया। जबकि अभ्यास का मूल उद्देश्य लाभ उत्पन्न करना हो सकता है, अप्राप्य विचार दुस्साहसी है। इसलिए, सफल उद्यमी कभी भी किसी विचार को खत्म नहीं करते। एक सरल विचार मौलिक खोज के लिए एक मंच हो सकता है। एक अद्भुत विचार लुभावनी और आश्चर्यजनक, आश्चर्यजनक और विस्मयकारी है। जब विचार अंकुरित होता है तो कुछ अद्भुत घटित होता है। बड़ा सोचें और उन लोगों की न सुनें जो आपसे कहते हैं कि यह नहीं किया जा सकता। टिम फेरिस लिखते हैं, छोटा सोचने के लिए जीवन बहुत छोटा है। ब्रह्माण्ड हमारे गहनतम विचारों को सुनता है। यदि विचार सकारात्मक है, तो हमें सकारात्मक परिणाम मिलते हैं।

जीवन का मुख्य सिद्धांत यह सुनिश्चित करना है कि हम के वल सकारात्मक विचार ही प्राप्त करें और प्रसारित करें। हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि हम हमेशा प्रभावशाली लोगों से घिरे रहें। जिम्मेदारी निभाते रहें और सुनिश्चित करें कि हमारे पास हां करने वाला मन है। सफल उद्यम यह सुनिश्चित करते हैं कि उनका कार्यबल टीमों में काम करते समय सद्भाव और तालमेल के साथ प्रदर्शन करे।

ब्रह्मांड आकर्षण के नियम, प्रचुरता के नियम, कृतज्ञता के नियम और सर्पिल प्रभाव के नियम में विश्वास करता है। यह सब उस चीज़ में परिवर्तित हो जाता है जिसे डैरेन हार्डी यौगिक प्रभाव कहते हैं। इसके बाद, हमें हमेशा धन्य महसूस करना चाहिए और विश्वास रखना चाहिए कि एक श्रेष्ठ शक्ति हमारे प्रयासों में हमारा मार्गदर्शन कर रही है। एक श्रेष्ठ बुद्धि है जो हमेशा हमारे लिए अद्भुत अवसर पैदा कर रही है और इन्हें विनम्रता के साथ पकड़ना चाहिए।

एक विजयी व्यक्ति अपने विश्वास को इस विचार पर टिका देता है कि ईश्वर हर चीज का ख्याल रखेगा और वह के वल उस श्रेष्ठ शक्ति पर विश्वास रखता है। सफल लोग इन सिद्धांतों पर काम करते हैं जहां फुटबॉल एक परवलय की तरह घूमती है और नेट में प्रवेश करती है और हम स्तब्ध रह जाते हैं और खड़े होकर तालियां बजाते हैं। यही चमत्कार किया गया है। इसे सर्वशक्तिमान की शक्ति या ब्रह्मांड की वास्तुकला कहना चुनें। लेकिन यह सकारात्मक सोच और सफल होने की शक्ति के आधार पर काम करता है।

आप की बात

बेतुके बयान

अभिव्यक्ति की आजादी का इससे अधिक मखौल और क्या हो सकता है कि इस समय बेतुके बयान देने की होड़ मची है। सैम पित्रोदा के रंगभेदी दृष्टिकोण वाले बयान से कांग्रेस ने उनके इस्तीफे से छुट्टी पाई ही थी कि उसके वरिष्ठ नेता मणिशंकर अय्यर का पाकिस्तान प्रेम जागृत हो गया। उन्होंने कह दिया कि पाकिस्तान नाभिकीय आयुध संपन्न देश है, इसलिए उसका सम्मान होना चाहिए। कांग्रेस के एक नेता ने तो अयोध्या में राम मंदिर के शुद्धीकरण की बात कह डाली। उन्होंने कहा कि विपक्षी गठबंधन इंडिया की सरकार बनने पर मंदिर का शुद्धीकरण कराया जाएगा। इंडिया गठबंधन में शामिल सपा के विद्वान प्रोफेसर राम गोपाल ने तो राम मंदिर को बेकार तथा उसके नक्शे को खराब बता डाला। राम मंदिर के बारे में ऐसे बेतुके बयानों का कोई औचित्य नहीं है। देश में उपलब्ध सर्वश्रेष्ठ इंजीनियरों, वैज्ञानिकों व भू-वैज्ञानिकों के साथ ही वास्तुविदों ने प्राचीन भारतीय मंदिरों का विस्तृत अध्ययन कर अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण कराया है। इसके निर्माण के साथ ही प्राण प्रतिष्ठा में सभी भारतीय परंपराओं व शास्त्रोक्त पद्धतियों का पूरा ध्यान रखा गया है। इन बेतुके बयानों से विपक्ष देश की नजरों में अपनी ही छवि खराब कर रहा है जिसका खामियाजा उसे भुगतना पड़ेगा।

- शकुंतला महेश नेनावा, इंदौर

भ्रूण का लिंग परीक्षण

भ्रूण का लिंग परीक्षण लंबे समय से चिकित्सा क्षेत्र में अनैतिकता तथा समाज में व्याप्त महिला-विरोधी दृष्टिकोण का प्रतीक रहा है। अब डॉक्टर की चूक पर उनको दंड से बचाने के लिए भ्रूण के लिंग परीक्षण मामलों में छूट देने की मांग की जा रही है। यह सरासर गलत है। अभी ऐसे परीक्षण करने वाले डॉक्टरको 3 वर्ष की कठोर सजा का नियम है, लेकिन इसके बावजूद पैसा फेंक कर लोग देश में या विदेश में जाकर भ्रूण परीक्षण करवा कर कन्या भ्रूण होने पर उसका अबॉर्शन भी करवा रहे हैं। ऐसी हालात में भ्रूण परीक्षण कानून में छूट देने के बारे में सोचा भी नहीं जाना चाहिए। भ्रूण का लिंग परीक्षण तथा कन्या भ्रूण की हत्या देश में लंबे समय से व्याप्त महिला-विरोधी प्रवृत्ति का नतीजा है। हालांकि, अब पढ़े-लिखे शहरी मध्यवर्ग में महिला-विरोधी प्रवृत्ति में भारी कमी आई है, पर यह सामंती सोच वाले कुछ ग्रामीण व कस्बाई क्षेत्रों में अब भी जारी है। जन्म लेने के बाद भी कुछ लोग कन्याओं को दूसरे दर्जे का व लड़कों से हीन मानते हैं। इस कारण उनको सताने के प्रयास होते हैं तथा खाने पीने से लेकर पढ़ाई-लिखाई तक दोयम दर्जे का व्यवहार किया जाता है। ऐसी सोच बदलने की जरूरत है, उम्मीद है कि समय के साथ बदलेगी भी।

- सुभाष बुडावन वाला, रतलाम

जनसंख्या असंतुलन

देश में उपलब्ध प्राकृतिक और अन्य संसाधनों व सुविधाओं के मद्देनजर आबादी का बेलगाम बढ़ना ही चिंतनीय है। किंतु धार्मिक आधार पर अधिक बच्चे पैदा करने की प्रवृत्ति देश की जनसंख्या संरचना और इस कारण देश की सांस्कृतिक, धार्मिक व राजनीतिक संरचना के लिए खतरा बन सकती है। प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद द्वारा जारी रिपोर्ट के अनुसार भारत में गत 65 वर्षों में हिंदू आबादी 7.82 प्रतिशत घटी, जबकि मुस्लिम आबादी 43.15 प्रतिशत बढ़ी है। यही स्थिति पड़ोसी देश नेपाल में है जबकि 38 मुस्लिम बहुसंख्यक देश में मुसलमानों की संख्या लगभग 70 प्रतिशत से अधिक बढ़ी है। मुस्लिम देशों में रहने वाले दूसरे धर्मानुयाइयों की संख्या में 22 प्रतिशत से अधिक कमी आई। इस तरह का बढ़ता जनसंख्या असंतुलन अनेक देशों में समस्याओं का कारण बन रहा है। भारत में ऐसे असंतुलन से बचने के लिए समान नागरिक संहिता तथा व्यापक रूप से स्वीकार्य जनसंख्या नीति की जरूरत है। इसके साथ ही सभी धर्मों में छोटे परिवारों को प्रोत्साहन देने के आर्थिक कदमों के साथ ही यह चेतना पैदा करने की भी जरूरत है कि बच्चों का पालन-पोषण अंततः उसके माता-पिता की जिम्मेदारी है।

- बीएल शर्मा, उज्जैन

हड़ताल के सबक

टाटा के अधिग्रहण के बावजूद एयर इंडिया में विमानन सेवा प्रबंधन की कमी है। चालक दल के सदस्यों के अचानक सामूहिक रूप से छुट्टी लेने और इसके चलते कई हवाई सेवाओं के निरस्त करने का खामियाजा यात्रियों को भुगतना पड़ा। हो सकता है किसी का इंटरव्यू रहा हो, किसी को मेडिकल इलाज की जरूरत रही हो या अन्य भी कारण हो सकते हैं। सोचने वाली बात यह है कि क्या टाटा समूह का मैनेजमेंट इतना सुस्त पड़ गया और अदूरदर्शी हो गया है कि वह पुराने अनुभवों से सबक नहीं ले पाया। टाटा समूह द्वारा एयर इंडिया का अधिग्रहण करने और बड़ी संख्या में आधुनिकतम विमान खरीदने के आदेश से जनता में बहुत उम्मीदें जगी थीं। लेकिन इस हड़ताल से उनको धक्का लगा है। हालांकि, टाटा समूह ने तुलनात्मक रूप से स्थिति पर जल्दी नियंत्रण पाने में अपनी क्षमता प्रदर्शित की, लेकिन भविष्य में प्रबंधन को इस हड़ताल से समुचित सबक लेने होंगे। भारत सरकार को भी विमानन सेवाओं में कर्मचारियों के वेतन व भत्ते के बारे में सलाह देनी चाहिए। विमानन जैसी सेवाओं में हड़ताल की परिस्थिति नहीं बननी चाहिए।

- भगवानदास छारिया, इंदौर

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।

आंधी तूफान से 40 ट्रांसफार्मर से गिरा डीओ, जनता रहे परेशान

विद्युत कंपनी के कर्मचारी लाइन सुधारने में लगे रहे

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

तेज आंधी तूफान के बाद बिजली व्यवस्था पूरी तरह शहर की ठप हो गई और 40 स्थान के ट्रांसफार्मर से डी ओ गिर जाने से अफरा तफरी मच गई। पूरे बेमेतरा शहर में लगभग 2 घंटे तक बिजली व्यवस्था बंद रही। अचानक मौसम में बदलाव हुआ और आंधी तूफान के साथ ओलावृष्टि के साथ लगभग आधे घंटे तक जमकर बारिश हुई। तूफान का वेग इतना अत्यधिक था कि ग्रामीण क्षेत्र के सात स्थानों पर पेड़ गिर जाने के कारण बिजली की सप्लाई बाधित हो गई तथा तार टूट गए। जैसे तैसे विद्युत कर्मचारी शनिवार रात को बिजली बहाल करने में लगे रहे फिर भी शहर की आधी आबादी की बिजली व्यवस्था रात भर बंद रही। आंधी तूफान से सर्वाधिक प्रभावित शहर के बीटीआई और कोबिया वार्ड के निवासियों को हुई। बिजली तार में अनेक स्थानों पर पेड़ के डंगाल टूट कर फंस जाने के कारण विद्युत कर्मियों को अंधेरे में रात भर फाल्ट ढूंढने में समय लग गया, अंततः रविवार शाम तक बिजली व्यवस्था बहाल की गई। शनिवार को लगभग 6:15 बजे अचानक मौसम में बदलाव हुआ और देखते ही देखते तेज आंधी तूफान शुरू होने के बाद चने के आकार में ओले के साथ बारिश होने लगी। आंधी के कारण पेड़ पौधे भी धाराशाही हो गए वहीं बिजली के तार टूट जाने से बिजली बंद हो गई, जिसमें नगर के गश्ती चौक पंजाबी पारा में तार टूटने से बिजली बंद रही तथा 9 घंटे तक लगातार कोबिया वार्ड में बिजली बंद थी मस्जिद के पास भी समस्याएं बनी रही। पीजी कालेज के सामने रातभर बिजली बंद था इसके अलावा किसान वार्ड 21 तथा जहाजपुर रोड, सर्किट हाउस में ब्रेकडाउन के कारण समस्याएं उत्पन्न हो गई। सिघौरी वार्ड के अलावा शहर में रात के समय बिजली बहाल करने के बाद भी लो वोल्टेज की समस्या बनी रही रजिस्ट्री ऑफिस के पास निलगिरी पेड़ का डंगाल तार में टूट गया। जिला अस्पताल के ओपीडी और एक्सरे की लाइट बंद हो गई। विद्यानगर में भी समस्याएं बनी रही तथा 11 केवी के तार में झाड़ आ जाने से नगर की बिजली व्यवस्था बंद हो गई।

विद्युत कर्मचारी से मारपीट, थाने में शिकायत

पहले लाइट चालू सुधारने के नाम पर विद्युत कंपनी के कर्मचारियों से पंजाबी पारा में अज्ञात लोगों के द्वारा मारपीट की शिकायत कोतवाली थाने में की गई है। इस संबंध में सहायक यंत्री गुलाब साहू ने बताया कि आंधी तूफान के बाद पूरे शहर की लाइट बंद हो गई। मेजर प्रॉब्लम को पहले सुधारने में लगे कर्मचारियों को तत्काल तार टूटने पर पंजाबी पारा में पहले काम करने की शिकायत दर्ज की गई। विद्युत कर्मी मेजर काम को छोड़कर पंजाबी पारा पहुंचे। इसी दरमियान कुछ अज्ञात लोगों ने सहायक लाइनमैन लक्ष्मण के साथ मारपीट कर दी, जिससे 2 घंटे बिजली व्यवस्था सुधारने का काम शहर में बंद रहा। थाने में शिकायत की गई। इसके पश्चात कर्मचारियों को अधिकारी मना कर लाए तब जाकर बिजली सुधारने का काम शहर में शुरू हुआ।

ग्रामीण क्षेत्र में पांच बिजली के खम्बे टूटे

आंधी तूफान के बाद सर्वाधिक प्रभावित बिजली के खंबे हुए। जिसमें ग्राम भीमपुरी में 1 निनावा में 2 बहेरा में 4 एवं पीपरभट्ठा में 1 बिजली खंभा टूट जाने से ग्रामीण क्षेत्र के लगभग 30 से 35 गांव अंधेरे में डूब गए। बिजली वितरण केंद्र बाबा मोहतरा, बालसमंद खिलौरा क्षेत्र के गांव प्रभावित हुए। रात के समय शहर में बिजली मेंटेन करने के पश्चात ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली व्यवस्था बहाल की गई।

10 किलोमीटर की परिधि में रहा तूफान का असर

शनिवार 6:15 बजे शाम के समय आए अचानक आंधी तूफान का असर बेमेतरा शहर के आसपास लगभग 10 किलोमीटर की परिधि में रहा, इसी के भीतर आंधी तूफान ओलावृष्टि के साथ जमकर बारिश हुई, जिससे बिजली बंद हो गई और तार टूटने के साथ ही साथ लगभग 35 से 40 ट्रांसफार्मर के डी ओ गिर गए। बिजली बंद हो गया और लो वोल्टेज की समस्या शुरू हो गई।

विद्युत कंपनी बेमेतरा संभागीय कार्यालय के सहायक यंत्री गुलाब साहू ने बताया कि आंधी तूफान के कारण विद्युत विभाग को व्यापक नुकसान पहुंचा है। शादी विवाह के सीजन के कारण कर्मचारियों की कमी बनी हुई है। संसाधन कम होने के बावजूद अल्प समय में बिजली व्यवस्था शहर और ग्रामीण क्षेत्र में बहाल की गई। एक कर्मचारी के साथ पंजाबी पारा के कुछ अज्ञात लोगों के द्वारा मारपीट कर देने के कारण कर्मचारी यूनियन के द्वारा थाने में शिकायत दर्ज की गई है। जिससे बिजली सुधारने का काम कर्मचारियों में नाराजगी हो जाने से 2 घंटे बिजली व्यवस्था बहाल करने में विलंब हुआ। रविवार सुबह तक सभी विद्युत फॉल्ट सुधार लिए गए।

समाधान कॉलेज के संजय निर्जके डीएलएड के मेरिट में द्वितीय तथा पायल चौथे स्थान पर

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

पंडित सुंदरलाल शर्मा मुक्त विश्वविद्यालय बिलासपुर द्वारा अधिसूचित प्रावीण्य सूचियां में क्षेत्रीय केंद्र दुर्ग के अंतर्गत विभिन्न अध्ययन केंद्रों में पंजीकृत विद्यार्थियों ने बड़ी संख्या में बाजी मारी है। सत्र जनवरी-दिसंबर 2022 में संपन्न सत्रांत परीक्षा की प्रावीन्य सूची में क्षेत्रीय केंद्र दुर्ग के अंतर्गत अध्ययन केंद्रों के 44 विद्यार्थियों ने प्रवीण्य सूची में अपना स्थान बनाया है। इसी तरह जून-जुलाई 22-23 में संपन्न सत्रांत परीक्षाओं की प्रवीण्य सूचियों में क्षेत्रीय केंद्र दुर्ग के अंतर्गत अध्ययन केंद्रों के 44 शिक्षार्थियों ने स्थान हासिल किए हैं। जिसमें समाधान महाविद्यालय बेमेतरा से डीएलएड से संजय निर्जके ने द्वितीय एवं पायल ने चौथे स्थान बनाकर संस्था एवं शिक्षको का मान बढ़ाया है। समाधान महाविद्यालय के समन्वयक उमेश सिंह राजपूत, होरीलाल देवांगन, निधि तिवारी, लक्ष्मीनारायण साहू, डॉ. जीडी मानिकपुरी, रूपेंद्र डहरिया सहित सभी स्टाफ ने छात्रों को शुभकामनाएं दी है। साथ ही विश्वविद्यालय के कुलपति ने सभी टॉपर को बधाई ज्ञापित किया। इस अवसर पर संस्था के डायरेक्टर डॉ. अवधेश पटेल एवं अविनाश तिवारी ने छात्रों एवं शिक्षको को शुभकामनाएं दी।

जिले में गणित विषय से 12वीं उत्तीर्ण विद्यार्थियों के लिए डेयरी टेक्नोलॉजी अध्ययन का सुनहरा अवसर

बेमेतरा। गणित विषय से 12वीं पास करने वाले छात्रों के लिए डेयरी टेक्नोलॉजी में एक सुनहरा अवसर है। यह अवसर उन्हें न केवल नए क्षेत्र में स्थापित होने का मौका देता है, बल्कि उन्हें एक स्थिर और लाभदायक करियर की दिशा में भी ले जाता है। डेयरी उद्योग विश्वभर में तेजी से विकसित हो रहा है, और इसके साथ ही डेयरी टेक्नोलॉजी की मांग भी बढ़ रही है। डेयरी टेक्नोलॉजी विषय में अपना भविष्य सुनिश्चित करने के लिए बेमेतरा जिले के विद्यार्थियों के लिए छत्तीसगढ़ शासन एवं दाउ वासुदेव चन्द्राकर कामधेनू विश्वविद्यालय द्वारा संचालित यह पाठ्यक्रम अत्यंत उपयोगी सिद्ध हो रहा है। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा दाऊ वासुदेव चन्द्राकर कामधेनू विश्वविद्यालय के अंतर्गत बेमेतरा जिले के चोरभट्टी ग्राम में डेयरी पॉलीटेक्निक महाविद्यालय की स्थापना वर्ष 2021 में की गई है।डेयरी पॉलीटेक्निक की स्थापना का मुख्य उद्देश्य जिले के गणित विषय के साथ 12वीं परीक्षा उत्तीर्ण विद्यार्थियों को पूरे प्रदेश एवं देश में तेजी से बढ़ रहे डेयरी उद्योग एवं निरंतर स्थापित हो रहे डेयरी संयंत्रों में नियोजन हेतु डेयरी टेक्नोलॉजी की शिक्षा प्रदान कर तकनीकी रूप से निपुण बनाने का है।'

जनसूचना अधिकारी के खिलाफ श्याम जायसवाल ने की अपील दायर

पायनियर संवाददाता ◄ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

भाजपा युवा नेता श्याम जायसवाल ने बालोद जिला खनिज संस्थान न्यास के जनसूचना अधिकारी पर बड़ा आरोप लगाते हुए कहा की जनसूचना अधिकारी लगातार भ्रामक जानकारी देकर लोगों को सूचना के अधिकार अधिनियम से वंचित कर रहे हैं और बेखौफ आरटीआई कानून की धज्जियां उडा रही है। श्याम जायसवाल ने कहा कि उनके द्वारा सूचना के अधिकार अधिनियम 2005 के तहत बालोद जिला में 4 अलग अलग आवेदन लगाये गए थे जिसमें 1. जनवरी 2019 से दिसम्बर 2023 तक बालोद जिला खनिज संस्थान न्यास से क्या क्या कार्य कराये गये इसकी वर्ष वार सूची मांगी गई थी। 2 जनवरी 2019 से दिसम्बर 2023 तक बालोद जिला खनिज संस्थान न्यास में कब कब कितनी राशि प्राप्त हुई है। वर्षवार जानकारी मांगी गई। 3. जनवरी 2019 से दिसम्बर 2023 तक बालोद जिला खनिज संस्थान न्यास के लेखा कैशबुक की सत्यापित छायाप्रति मांगी गई। 4. जनवरी 2019 से दिसम्बर 2023 तक बालोद जिला खनिज संस्थान न्यास की बैठक पंजी मांगी गई। इन सभी जानकारी के बदले जनसूचना अधिकारी द्वारा उनके पास कोई सूची या जानकारी उपलब्ध नही होने के कारण जानकारी नही दिया जा सकता इस प्रकार का गैरजिम्मेदाराना पत्र लिख कर भ्रामक जानकारी दिया गया है। जनसूचना अधिकारी के खिलाफ श्याम जायसवाल ने प्रथम अपील दायर किया है। जिसमे चाही गई जानकारी उपलब्ध कराने के साथ ही जनसूचना अधिकारी के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की मांग भी की गई है। अब देखना होगा प्रथम अपीलीय अधिकारी के यहाँ इस मामले का निराकरण होता है और श्याम जायसवाल को चाही गयी जानकारी मिल पाती है या उन्हें जिला खनिज से सम्बंधित जानकारी के लिए द्वितीय अपील दायर कर राज्य सूचना आयोग जाना पड़ेगा। श्याम जायसवाल ने आगे कहा कि ऐसा लगता है जनसूचना अधिकारी खनिज न्यास निधि से सम्बंधित कोई भी जानकारी देना नही चाहते वर्तमान में कई सरकारी अधिकारी अब भी कांग्रेस की पूर्व सरकार के नमक का हक अदा कर रहे हैं। उनके शासन काल मे हुए भ्रष्टाचार को छुपाना चाहते हैं। इसलिए ही जिमेदार पद पर बैठने के बाद भी इस प्रकार का गैरजिम्मेदाराना पत्र लिख रहे हैं। आरटीआई कानून की धज्जियां उडा रहे। श्याम जायसवाल ने ऐसे अधिकारियों को कड़े शब्दों में चेतावनी देते हुए कहा है कि जो भी अधिकारी कॉग्रेस के भ्रष्टाचार को छुपाने की कोशिश कर रहा उन्हें ध्यान रखना चाहिए कि वर्तमान में छत्तीसगढ़ में विष्णदेव साय की सरकार है और अब कोई भी भ्रष्टाचारी अधिकारी व नेता बच नही पायेगा। श्याम जायसवाल ने कहा कि बालोद जिला की वर्तमान परिस्थितियों व खनिज न्यास से सम्बंधित समस्त दस्तावेज शीघ्र ही मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय व उपमुख्यमंत्री व बालोद जिला के प्रभारी मंत्री विजय शर्मा तक पहुँचाया जायेगा।

राजहरा में पानी की समस्या को लेकर बोर खनन करवाने कलेक्टर से की मांग

पायनियर संवाददाता ◄ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

जिला कलेक्टर से 13 मई को बालोद कार्यालय में चर्चा हुई। कलेक्टर ने काफी सहज और सरल भाव से राजहरा व्यापारी संघ की टीम से चर्चा की। राजहरा व्यापारी संघ के अध्यक्ष गोविंद वाधवानी ने राजहरा में पानी की समस्या को लेकर बोर खनन करवाने की मांग की जिस पर उन्होंने तत्काल बीएसपी प्रबंधन को निर्देशित किया कि जहां परेशानी है वहां तत्काल बोर करवाया जाए। जल आवर्धन योजना के विषय में उन्होंने हमारे सामने ही जिला स्तरीय अधिकारियों से बात की और रायपुर में संबंधित विभाग से भी बात की, जहां बताया गया कि यह योजना रिवाइज के लिए गया हुआ है। उसे भी प्रयास कर जल्द से जल्द शीघ्र करवाया जाएगा। जमीन की खरीदी तथा उसकी रजिस्ट्री व डायवर्सन का सरली करण करने का आग्रह हमने किया इस पर उन्होंने जानकारी दी की शासन का जल्द आदेश आने वाला है जिससे हर किसी के लिए जमीन की रजिस्ट्री एवं डायवर्सन करने में कोई दिक्कत नहीं होगी और बहुत ही सरलता से लोगों के काम हो जाएंगे। वाधवानी ने बताया कि मुख्य मार्ग के पुराना बाजार चौक, बस स्टैंड चौक, एवं गुप्ता चौक पर हाई मास्क लाइट लगाने का निवेदन हमने किया, इस पर कलेक्टर डीएमएफ में फंड से उसे स्वीकृत किया जाएगा ऐसा वचन दिया है। उन्होंने आगे कहा कि केंद्रीय विद्यालय की टीम दो दिन पहले दल्लीराजहरा जाकर निरीक्षण कर गई है। वहां से ओके होने पर ही विद्यालय चालू हो जाएगा हमारी ओर से कोई कार्य रुका नहीं है ऐसा कलेक्टर ने कहा। उनसे मुलाकात करके काफी अच्छा लगा काफी समय हमारी टीम को उन्होंने दिया।

नवोदय विद्यालय के बच्चों नें सीबीएसई बोर्ड कक्षा 12वीं के परिणाम में लहराया अपना परचम




पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

जवाहर नवोदय विद्यालय बेमेतरा के होनहार विद्यार्थियों का उत्कृष्ट परिणाम उत्सवधर्मिता की अनुपम अभिव्यक्ति है। यह सार्थक परिणाम निश्चय ही विद्यालय की रीढ़ प्राचार्य की कर्मठता, उचित प्रबंधन क्षमता एवं बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के प्रति प्रतिबद्धता का निचोड़ है और सभी विद्वान विषय शिक्षकों की मेहनत व दृढ़इच्छाशक्ति का पारितोषिक है। सभी विद्यार्थियों की यह सफलता उनके दिन प्रतिदिन छोटे-छोटे प्रयासों का योग है। पूरे विद्यालय में क्रमशः प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी, युगल किशोर देवांगन 95%, वहीं योगेश कुमार सिन्हा 91% और चेतन पटेल 89.80% अंक हासिल किया। कक्षा 12वीं के इस परिणाम में विद्यालय के 20 बच्चे 75-89%, एवं 7 बच्चे 60-74% प्राप्त किए हैं। तथा 3 बच्चे 90% अंक हासिल कर जवाहर नवोदय विद्यालय बेमेतरा तथा अपने माता पिता व समाज का नाम रोशन किया।

भारतीय टीम विश्व एशिया चयन प्रतियोगिता में टेकाम का चयन छत्तीसगढ़ से

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

इंडियन बाडी बिलिंडरस फेडरेशन के तत्वावधान में बाडी बिलिंडर्स ऐसोसियशन केरला द्वारा आयोजित भारतीय टीम विश्व, ऐशिया चयन प्रतियोगिता 11 से 12 मई तक आयोजित की गई। जिसमें बेमेतरा जिले में सहकारिता विभाग में कार्यरत महेंद्र कुमार टेकाम वरिष्ठ सहकारिता निरीक्षक को टीम चयन हेतु छत्तीसगढ़ प्रदेश की ओर से चयनित किया गया के परिपालन मे सफलतापूर्वक निर्णायक का कार्य करने पर टेकाम का मंच पर सम्मानित होने का अवसर मिला। इसके लिए टेकाम ने इंडियन बाडी बिलिंडर्स फेडरेशन परिवार और केरला बाडी बिलिंडर्स ऐसोसियशन परिवार का बहुत-बहुत धन्यवाद दिया है।

जिला टास्कफोर्स एवं अंतर्विभागीय समिति की बैठक सम्पन्न

व्यापक रूप से प्रचार-प्रसार एवं टीकाकरण कर जिले को बनाए टीबी मुक्त : कलेक्टर

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

कलेक्टर रणबीर शर्मा की अध्यक्षता में कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी बेमेतरा के सभाकक्ष में वयस्कों में बी.सी.जी. टीकाकरण करने हेतु अन्तर्विभागीय समन्वय के लिए जिला टास्क फोर्स समिति की बैठक का आयोजन किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संतराम चुरेन्द्र के द्वारा समिति के सदस्यों को वयस्कों में बी.सी.जी. टीकाकरण के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। कलेक्टर रणबीर शर्मा ने कहा की जिले में व्यापक प्रचार प्रसार कर जिले में अभियान चलाया जाये। सभी टीकाकरण करने वाले कर्मचारियों को आवश्यक प्रशिक्षण दी जाये। इस हेतु कलेक्टर रणबीर शर्मा द्वारा सर्वे पूर्व सभी स्तर के कर्मचारियों को प्रशिक्षण प्रदाय किये जाने के निर्देश दिए गए इसके साथ ही टीकाकरण करने वाले कार्यकर्ताओं को विशेष प्रशिक्षण प्रदाय करने को कहा। जिलाधीश ने समन्वय बैठक के दौरान उपस्थित समस्त विभागाध्यक्ष समाज कल्याण विभाग, नगरीय निकाय, महिला बाल विकास विभाग, आदिम जाति कल्याण विभाग, अनुसूचित जनजाति विभाग, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग एवं मितानिन कार्यक्रम के अधिकारियों को आवश्यक समन्वय स्थापित करते हुए व्यस्क बी.सी.जी. टीकाकरण अभियान को सफलतापूर्वक क्रियान्वयन करने के निर्देश दिए। उन्होंने विभागीय अधिकारी/कर्मचारी जो कि बी.सी.जी. टीकाकरण अभियान के निर्धारित मापदंड को पूर्ण करते है, उन्हे प्राथमिकता के साथ टीकाकृत कराने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं एवं मितानिनों के द्वारा जनसमुदाय में बी.सी.जी. टीकाकरण के फायदे के संबंध में अवगत कराते हुए टीकाकरण के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए गए। बैठक के समापन के दौरान कलेक्टर द्वारा व्यस्क बी.सी.जी टीकाकरण अभियान के सभी प्रकार के प्रशिक्षण एवं सर्वे संबंधी कार्यों को समय-सीमा के भीतर शतप्रतिशत तक पूर्ण करते हुए सफल क्रियान्वयन करने के निर्देश दिए गए। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संतराम चुरेन्द्र के द्वारा वयस्कों में बी.सी.जी. टीकाकरण अभियान प्रारंभ होने की जानकारी देते हुए बताया गया कि राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत वयस्कों में बी.सी.जी टीकाकरण का अभियान करने हेतु जिला टास्क फोर्स की बैठक आयोजित किया गया जिसमें जानकारी देते हुए बताया गया कि वयस्कों में बी.सी.जी. का टीकाकरण करने के लिए 06 मापदंड निर्धारित किया गया है। इसके अंतर्गत जिस व्यक्ति को विगत 05 वर्ष में टी.बी. संक्रमित हो चुका है, 60 वर्ष या उससे अधिक आयु के व्यक्ति को, तम्बाकू या धूम्रपान सेवन करने वाले (स्वयं घोषित) व्यक्ति को, विगत 03 वर्षों में टी.बी. मरीज के संपर्क में रहने वाले व्यक्ति को एवं (स्वयं घोषित) मधुमेह रोगी को 18 किलोग्राम प्रति वर्ग मीटर से कम बॉडी मास इंडेक्स वाले व्यक्ति को मितानिनों के माध्यम से सर्वे करके चिन्हांकित करते हुए मापदंड को पूर्ण करने वाले व्यक्ति को व्यस्क बी.सी.जी टीकाकरण के लिए लक्ष्यित लाभार्थी की सूची तैयार करके टी.बी. वीन पोर्टल में प्री-रजिस्ट्रेशन किया जाना है। जिसके लिए आवश्यक प्रशिक्षण विकासखण्डों एवं सेक्टर स्तर पर दिया जावेगा। मैदानी स्तर के अधिकारी/कर्मचारी के प्रशिक्षण उपरांत सर्वे में प्राप्त डाटा को आधार मानकर कार्य योजना तैयार करके टीकाकरण अभियान आयोजित किया जावेगा। उक्त बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत टेकचंद अग्रवाल, अपर कलेक्टर डा. अनिल वाजपेयी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला क्षय अधिकारी, जिला टीकाकरण अधिकारी, उपसंचालक समाज कल्याण विभाग, मुख्य नगरपालिका अधिकारी, समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत, जिला, खनिज अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग, उपसंचालक, जनसंपर्क, जिला मीडिया प्रभारी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक रा.स्वा.मि., जिला समन्वयक मितानिन कार्यक्रम एवं स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारीगण उपस्थित थे।

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय चांपा हिन्दी-अंग्रेजी माध्यम के छात्र छात्राओं का परीक्षाफल उत्कृष्ट

लड़कियों ने बाजी मारी और सर्वोच्च अंक हासिल किए

पायनियर संवाददाता ⮜ चांपा
www.dailypioneer.com

माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा 10/12वीं के लिए आयोजित 2024 मुख्य परीक्षा के परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। बोर्ड द्वारा घोषित परीक्षाफल का परिणाम उत्कृष्ट रहा। उल्लेखनीय है कि अंग्रेजी माध्यम दसवीं बोर्ड परीक्षा में 48 परीक्षार्थियों ने सम्मिलित हुए जिसमें से 46 परीक्षार्थियों के द्वारा प्रथम श्रेणी में स्थान अर्जित किया गया। सिर्फ 02 परीक्षार्थी ही द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। इसी प्रकार कक्षा 12वीं में कुल 46 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए जिसमें 36 परीक्षार्थियों ने सफलता हासिल किए। इस संबंध में अंग्रेजी माध्यम के शिक्षिका रुपाली राठौर एवं अजय अग्रवाल ने बताया कि दसवीं बोर्ड परीक्षा में कु. गीतांजलि साहू 91.3%, अंक अर्जित कर कक्षा में प्रथम स्थान अर्जित की है। कु. सिद्धि सोनी 90% कु. काजल दुबे 89.66% एवं अंग्रेजी माध्यम कक्षा 12वीं में प्रिंसी देवांगन 87.80%, अंक अर्जित कर कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त की है। विकास कुर्रे 81.4%, ओम केसरवानी 80% के साथ सफलता प्राप्त किए हैं। इसी प्रकार निमिषा जेम्स, सीमा राठौर ने बताया कि स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय चांपा में संचालित हिंदी माध्यम के कक्षा 10वीं में कुल 40 विद्यार्थीगण सम्मिलित हुए जिसमें 39 विद्यार्थियों ने सफलता अर्जित किए हैं। कक्षा दसवीं के युवराज कुमार यादव 89.33%के साथ कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। संस्कार देवांगन 89.6 एवं मुस्कान कुर्रे ने 84.63त्न के साथ सफलता हासिल किए हैं। इसी प्रकार कक्षा 12वीं में कुल 70 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए जिसमें 55 परीक्षार्थीयों ने विशेष योग्यता के साथ सफलता प्राप्त किए हैं। जिसमें कॉमर्स संकाय के कु. मोहिनी सोनी 84% के साथ कक्षा में प्रथम स्थान दर्ज की हैं ।समीर देवांगन 83.4% वीरेंद्र 81% के साथ परीक्षा में सफलता दर्ज किए हैं। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय के प्राचार्य निखिल मसीह ने बच्चों के उत्कृष्ट सफलता एवं विद्यालय का गौरव बढ़ाने के लिए सभी छात्र-छात्राओं को बधाई व आशीर्वाद प्रदान किए हैं। प्राचार्य निखिल मसीह ने बधाई देते हुए कहा है कि हमें बेहद खुशी है कि इस वर्ष के परीक्षा परिणाम हमारे विद्यालय के साथ ही छात्र छात्राओं के उज्जवल भविष्य की प्रतीक साबित हुए हैं।

छात्र-छात्राओं, आप सभी ने अपनी मेहनत, दृढ़ संकल्प और परिश्रम से परीक्षाओं का सामना किया है। आपके अद्वितीय प्रयासों का परिणाम है कि हमें आज यहां उत्कृष्टता की उच्चतम श्रेणी के साथ गर्व महसूस हो रहा है। बोर्ड द्वारा परीक्षाफल घोषित होने पर हिन्दी माध्यम के प्रभारी प्राचार्य रमाकांत साव ने कहा है कि छात्र छात्राओं के उत्कृष्ट परिणाम हमारे विद्यालय की शिक्षा नीति और शिक्षकों, छात्र छात्राओं की कठिन परिश्रम का प्रमाण हैं। आपके इस उपलब्धि को लेकर हम सभी अत्यंत गर्वित हैं।परीक्षा प्रभारी निमिषा जेम्स ने सभी छात्र छात्राओं को बधाई देते हुए कहा है कि हम आपको और भी उच्चतम मानकों को प्राप्त करने के लिए प्रेरित करते हैं। आप सभी अपने सपनों को पूरा करने के लिए निरंतर प्रयासरत रहें। मैं आपके बृहत सफलता की कामना करती हूं। साथ ही संस्था के उप प्राचार्य भास्कर शर्मा,वरिष्ठ व्याख्याता आरपी मरकाम, रामचंद्र राठौर, रितु सिंह, गोविंद शर्मा, सचिन देव बर्मन, सविता महिलाओं, पिंकी पायल मेश्राम, रविन्द्र द्विवेदी, उमाशंकर चतुर्वेदी, राजकुमार तम्बोली, राजेश उपाध्याय, सोमनाथ पाण्डेय, मनोज बघेल, एवं अंग्रेजी माध्यम सहित विद्यालय के सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने छात्रों को उत्कृष्ट सफलता एवं संस्था का गौरव बढ़ाने के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित किए हैं।

अवैध प्लॉटिंग और खनिज उत्खनन पर सख्त हुए कलेक्टर

अविलंब कार्रवाई के दिए निर्देश

पायनियर संवाददाता ⮜ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

कलेक्टर अवनीश शरण ने अवैध प्लॉटिंग के मामलों पर सजगता से निगरानी के निर्देश राजस्व अधिकारियों को दिए है। उन्होंने कहा है कि अवैध प्लॉटिंग पर अविलंब सख्त कार्रवाई की जाए। इसी प्रकार उन्होंने अवैध खनिजों के उत्खनन एवं परिवहन पर भी कार्रवाई करने कहा है। कलेक्टर ने आज समय-सीमा की बैठक में इस आशय के निर्देश दिए है। जिला कार्यालय के मंथन सभा कक्ष में आयोजित बैठक में कलेक्टर ने कहा कि अवैध प्लॉटिंग और अवैध खनिजों के उत्खनन एवं परिवहन पर सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि जिले में किसी भी स्थिति में खनिजों का अवैध उत्खनन एवं परिवहन नही होना चाहिए। सभी एसडीएम और खनिज विभाग के अधिकारी खनिजों के अवैध उत्खनन एवं परिवहन पर संयुक्त कार्रवाई करे। कलेक्टर ने समय-सीमा के लंबित मामलों की समीक्षा करते हुए इन्हे भी तत्काल निराकृत करने के निर्देश दिए। पीएमओ पोर्टल में लंबित एक माह से अधिक के मामलों का तत्काल निपटारा करने कहा। नए शिक्षा सत्र के शुरू होने के पहले स्कूल भवनों की मरम्मत करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला अस्पताल में संचालित पोषण पुनर्वास केन्द्र की भी समीक्षा की। बैठक में सिविल सर्जन ने बताया कि फिलहाल एनआरसी में 22 बच्चे भर्ती है। कलेक्टर ने कहा कि एनआरसी में क्षमतानुसार बच्चों को भर्ती किया जाए। बच्चों की वेटिंग लिस्ट बनाकर रखी जाए जिससे बच्चों के डिस्चार्ज होने के बाद नये बच्चों को तुरंत भर्ती किया जा सके। बैठक में डीएफओ सत्यदेव शर्मा, जिला पंचायत सीईओ आरपी चौहान, एडीएम आर.ए. कुरूवंशी, शिव कुमार बनर्जी, सभी एसडीएम सहित सभी विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

कत्थक गुरू रामलाल बरेठ की कला साधना को राष्ट्रीय स्तर पर मिली पहचान

दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से मिला पद्मसम्मान

पायनियर संवाददाता ⮜ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

ायगढ़ घराने के प्रसिद्ध कत्थक गुरू रामलाल बरेठ की कलासाधना को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिली है। 9 मई को उन्हे राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के हाथों देश के तीसरे सबसे बड़े नागरिक सम्मान पद्मसे नवाजा गया। पद्मपुरस्कार मिलने से रायगढ़ और बिलासपुर वासियों में खुशी की लहर है, वहीं परिवार ने इसे वर्षों की कलासाधना का सम्मान बताया। रामलाल बरेठ अपनी कला को नई पीढ़ी तक पहुंचाने के लिए प्रयासरत है, और छत्तीसगढ़ में चक्रधर कलाकेन्द्र की स्थापना किए जाने की उन्होंने बात कही। देश के तीसरे बड़े नागरिक सम्मान से नवाजे जाने के बाद रामलाल बरेठ बिलासपुर के मंगला स्थित अपने निवास पहुंचे जहां उनसे मिलने शुभचिंतकों का तांता लगा रहा। बरेठ का जन्म जांजगीर चांपा जिले के भुंवरमाल गांव में हुआ, यहां से उनके पिता उन्हे रायगढ़ राजघराने ले गए। कई दशकों से रायगढ़ राजघराने में कत्थक नर्तक और गुरू रामलाल जी ने अपनी कला यात्रा के बारे में चर्चा की और पद्मपुरस्कार से नवाजे जाने पर खुशी जाहिर करते हुए अपने अनुभव साझा किए उन्होंने कहा कि उनकी वर्षो की साधना को मिले सम्मान से उत्साहित है और कला के संर्वधन के प्रति उनका कार्य जारी रहेगा। बरेठ को पद्मपुरस्कार मिलने से उनके परिवार में खुशी की लहर है। उनकी पत्नी मथुरा बरेठ, बेटी मीना सोन और बहू चुनौती बरेठ ने खुशी जताते हुए कहा कि वर्षो की तपस्या को मिले सम्मान से परिवार उत्साहित है और उनकी परंपरा को आगे बढ़ाने में परिवार अपनी भूमिका निभा रहा है। परिवार की चौथी पीढ़ी भी बरेठ की कला को आगे ले जा रही है। बरेठ के पोते अस्वरित और मलयराज बरेठ ने कहा कि वे अपने दादा जी की नृत्य परंपरा को आगे बढ़ा रहे है। उल्लेखनीय है कि रामलाल बरेठ रायगढ़ राजदरबार के एक मात्र जीवित कत्थक नर्तक है।

रायगढ़ कत्थक शैली को लोकप्रिय बनाने, रायगढ़ को कत्थक घराना के रूप में स्थापित करने और कत्थक नृत्य के क्षेत्र में उनके महत्वपूर्ण योगदान के लिए उन्हे पद्मपुरस्कार के लिए चुना गया। उनके बड़े बेटे भूपेन्द्र बरेठ पिता की विरासत को आगे बढ़ा रहे है, और नई पीढ़ी को नृत्य केन्द्र के माध्यम से कत्थक नृत्य कला सिखा रहे है।

हमारा मत-हमारी ताकत विषय पर संगोष्ठी संपन्न, पश्चिम बंग प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन ने किया कायक्रम का आयोजन

पायनियर संवाददाता ⮜ सक्ती
www.dailypioneer.com

न्यू टाउन नागरिक सेवा समिति एवं लायंस क्लब ऑफ न्यू टाउन के सहयोग से पश्चिम बंग प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन ने न्यू टाउन में हमारा मत हमारी ताकत' विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया। संगोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए पश्चिम बंग प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन के प्रांतीय अध्यक्ष नंदकिशोर अग्रवाल ने कहा कि मतदान हमारा पवित्र कर्तव्य है, इस कर्तव्य का पालन करना हमारा धर्म है। उन्होंने सभी समाज बंधुओ से आवाहन किया कि इस ओर जागृत होकर इस यज्ञ में शामिल हो,समारोह के मुख्य अतिथि अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवकुमार लोहिया ने सम्मेलन के इतिहास के विषय में उपस्थित श्रोताओं को अवगत कराया एवं बताया कि प्रारंभ कल से ही सम्मेलन समाज बंधुओ के राजनीति में शामिल होकर देश की उन्नति के काम में संलग्न होने का आवाहन किया गया था। सम्मेलन का ध्येय वाक्य है - "म्हारो लक्ष्यः राष्ट्र री प्रगति"। हम लोग देश के प्रगति के लिए मतदान के द्वारा भाग लेकर अपना फर्ज निभा सकते हैं। उन्होंने आवाहन किया कि न्यू टाउन में सम्मेलन की शाखा खोली जाए एवं अन्य सभी जगह सम्मेलन के सांगठनिक विस्तार में समाज बंधुओ को सहयोग देने का उन्होंने आग्रह किया। मुख्य वक्ता प्रदीप जीवराजका ने बताया मतदान में लगभग 67 प्रतिशत का मतदान होता है जबकि 33% लोग उदासीन रहते हैं। यह 33त्न एक बड़ी संख्या है। हमें चाहिए कि हम हमारे समाज बंधुओ से शत प्रतिशत मतदान करने का प्रयास करें, सर्वप्रथम न्यूटाउन नागरिक सेवा समिति के अध्यक्ष पवन टेकरीवाल ने आगंतुक अतिथियों एवं श्रोताओं का स्वागत किया एवं उन्होंने आशा व्यक्ति की आज के आयोजन से निश्चित रूप से मतदान करने में समाज बंधुओ की भागीदारी बढ़ेगी। युवा वक्ता अमित तोदी, पूनम गांधी, गौतम टेकरीवाल एवं सीए कमल गोयल आदि ने मतदान के विषय में भिन्न-भिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला एवं आवाहन किया कि मतदान में भाग लेना हम सब की जिम्मेदारी है।

पुलिस का अलर्ट-सावधान, हो रही चोरी की बड़ी घटनाओं को लेकर पुलिस का अलर्ट

पायनियर संवाददाता ⮜ सक्ती
www.dailypioneer.com

शहर सहित पूरे अंचल में हो रही चोरी की बड़ी घटनाओं को लेकर शक्ति पुलिस ने सोशल मीडिया के माध्यम से आम नागरिकों को सावधान किया है, पुलिस ने कहा है कि कृपया सावधान रहें, चोरी का गिरोह पड़ोसी जिलो में सक्रिय है, जो की मुख्य दरवाजे पर गिरमिट से छेद करके अंदर का ताला खोलकर चोरी करते हैं, टीम के कुछ सदस्यों द्वारा पूर्व में रेकी की जाती है। उक्त गिरोह के टारगेट मुख्य वो मकान होते हैं - जो हाईवे पर हैं, रेलवे लाइन से नजदीक हैं, जिनके पीछे सुना/खाली स्थान है,सक्ति पुलिस ने कहा है कि ऐसे लोकेशन वाले मकान मालिक कृपया इन बातों का विदेश रूप से ध्यान रखें, दरवाजे में ऊपर एवं नीचे दोनों जगह कुंडी एवं ताला लगा के रखे, घर में अनावश्यक कैश/ गहने ना रखे, घर के पीछे से ही ये गिरोह अंदर आता है, इसलिए वहां रोशनी का इंतजाम हो, अगर कैमरा लगा है तो पोजिशनिंग पर ध्यान देंवे, सचेत रहें, घटना होने की स्थिति में तत्काल पुलिस कंट्रोल रूम में कॉल करें-9479189615, 7354670730, 87708817186, अगर आपको ऐसा लगता है कि आपके घर के पीछे या आसपास कुछ अनजान व्यक्ति घूम रहे हैं, तो उनकी फोटो लें और कंट्रोल रूम से साझा करें,चोरी करने का समय मुख्यतः- रात्रि 1 से 3 बजे के बीच घट सकती हैं सचेत रहने से टल सकती हैं।

कलेक्टर ने पद्मश्री रामलाल बरेठ का किया अभिनंदन शिष्य कलाकारों के सम्मेलन के लिए हरसंभव मदद का भरोसा

पायनियर संवाददाता ⮜ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

कलेक्टर अवनीश शरण ने मंगला स्थित निवास पहुंचकर पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित कत्थक गुरू रामलाल बरेठ का अभिनंदन किया। उन्होंने पद्मश्री पुरस्कार से नवाजे जाने पर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी। राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु से नई दिल्ली में पुरस्कार ग्रहण करने के बाद बरेठ बिलासपुर लौटे हैं। कलेक्टर ने बड़ी दिलचस्पी के साथ बरेठ से चर्चा करते हुए उनकी कला यात्रा के बारे में जानकारी ली और बाल्यकाल से ही कठोर साधना एवं समर्पण के लिए खूब सराहना की। बरेठ की मंशा के अनुरूप बिलासपुर में उनके शिष्य कलाकारों के सम्मेलन आयोजित करने के लिए जिला प्रशासन की ओर से हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। गौरतलब है कि रामलाल बरेठ को रायगढ़ कत्थक घराने को सहेजने और कला के क्षेत्र में विशेष योगदान के लिए पद्श्री पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। 88 वर्षीय रामलाल बरेठ जाने माने कत्थक नर्तक हैं। वे राजा चक्रधर के दरबार रत्नों में से एक माने जाते हैं। रामलाल बरेठ ने राजा चक्रधर के सानिध्य में नृत्य की शिक्षा दीक्षा ली। उन्होंने बड़ी संख्या में कलाकारों को कत्थक नृत्य विधा से जोड़ा और उन्हें नृत्य में पारंगत किया।

महिला जागृति शाखा ने मदर्स डे पर माताओं का तिलक लगाकर किया मुंह मीठा एवं कराया जलपान

पायनियर संवाददाता ⮜ सक्ती
www.dailypioneer.com

शहर में सेवा, रचनात्मक एवं सामाजिक कार्यों की अग्रणी संस्था मारवाड़ी युवा मंच महिला जागृति शाखा ने 12 मई को मदर्स डे के मौके पर शाखा की साल 1998 में पहली बार बनी संस्थापक अध्यक्ष हेमलता बंसल का जहां तिलक लगाकर स्वागत किया तो वहीं इस अवसर पर महिला जागृति शाखा ने शहर के श्री राम मंदिर परिसर में स्थित सत्संग भवन में देर शाम पहुंचकर वहां उपस्थित माताओ को भी तिलक लगाकर उन्हें गुलदस्ता भेंट किया, साथ ही इस अवसर पर सभी बुजुर्ग माताओ का सम्मान भी किया गया एवं उनका मुंह मीठा कराकर जलपान भी कराया गया, इस अवसर पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की दीदीया भी इस कार्यक्रम में शामिल थी, तथा महिला जागृति शाखा शक्ति की अध्यक्ष उषा आनंद अग्रवाल के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में शाखा के सभी पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे तथा इस अवसर पर अध्यक्ष उषा अग्रवाल ने कहा कि यह हम सभी के लिए गौरव का विषय है कि मदर्स डे के मौके पर हमें हमारी सभी बुजुर्ग माताओ के सम्मान करने का एवं उनसे आशीर्वाद लेने का अवसर मिला है, एवं हम सभी उनके दीर्घायु जीवन की कामना करते हैं,वहीं इस अवसर पर नारी शक्ति- विश्व शक्ति के कार्य को चरितार्थ करते हुए मारवाड़ी युवा मंच महिला जागृति शाखा शक्ति की अध्यक्ष उषा आनंद अग्रवाल, सचिव मीनल अंकित अग्रवाल, पूर्व शाखा अध्यक्ष एवं प्रांतीय संयोजक गुड्डी देवी अग्रवाल, सारिका अग्रवाल, गीता देवी अग्रवाल, रितु पवन अग्रवाल, सरिता अग्रवाल, मीना अग्रवाल, पुष्पा अग्रवाल, सविता अग्रवाल सहित काफी संख्या में पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे।

सक्ती में 2 जून को होगा लीवर फाइब्रो स्कैन जांच शिविर

पायनियर संवाददाता ⮜ सक्ती
www.dailypioneer.com

अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन शाखा शक्ति द्वारा छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन के संयोजक राजेंद्र अग्रवाल राजू बिलासपुर के मार्गदर्शन में आगामी 2 जून 2024 दिन-रविवार को सुबह 10:30 बजे से शाम 4:00 बजे तक शक्ति शहर के स्टेशन रोड स्थित होटल गिरिराज रेन बसेरा में लिवर फाइब्रो स्कैन जांच शिविर का आयोजन किया गया है, जिसमें प्रसिद्ध लिवर रोग विशेषज्ञ डॉक्टर प्रतीक छाबड़ा अत्याधुनिक मशीन से केवल 3 मिनट में ही लीवर की जांच कर रिपोर्ट देंगे, उक्ताशय की जानकारी देते हुए अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन शक्ति शाखा के स्वास्थ्य कार्यक्रम के संयोजक ईश्वर अग्रवाल (अशोक मेडिकल) ने बताया कि 2 जून को आयोजित शिविर के लिए 25 मई 2024 तक अग्रिम पंजीयन करवाए जा सकता है, तथा अग्रिम पंजीयन शुरू 200/-रुपये रखा गया है, जिसमें संपर्क एवं अग्रिम पंजीयन स्थल -होटल गिरिराज रेन बसेरा (अमरलाल अग्रवाल ठेकेदार) मोबाइल नंबर- 9301088859, अशोक मेडिकल (ईश्वर अग्रवाल) बंधवा तालाब के पास- 9329606260, रमेश अग्रवाल (पत्रकार) श्री राम मंदिर रोड 9770114444 पर पंजीयन करवाए जा सकता है, शाखा के स्वास्थ्य कार्यक्रम संयोजक ईश्वर अग्रवाल ने बताया कि उपरोक्त लिवर फाइब्रो स्कैन जांच एक महंगी जांच होती है, जिसमे कि लगभग 4500/- रुपए शुल्क लगता है, किंतु इस शिविर में केवल ?200/-रुपये में ही उपरोक्त जांच की सुविधा दी जाएगी तथा फाइब्रो स्कैन एक अल्ट्रासाऊंड टेस्ट के समान है, जो की लीवर संक्रमण का निदान करने के लिए लीवर की कठोरता को मापता है, एवं फैटी लिवर होता है जिसमें एक मेडिकल कंडीशन होती है, जिसके अंतर्गत लीवर में फैट या चर्बी जमा हो जाती है, तथा लीवर में फैट जमा होने की संभावना उन लोगों में ज्यादा होती है जिनमें मोटापा डायबिटीज या ब्लड में कोलेस्ट्रॉल की मात्रा ज्यादा होती है, स्वास्थ्य संयोजक ईश्वर अग्रवाल ने समस्त शहर एवं क्षेत्र वासियों को इस शिविर का लाभ लेने हेतु अग्रिम पंजीयन करवाने का आग्रह किया गया है, तथा 2 जून को आयोजित शिविर को लेकर अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन शाखा- शक्ति की एक बैठक 12 मई दिन- रविवार को रात्रि 7:00 बजे शहर के गिरिराज रेन बसेरा में संपन्न हुई, जिसमें 2 जून के शिविर को लेकर व्यापक रूप से चर्चा कर सदस्यों को जिम्मेदारी दी गई।

अंचल के ग्रामीण युवाओं को मिलेगा रोजगार

हर्बल कृषि पर्यटन तथा ट्राइबल टूरिज्म भी होगा शुरू

पायनियर संवाददाता ⮜ चांपा
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ राज्य में ईको पर्यटन के विकास एवं संरक्षण में विगत पांच वर्षों से कार्यरत संस्था वसुंधरा प्रकृति संरक्षण समिति (विस्कान) द्वारा प्रदेश में ईको पर्यटन सहित प्राकृतिक चिकित्सा एवम हर्बल खेती को बढ़ावा देने हेतु 'मां दंतेश्वरी हर्बल समूह' के साथ करार किया गया। इस अवसर पर मां दंतेश्वरी हर्बल के संस्थापक डॉ. राजाराम त्रिपाठी, डायरेक्टर अनुराग त्रिपाठी, जसमती नेताम, बली चक्रवर्ती, कृष्णा नेताम, व्यवस्थापक रमेशचंद्र पंडा, शंकर नाग , मैंगो नेताम, वसुंधरा प्रकृति संरक्षण समिति (विस्कान) के अध्यक्ष ज्ञानेंद्र पांडेय, विस्कॉन एग्रो कॉर्प के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अभिषेक चौधरी विशेष रूप से उपस्थित थे। कोंडागांव स्थित मां दंतेश्वरी हर्बल ईस्टेट में विकसित हो रहे ईको रिजॉर्ट में ईको पर्यटन के चार स्वरूपों का विकास किया जाना सुनिश्चित हुआ है इनमें कृषि पर्यटन, नेचुरोपैथी, ट्राइबल टूरिज्म एवं ग्रामीण पर्यटन शामिल है। कृषि पर्यटन के अंतर्गत विश्व भर में अपनी काली मिर्च की खेती एवम दुर्लभ औषधीय पौधों के संरक्षक के रूप में विख्यात डॉ राजाराम त्रिपाठी के सान्निध्य में रहकर देश विदेश के किसान औषधीय पौधों की खेती का प्रशिक्षण ले सकेंगे। इसमें ग्रामीण युवाओं को प्रशिक्षित कर रोजगार दिया जाएगा। रिजॉर्ट के नेचुरोपैथी सेंटर में लाइफ स्टाइल से संबंधित बीमारियों के लिए आवश्यक दिनचर्या जिसमें योग, प्राणायाम, ध्यान, आयुर्वेदिक चिकित्सा, नाड़ी शोधन, आदि शामिल हैं के माध्यम से स्वास्थ्य लाभ ले सकेंगे। रिजॉर्ट में पर्यटकों के लिए बस्तर की संस्कृति को देखने तथा आदिवासी ग्रामों में भ्रमण की सुविधा रहेगी। संस्था द्वारा ग्रामीण पर्यटन के विकास हेतु स्थानीय युवक युवतियों को प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा जिससे पर्यटन के विकास के साथ-साथ प्रकृति एवम संस्कृति का संरक्षण हो सके।

आर्ट ऑफ लिविंग परिवार ने श्री श्री रविशंकर के अवतरण दिवस को मनाया सेवा कार्यों के रूप में

पायनियर संवाददाता ⮜ सक्ती
www.dailypioneer.com

आर्ट ऑफ लिविंग परिवार द्वारा श्री श्री रविशंकर महाराज के अवतरण दिवस के मौके पर इसे सेवा दिवस के रूप में मनाया जा रहा है,तथा आर्ट ऑफ लिविंग परिवार के सदस्यों द्वारा 13 मई को सुबह नैला जांजगीर के स्टेशन रोड स्थित श्री कृष्ण गौशाला में जहां गौ माताओ को हराट्टभरा चारा खिलाया गया तो वहीं दोपहर समय जांजगीर के नेताजी चौक में खिचड़ी वितरण का कार्यक्रम भी आयोजित किया गया, साथ ही श्री श्री रविशंकर जी के जन्मोत्सव के उपलक्ष में नेताजी चौक जांजगीर में खीर वितरण का भी किया गया है,उपरोक्त समस्त कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए आर्ट ऑफ लिविंग परिवार के सदस्य एवं सामाजिक कार्यकर्ता राहुल अग्रवाल जांजगीर ने बताया कि एवं इसी दिवस सुबह 7:00 बजे सामूहिक दिव्या सुदर्शन क्रिया भी करवाया गया है, उपरोक्त समस्त कार्यक्रमों में आर्ट ऑफ लिविंग परिवार चांपा- नैला- जांजगीर के सभी सदस्य उपस्थित रहे तो वहीं श्री श्री रविशंकर जी को लोगों ने उनके अवतरण दिवस पर बधाई एवं शुभकामनाएं भी दी है साथ ही कहा है कि आज उनके सत्संग एवं उनकी प्रेरणा से जहां पूरे विश्व में लोग उसे अनुसरण कर रहे हैं तथा अपने जीवन को खुशहाल बना रहे हैं।

सीबीएसई की कक्षा 10वीं और 12वीं की परीक्षा में कोलंबिया ग्लोबल स्कूल की 100% सफलता

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

सीबीएसई ने 2023-24 के लिए 10वीं और 12वीं कक्षा के नतीजे घोषित किए। सीबीएसई ने फरवरी और मार्च के महीनों के दौरान परीक्षाएँ आयोजित कीं, पिछले कुछ दिनों से परिणाम का इंतजार किया जा रहा था। कोलंबिया ग्लोबल स्कूल के विद्यार्थियों ने शत-प्रतिशत परिणाम के साथ शानदार प्रदर्शन किया। यह निश्चित रूप से स्कूल के लिए गर्व का क्षण था। क्योंकि यह कोलंबिया ग्लोबल स्कूल के दसवी की तीसरी बैच थी और सभी छात्र शानदार अंकों के साथ उत्तीर्ण हुए। आँचल यादव (91%), आदित्य साहू (90.8%), इशिका तिवारी (90.6%), सितांशु डहरिया (90.2%) और अनीषा धुरंधर (88.4%) 10वीं कक्षा के टॉपर रहे। कक्षा 12 के दूसरे बैच ने भी 97 प्रतिशत सफलता के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। साइंस ग्रुप से रिद्धिमा तनवानी (87.6%), आशु साहू (80.4%), तौफीक खान (75.2%), आर्यन सिंह (71.6%) और सुधांशु झा (71.6%) टॉपर रहे तथा कॉमर्स ग्रुप से कुणाल साहू (85.2%), खुशबू साहू (82.2%), वैभव वर्मा (79.2%), आँचल सिन्हा (79%), श्रेयांश चंद्राकर (75.6%), और हर्ष नाकरानी (74.6%) टॉपर रहे। छात्रों की इस अभूतपूर्व सफलता पर विद्यालय के प्राचार्य आईविन स्मिथ, डायरेक्टर रविंदर सिंह हूरा, स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्यों तथा शिक्षकों ने अपनी प्रसन्नता दर्शाई तथा छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

महिंद्रा ने लॉन्च की कॉम्पैक्ट एसयूवी में 'लीक से हटकर' नई एक्सयूवी 3 एक्सओ, कीमतें 7.49 लाख से शुरू

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

भारत की अग्रणी एसयूवी निर्माता महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड ने एक्सयूवी 3 एक्सओ लॉन्च की, जिसकी कीमत 7.49 लाख रुपए से शुरू होती है। कॉम्पैक्ट एसयूवी सेगमेंट में नए स्टैंडर्ड बनाते हुए एक्सयूवी 3 एक्सओ असाधारण डिजाइन, प्रीमियम इंटीरियर, आरामदायक सवारी, अत्याधुनिक तकनीक, रोमांचक प्रदर्शन और बेजोड़ सुरक्षा का संयोजन है। एक्सयूवी 3एक्सओ नवीनता और उत्कृष्टता के प्रति महिंद्रा की प्रतिबद्धता का प्रतीक है, यह वास्तव में ष्एवरीथिंगयूवांटएंडमोर की बानगी है। एक्सयूवी 3 एक्सओ की परिकल्पना मुंबई में महिंद्रा इंडिया डिजाइन स्टूडियो (एमआईडीएस) में की गई थी और चेन्नई के पास महिंद्रा रिसर्च वैली (एमआरवी) में इंजीनियरिंग और डवलपमेंट किया गया था। एक्सयूवी 3 एक्सओ महिंद्रा की वैश्विक डिजाइन और इंजीनियरिंग टीम की विश्व स्तरीय क्षमताओं का प्रतिनिधित्व करती है। एडवांस मैनुफैक्चरिंग प्रोसेस का उपयोग करके नासिक में महिंद्रा की अत्याधुनिक सुविधा में निर्मित यह गाड़ी ग्राहकों को एक उच्च गुणवत्ता वाली एसयूवी देती है जो जो मजबूत है और लंबे समय तक चलने के लिए इंजीनियर की गई है। कई सेगमेंट में आकर्षक एक्सयूवी 3एक्सओ नए जमाने के एसयूवी खरीदारों की उम्मीदों से कहीं बेहतर है। प्रत्येक वैरिएंट को अपने संबंधित सेगमेंट की विशिष्ट आवश्यकताओं और प्राथमिकताओं को पूरा करने के लिए तैयार किया गया है, जो एक्सयूवी 3 एक्सओ को एक अपनी श्रेणी में क्रांतिकारी बनाता है। महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड के ऑटोमोटिव डिवीजन के प्रेसिडेंट विजय नाकरा ने कहा, 'सिर्फ 7.49 लाख रुपए की आकर्षक कीमत पर एक्सयूवी 3 एक्सओ की लॉन्चिंग के साथ महिंद्रा बता रही है कि एक एसयूवी आखिर क्या हो सकती है, यह एसयूवी की नई परिभाषा है। यह नवाचार, सुरक्षा, आराम और परफॉर्मेंस का मेल है और इसे वह सब देने के लिए तैयार किया गया है जो आप एक एसयूवी में चाहते हैं। हर वैरिएंट विभिन्न ग्राहकों की जरूरतों के अनुसार तैयार किया गया है। अपने–अपने सैगमेंट में प्रत्येक वैरिएंट क्रांतिकारी है। महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड के ऑटोमोटिव टेक्नोलॉजी और प्रोडक्ट डवलपमेंट के प्रेसिडेंट आर वेलुसामी ने कहा, 'एक्सयूवी 3 एक्सओ टॉप लेवल सेफ्टी, अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी और असाधारण डिजाइन के साथ रोमांचक प्रदर्शन के मिश्रण के लिए महिंद्रा के समर्पण का उदाहरण है।

प्रणवानंदा अकादमी ने उत्कृष्ट बोर्ड परीक्षा परिणाम का जश्न मनाया

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

प्रणवानंद अकादमी को बोर्ड परीक्षाओं में असाधारण उपलब्धियों की घोषणा करने पर गर्व है। हमारे छात्रों ने उत्कृष्ट परिणाम हासिल करते हुए एक बार फिर अपने समर्पण, दृढ़ता और शैक्षणिक उत्कृष्टता का प्रदर्शन किया है।स्कूल उन छात्रों के प्रदर्शन को साझा करने के लिए रोमांचित है जिन्होंने विशेष पहचान हासिल की है। बारहवीं कक्षा के विज्ञान राघव वर्मा ने 93.8% के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया और वाणिज्य से कुणाल साहू ने 84.8% के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। अदिति दुबे 90.6% और संचित 81.6% ने बारहवीं कक्षा में दूसरी और तीसरी रैंक हासिल की। दसवीं कक्षा के बोर्ड परिणाम में भी हमारे छात्रों का असाधारण प्रदर्शन जारी है। स्कूल को उनकी उपलब्धियों पर बेहद गर्व है। दसवीं कक्षा में शौभया सिंह ने 96.2% के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया, उसके बाद अनुष्का शुक्ला ने 91% और कनिष्का दास ने 88.2 अंक हासिल किए। जिन छात्रों ने 80 और 80% से अधिक अंक हासिल करके स्कूल का नाम रोशन किया, वे हैं - आयुष यादव - 88, अंशिता कर्माकर - 87.8, आरती पंत- 86.4, संस्कृति अग्रवाल - 84.4, संचिता साहू - 83.4, दिशा घोष - 82.2, मोक्षिका साहू - 81.8, शैली तिवारी - 81.2, प्रवर शर्मा -80.4। स्कूल सचिव स्वामी शिवरुपानंदजी और स्कूल प्रिंसिपल अनिंदिता घोष ने सभी उपलब्धि हासिल करने वालों और उनके माता-पिता को हार्दिक बधाई दी और इस उल्लेखनीय उपलब्धि का श्रेय छात्रों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के समर्पण और माता-पिता और अभिभावकों के अटूट समर्थन को दिया।

रविशंकर इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय नर्सिंग दिवस

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

नर्स नवजात शिशु की आंखें खोलती है और मरते हुए आदमी की आंखें धीरे से बंद कर देती है। जीवन की शुरुआत और अंत को देखने वाला पहला और आखिरी व्यक्ति बनना वास्तव में एक बड़ा आशीर्वाद है। 12 मई फ्लोरेंस नाइटिंगेल का जन्मदिन है जिसे हम अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस के रूप में मनाते हैं। फ्लोरेंस नाइटिंगेल ब्रिटेन की एक सुशिक्षित महिला, आधुनिक नर्सिंग की संस्थापक हैं। नाइटिंगेल ने नर्स बनकर सामाजिक मानदंडों और अपने धनी माता-पिता को चुनौती दी। उस समय, जनता ने महिलाओं द्वारा अजनबियों की देखभाल करने के विचार पर आपत्ति जताई थी। लेकिन नाइटिंगेल ने नर्सिंग को महिलाओं के लिए एक असाधारण अवसर के रूप में देखा। उनका मानना था कि वे अपनी शिक्षा और वैज्ञानिक ज्ञान का उपयोग व्यक्तिगत स्वतंत्रता प्राप्त करते हुए रोगी की देखभाल में सुधार के लिए कर सकती हैं। नर्सिंग 150 से ज़्यादा सालों से उच्च मानकों और सार्वजनिक सेवा की मज़बूत भावना वाला पेशा रहा है। नर्सें हमारे सभी पेशों में सबसे सम्मानित हैं। ऐसे बहुत कम नागरिक होंगे जिनके जीवन में नर्सों द्वारा दिन के हर घंटे, साल के हर दिन दी जाने वाली देखभाल और आश्वासन का असर न हुआ हो। नर्सें हमारी स्वास्थ्य प्रणाली की रीढ़ का हिस्सा हैं। कोविड-19 के समय नर्सों ने अपने एवं अपने परिवार की चिंता न करते हुए मरीजों के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन किया एवं अनेक लोगो को मृत्यु के मुंह से बहार निकाला। यह सदैव स्मरणीय एवं वन्दनीय रहेगा। समाज में शिक्षा और स्वास्थ्य का विशेष महत्व है। नर्सिंग केवल इन दोनों का मिश्रण नहीं है, यह शिक्षा, स्वास्थ्य और सेवा भावना का समिश्रण है। नर्सिंग पेशे के रूप में दृढ़ संकल्प, करुणा और लोगों की सेवा करने की गहरी प्रतिबद्धता की आवश्यकता होती है। नर्सों का पेशा दूसरों से अलग है क्योंकि उनमें तकनीकी कौशल और मानवीय स्पर्श का अनोखा मिश्रण होता है। उनका समर्पण, करुणा और सेवा भावना सचमुच प्रेरणादायक है, यही कारण है कि समाज में उन्हें सम्मान और आत्मीयता से 'सिस्टर' कहकर संबोधित किया जाता हैं। हमारी इन बहनों को याद रखना चाहिए कि जो लोग उनके पास आते हैं वे अक्सर दुखी, परेशान और बीमारी से पीड़ित होते हैं। उन्हें धैर्य, मुस्कुराहट और शांति के साथ उनका स्वागत करना चाहिए। उन्हें हमेशा अपने ज्ञान और कौशल को विकसित करने का प्रयास करना चाहिए ताकि वे अपनी जिम्मेदारियों को बेहतर तरीके से निभा सकें।

कलर्स दर्शकों को अपने नए प्रेरणादायक नाटक 'खूबसूरत' के साथ अजेय जज़्बे की एक्सप्रेस में शामिल होने की दावत देता है

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

कलर्स 'खूबसूरत' के आगमन का संकेत दे रहा है, जो एक दिल छू लेने वाली कहानी है। यह दर्शकों को मुंबई की भावना के कठिन ट्रैक के माध्यम से एक प्रेरणादायक यात्रा पर ले जाने का वादा करती है। चैनल सपनों की इस गाथा में दर्शकों का स्वागत करने के लिए पूरी तरह तैयार है, जो उन्हें एक साधारण लड़की नव्या के प्रति आकर्षित करेगी, जिसका जीत का जज़्बा (जुनून) उस शहर की धड़कन की तरह अजेय है, जिससे वह जुड़ी है। एक चॉल में रहने वाली नव्या शहर की गगनचुंबी इमारतों जितनी ऊंची आकांक्षाओं के साथ खड़ी है। परिवार में वह एकमात्र सांवली है और इस कारण अपने पिता की अस्वीकृति के बावजूद वह कुछ बड़ा करना चाहती है। अपने आस-पास के लोगों द्वारा उसकी त्वचा के रंग को लेकर किए जाने वाले तानों से विचलित हुए बिना नव्या ने अपना घर चलाने के साथ-साथ अपनी आकांक्षाओं पर ब्रेक लगाने से इनकार किया है। चाहे वह मेज पर इंतजार कर रही हो, अपनी शहनाई के साथ बारातों का स्वागत कर रही हो या भोजन पहुंचा रही हो, कोई भी काम उसे अपनी धूप की ऊर्जा के साथ जीवन को आगे बढ़ाने से नहीं रोक सकती। सामाजिक मानदंडों की चुनौतियों के साथ, क्या उसका जज़्बा सफलता के मुकाम पर पहुंचेगा? नव्या की भूमिका निभाने पर येशा हरसोरा कहती हैं।

स्वामीआत्मानन्द उत्कृष्ट हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम विद्यालय बेरला के विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम रहा सराहनीय

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

स्वामी आत्मानन्द उत्कृष्ट हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम विद्यालय बेरला में सत्र 2023-24 में कक्षा दसवीं में हिन्दी माध्यम में कुल 47 तथा अंग्रेजी माध्यम में कुल 55 विद्यार्थी अध्ययनरत थे। साथ ही कक्षा बारहवीं में हिन्दी माध्यम के 49 तथा अंग्रेजी माध्यम में कुल 6 विद्यार्थी अध्ययनरत रहे। जिन्होंने शिक्षकों के मार्गदर्शन में बहुत ही कड़ी मेहनत कर अपनी प्रतिभा को प्रस्तुत करते हुए बोर्ड परीक्षा में अच्छे परिणाम लाये हैं। बच्चों में परीक्षा को लेकर बहुत ही उत्साह था जिसके परिणाम स्वरूप उन्होंने सफलता भी प्राप्त किया। कक्षा दसवीं में विद्यालय स्तर पर प्रावीण्य सूची प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में हिन्दी माध्यम से प्रकाश ने 80.6% प्राप्त कर प्रथम गौरव एवं चन्दन ने 74.6% प्राप्त कर द्वितीय एवं विवेकानंद ने 70.3% अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया, वहीं अंग्रेजी माध्यम में भावना साहू ने 93% अंक प्राप्त कर प्रथम, त्रणव साहू ने 91.6% प्राप्त कर द्वितीय तथा हिमांशु साहू ने 91.5% अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार कक्षा बारहवीं में विद्यालय स्तर पर प्रावीण्य सूची में अपना स्थान सुरक्षित करने वाले विद्यार्थियों में हिन्दी माध्यम से समीर साहू ने 70.8% प्राप्त कर प्रथम जयप्रकाश साहू एवं आकाश कुमार ने 67.2% प्राप्त कर द्वितीय एवं करण ने 63.2% अंक के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया।

श्री दिगंबर जैन मंदिर पंचायत ट्रस्ट कार्यकारिणी चुनाव 2024 सम्पन्न

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

श्री दिगंबर जैन मंदिर पंचायत ट्रस्ट कार्यकारिणी चुनाव 2024 में समाज के हित को ध्यान में रखते हुए सौहार्द पूर्ण वातावरण में चुनाव निर्विरोध संपन्न हुआ। जिसके परिणाम स्वरूप चुनाव अधिकारियों की सहमति से निम्न कार्यकारिणी का गठन हुआ। श्री दिगंबर जैन मंदिर पंचायत ट्रस्ट के अध्यक्ष यशवंत जैन, उपाध्यक्ष श्रद्धेय जैन, लोकेश चंद्रकांत जैन, नीरज जैन, सचिव सुजीत कुमार जैन, कोषाध्यक्ष दिलीप कुमार जैन, सहसचिव अनूप आशीष जैन, विजय कुमार जैन बनाये गए हैं। नवीन कार्यकारिणी को बहुत बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं। संपूर्ण समाज एवं ट्रस्ट नवीन कार्यकारिणी से अपेक्षा रखती है की समाज के हित में कार्य करेगी। समाज के सभी सदस्य बधाई के पात्र है।

निःशुल्क स्वास्थ्य एवं परामर्श शिविर का आयोजन, डॉक्टर विमल अग्रवाल ने मरीजो का किया उपचार

पायनियर संवाददाता ➤ मनेन्द्रगढ़
www.dailypioneer.com

राजस्थान भवन में निः शुल्क स्वास्थ्य एवं परामर्श शिविर का आयोजन मारवाड़ी युवा मंच तेजस्वनी शाखा द्वारा किया गया। उक्त आयोजन में रीढ़ एवं नस रोग विशेषज्ञ डाक्टर विमल अग्रवाल (स्पाइनल सर्जन काशी स्पाइन हॉस्पिटल रायपुर) के द्वारा मरीजों को हड्ड़ी की बीमारी के संबंध में विस्तृत जानकारी एवं उपचार हेतु परामर्श दिया गया।

शिविर में 212 मरीजों का इलाज किया गया। मनेंद्रगढ़ के अलावा कटनी, सूरजपुर, बिजुरी और मनेंद्रगढ़ के आसपास के क्षेत्रो से आये मरीजों ने शिविर का लाभ लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मारवाड़ी युवा मंच तेजस्वनी शाखा की अध्यक्ष संगीता शर्मा कोषाध्यक्ष श्वेता पोद्दार, सचिव रीना अग्रवाल, प्रीति पोद्दार एवं समस्त सदस्यों का सहयोग प्राप्त हुआ। इस मौके पर डाक्टर विमल अग्रवाल के द्वारा आगे भी भविष्य में शिविर आयोजित करने की सहमति दी है।

छात्र-छात्राओं की इस उपलब्धि पर विद्यालय प्रबंधन, प्राचार्या और शिक्षकवृंद ने कोटिशः बधाई देते हुए उनके सुखद और गरिमामय उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दी।

ज्ञान गंगा एजुकेशनल एकेडेमी रायपुर के कक्षा 10 वीं का परीक्षा परिणाम 100% रहा

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

सफलता के ऊँचे लक्ष्यों का निर्धारण करना उन लक्ष्यों को हासिल करना और प्राप्त सफलता को सतत् कायम रखना यही एक सफल संस्थान की पहचान होती है। इस कसौटी में मध्यभारत का ख्यातिलब्ध विद्यालय ज्ञान गंगा एजु. एके. रायपुर हमेशा खरा उतरा है। सफलता के नित-नये आयामों का प्राप्त करते हुये इस वर्ष भी केन्द्रीय माध्यामिक शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित कक्षा 10वीं के परीक्षा परिणामों में विद्यालय के छात्र -छात्राओं ने सफ्लता की नई कहानी लिख दी है। इस वर्ष विद्यालय के 145 छात्र-छात्राएं कक्षा 10वीं के परीक्षा में सम्मिलित हुये थे जिसमें 25 छात्र-छात्राओं ने 90: से ज्यादा अंक अर्जित कर सफल हुए है और 100 छात्र-छात्राओं ने 80: से अधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रौशन किए है। परीक्षा फ्ल तो शत-प्रतिशत है ही कई छात्रों ने गणित, विज्ञान, समाजिक विज्ञान, अंग्रेजी, हिन्दी और संस्कृत में पूर्णांक प्राप्त कर नया इतिहास रच दिए है। यह इतिहास उनके परिश्रम लगन और दृढ़ संकल्प का परिणाम है। छात्रों का यह अद्वितीय परीक्षाफ्ल उनकी संकल्प शक्ति का द्योतक तो है ही, विद्यालय प्रबंधन के शानदार शैक्षणिक व्यवस्था का परिणाम भी है। छात्र-छात्राओं की इस उपलब्धि पर विद्यालय प्रबंधन, प्राचार्या और शिक्षकवृंद ने कोटिशः बधाई देते हुए उनके सुखद और गरिमामय उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दी।



C R PRAHADEESHWAR 97% | ANSHUL DAGA 97% | RISHI SINGH 96% | SHWETANSHU SAHU 96% | ARPITA JAISWAL 96% | MANYA AGRAWAL 96% | CHIRAG LAKRA 96% | ADISHREE BHURRAK 96% | HANSIKA PRASAD 94% | RIYA VERMA 94% | RAJATDEEP ANANT 93% | MOHD. MOBASSHIR 93%

LAVANYA SINGH BISEN 92% | SHREYA HALDAR 92% | TARUSHI RAJIV VERMA 92% | BAISHNAVI MITTAL 92% | PRIYAM DUBEY 92% | REYANSH CHAN-DRAKAR 91% | ASHNA VASANI 91% | ANANYA VERMA 91% | LAKSHYA PRITWANI 90% | NAITIK AGRAWAL 90% | MANVEER SINGH UBEJA 90% | KALASH SHARMA 90% | LINISHA CHANDRA-VANSHI 90%

ज्ञानगंगा एजुकेशनल एकेडेमी रायपुर के कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम 95% रहा

रायपुर। सफलता के ऊँचे लक्ष्यों का निर्धारण करना उन लक्ष्यों को हासिल करना और प्राप्त सफलता को सतत् कायम रखना यही एक सफल संस्थान की पहचान होती है। इस कसौटी में मध्यभारत का ख्यातिलब्ध विद्यालय ज्ञानगंगा एजु. एके. रायपुर हमेशा खरा उतरा है। सफलता के नित-नये आयामों का प्राप्त करते हुये इस वर्ष भी केन्द्रीय माध्यामिकशिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित कक्षा 12वीं के परीक्षा परिणामों में विद्यालय के छात्र -छात्राओं ने सफलता की नई कहानी लिख दी है। इस वर्ष विद्यालय के 200 छात्र-छात्राएं कक्षा 12वीं के परीक्षा में सम्मिलित हुये थे जिसमें 115 छात्र-छात्राओं ने 80: से अधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रौशन किए है। यह इतिहास उनके परिश्रम लगन और दृढ़ संकल्प का परिणाम है।



Yatharth Tiwari 95% | Asmeet Kaur 94% | Shreya Dewangan 93% | Surya Pratap Singh 92% | Palak Verma 91% | Kanak Agrawal 91%

Nishit Sahu 91% | DewanshuSabarwal 90% | Aarya Keshari 90% | Aryan Sarad 90% | Mayank Agrawal 90%

देर से ही सही लेकिन शहर को जाम से निजात दिलाने प्रशासन जागा

कार्रवाई शुरू, फ्लाईओवर के नीचे बनेगी पार्किंग, सड़क पर रखा सामान तो होगी जब्ती की कार्रवाई, अवैध कब्जे भी हटेंगे

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

लगातार खबर प्रकाशन के बाद शहर के भीतरी इलाकों में ट्रैफिक व्यवस्था बेहतर करने प्रशासन ने अब सक्रियता बढ़ाई है। प्रशासन, पुलिस और निगम की टीम ने दो दिनों तक इन हिस्सों में व्यापारियों को समझाइश दी है। इसके बाद अब सीधे एक्शन की तैयारी है। इसके अलावा पार्किंग के लिए फिर से फ्लाईओवर के नीचे हिस्से का इस्तेमाल किया जाएगा। ज्ञात हो कि शहर के भीतरी हिस्से, बाजार व व्यवसायिक हिस्से में ट्रैफिक का दबाव बढ़ता जा रहा है। इससे रोज जाम की स्थिति बन रही है। बड़ी वजह दुकानदारों का सामान सड़क पर बिखेरा जाना है। दो दिनों तक अफसरों की टीम ने हर हिस्से में पैदल भ्रमण किया, दुकानदारों को समझाइश दी। इसके बाद अब कार्रवाई की तैयारी है। निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता ने बताया कि समझाइश के बाद भी सड़क पर सामान फैलाने वालों का सामान जब्त किया है। ऐसे दुकानदारों के सामानों को राजसात करने की तैयारी है। समझाइश देकर सभी को सहयोग करने कहा गया है। बावजूद इसके मनमानी देखी गई तो सीधी कार्रवाई होगी। इसके लिए पुलिस व प्रशासन की टीम संयुक्त रुप से बाजार क्षेत्र में निगरानी करेगी। आयुक्त ने बताया कि वाहनों की पार्किंग के लिए फ्लाईओवर के नीचे हिस्से को चयनित किया जा रहा है। पूर्व में विवाद के बाद यहां पार्किंग का प्लान बदला गया था, लेकिन अब दोबारा यहां पार्किंग की शुरुआत की जाएगी।

दुकानों के सामने करा रहे वाहनों की पार्किंग

बाजार वाले हिस्से में सबसे बड़ी समस्या पार्किंग की है। इसके चलते वाहन बेतरतीब खड़े हो रहे हैं। वहीं दुकानदार भी अपनी दुकानों कानों के सामने वाहनों को खड़ी करने की छूट दे रहे हैं। पुलिस ने जय स्तंभ चौक और म्युनिसिपल स्कूल मैदान के पास पार्किंग सुनिश्चित की है। लेकिन यह भी बढ़ते दबाव में नाकाफी साबित हो रहा है। जिसके बाद अब फ्लाईओवर के निचले हिस्से में पार्किंग की तैयारी है। जल्द ही बाजार क्षेत्र में मालवाहकों की एंट्री का समय भी तय हो जाएगा। इसके लिए पुलिस प्लान तैयार कर रही है। इसके बाद व्यापारी निर्धारित समय में ही मालवाहकों की एंट्री करा लोडिंग-अनलोडिंग कर सकेंगे। इसके लिए सुबह 10 से पहले और रात में 9 बजे के बाद समय निर्धारित किया जा सकता है।

सड़क किनारे खड़े हो रहे भारी वाहन, बढ़ रहे हादसे

शहर के भीतरी इलाकों में तो पुलिस ने सख्ती शुरु कर दी है। लेकिन सर्विस रोड से लेकर हाइवे पर जगह-जगह खड़े हो रहे भारी वाहनों पर एक्शन नहीं हो रहा है। इसके चलते हादसों की संख्या भी बढ़ती जा रही है। रामदरबार चौक से लेकर सोमनी तक हाइवे किनारे ट्रक चालक मनमाने ढंग से वाहन खड़ी कर रहे हैं। यही स्थिति फरहद चौक से लेकर डोंगरगांव तक बनी हुई है। इन सड़कों पर पहले ही ट्रैफिक का दबाव अधिक है।

ट्रांसपोर्ट नगर बना, फिर भी शिफ्टिंग करने तैयार नहीं

शहर के गंज चौक में अघोषित ट्रांसपोर्ट नगर ने भी यातायात व्यवस्था को प्रभावित कर रखा है। नगर निगम ने पेंड्री में ट्रांसपोर्ट नगर बनाया। जहां ट्रक मालिकों को भूखंड भी आवंटित किया गया। सभी ट्रकों को यहीं खड़ा किया जाना है। लेकिन इसके बाद भी गंज चौक दिन और रात तक ट्रकें खड़ी में पूरे दिन हो रही है। । ट्रक मालिकों को ट्रांसपोर्ट नगर में ही वाहन खड़ी करने की शर्त पर भूखंड आवंटित किया गया है। पर मनमानी जारी है।

देर से जागा प्रशासन, ट्रेफिक अब तक सिर्फ वसूली में थी मस्त

गौरतलब है कि राजनांदगांव में यातायात विभाग सालों से सिर्फ आउटर के क्षेत्रों में वसूली में व्यस्त रहता है । लगातार खबर प्रकाशन के बाद अब पुलिस व् जिला प्रशासन की नींद खुली है । अब पुलिस प्रशासन और नगर निगम द्वारा आए दिन लगने वाले इस जाम की स्थिति से निपटने के लिए संयुक्त कार्य योजना बनाने सर्वे किया गया।

सालभर बाद फिर से खुली रहस्यमय मंड़ीप खोल गुफा, राजपरिवार के सदस्यों ने की पूजा-अर्चना



पायनियर संवाददाता < सड़क अतरिया
www.dailypioneer.com

साल भर इंतजार के बाद लोग सोमवार को ऐतिहासिक मंड़ीप खोल गुफा देख पाए। सोमवार की सुबह से यहां लोगों का पहुंचना शुरु हो गया। राज परिवार के सदस्यों ने अपने पूर्वजों की परंपरा निभाते हुए कुल देवता का स्मरण कर गुफा का द्वार खोला तथा गुफा के अंदर स्थित प्राचीन शिवलिंग सहित अन्य देवी देवताओं का पूजा अर्चना किया। शनिवार को कलेक्टर चन्द्रकांत वर्मा, एसडीएम रेणुका रात्रे, जनपद सीईओ जेएस राजपुत सहित प्रशासनिक अमला ने दुर्गम रास्ता से होकर मौके पर पहुंच कर जायजा लिया था। विभिन्न विभागों को अलग अलग जिम्मेदारी सौंपी थी। पर्यटकों के लिए मार्ग पहचान, आवागमन में सुगमता तथा गुफा में प्रवेश के लिए व्यवस्था बनाया गया है। वही मार्ग एवं गुफा समीप उमड़ने वाली भीड़ के लिए पर्याप्त पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था किया जाएगा।

पंचायतों को जिम्मेदारी

ऐतिहासिक मंड़ीप खोल गुफा का दर्शन करने पहुंचे लोगों को आवश्यक सुविधा मुहैया कराने के लिए गुफा के निकटवर्ती पंचायतों को विभाग द्वारा दिशा निर्देशित किया गया है। ग्राम पंचायत ठाकुरटोला, गर्रा, अचानकपुर, सिंगारपुर तथा देवरचा पंचायत सैलानियों को आवश्यक सुविधा पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा ताकि मार्ग तथा गुफा आने वाले लोगों को किसी परेशानी का सामना करना न पड़े।

पर्यावरण सुरक्षा की अपील

ठाकुरटोला राज परिवार के सदस्य लाल रोहित पुलस्त्य ने पर्यटकों से अपील किया है कि गुफा घने जंगल के मध्य स्थित है जिससे यहां सावधानी पूर्वक पहुंचे। पर्यावरण सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए इस धार्मिक स्थल पर नशाखोरी करने से बचें।

जलसंकट को दूर करने निजी जमीन पर बनवाया तालाब, दिक्कतें अब दूर

पायनियर संवाददाता < खैरागढ़
www.dailypioneer.com

शासन प्रशासन के लाख प्रयासों के बावजूद जागरूकता के अभाव मे जल संकट धीरे-धीरे विकराल रूप ले रहा है। गर्मी की शुरूआत के साथ ही चारों ओर पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है वही सालों पहले ब्लाक के भोरमपुर और आल्हा नवागांव के परिवार ने अपनी निजी भूमि में तालाब निर्माण करवाकर पूरे गांव सहित आसपास के लोगों को आज भी राहत पहुंचा रहे हैं। ब्लाक के बाजार अतरिया से सटे भोरमपुर गांव में लगभग डेढ़ सौ साल पहले चंदेल परिवार के तीन भाई गंजहा, श्रीराम और कुलंजन ने आने वाले दिनों को सोचकर अपनी निजी जमीन लगभग दस एकड़ में खुद के खर्च से तालाब खुदवाया। बारिश का पानी एकत्र हो इसके लिए तालाब के उपर पार में टैटू बनवाया वही सिंचाई को लेकर किसान पानी के लिए परेशान मत हो सोचकर तालाब में तीन जगहों पर छोटे छोटे गेट का निर्माण कराया ताकि जब खेती किसानी के लिए पानी की आवश्यकता हो तो किसान फसल बचाने पानी ले सके। चंदेल परिवार के केशव चंदेल ने बताया कि लगभग दो सौ साल पहले उनके दादा के पिता गंजहा, चाचा श्रीराम और कुलंजन ने भविष्य में पानी की आवश्यकता को सोचकर दूरदर्शिता का परिचय देते हुए लगभग सोलह एकड़ जमीन में तालाब बनवाया जिसे आज भी पूरा इलाका बड़े तालाब के नाम से जानता है। सालभर पानी बना रहे इसलिए उपर पार में पैटू बनवाया ताकि खेतों से निकलने वाला पानी सीधे तालाब में आकर मिले वही तालाब से लगे चारों तरफ के खेतों में किसानी काम के लिए पानी की जरूरत पर किसान पानी ले सके इसके लिए गेट बनवाया। केशव चंदेल ने बताया कि पहले निस्तरी के अलावा खेती किसानी के काम में भी पानी तालाब से लेते थे, लेकिन अब ट्यूबवेल होने के कारण किसान सीधे तालाब से पानी नही ले रहे है।

आल्हा नवागांव में साहू परिवार ने बनवाया तालाब

वही ब्लाक के ग्राम पंचायत रूसे के अश्रित ग्राम आल्हा नवागांव में जनसेवा और जीव दया की भावना से एक परिवार ने मिसाल पेश करते हुए लगभग अस्सी साल पहले अजब दास साहू ने भविष्य में जल संकट को दूर करने एक बड़ा तालाब बनवाया था जो अब पूरे गांव के लिए जीवनपयोगी बन गया है। गांव के दो अन्य सरकारी तालाब शुरूआती गर्मी में लगभग सूख गए है लेकिन निस्तारी, जानवरों को नहलाने और पानी पिलाने अजब दास द्वारा बनाया तालाब काम आ रहा है। परिवार के सेनि शिक्षक धीर दास साहू ने बताया कि सरकारी तालाब में पानी नहीं है लेकिन उनके तालाब के पानी का उपयोग अभी भी गांव वाले कर रहे है। कई लोगों ने मछली पालने किराए में तालाब मांगा, लेकिन जलदान को महा दान मानते हुए हमने कभी ऐसा नही किया। इसी दूरदर्शी सोच चलते साहू परिवार सम्मान का पात्र बना हुआ है।

जूनियर भारतीय हॉकी टीम में शहर की अनिशा का चयन

राजनांदगांव। हॉकी नर्सरी राजनांदगांव की कु.अनिशा साहू का चयन ब्रेडा नीदरलैंड में 18 मई से 31 मई 2024 तक आयोजित टूर ऑफ यूरोप अंडर 21 बालिका हॉकी चैम्पियनशिप के लिए भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम में किया गया है। छत्तीसगढ़ हॉकी के अध्यक्ष फिरोज अंसारी ने बताया कि उक्त प्रतियोगिता में भारत सहित बेल्जियम,जर्मनी, तथा मेजबान ब्रेडा नीदरलैंड चार देशो की हॉकी टीम भाग लेगी। जूनियर भारतीय टीम के 20 सदस्यों की सूचि में नगर की बेटी कु.अनिशा साहू को शामिल किया गया है। कु.अनिशा ही विगत दो वर्ष से हॉकी इंडिया की कोर टीम के साथ बैंग्लुरू सांई सेन्टर में जूनियर भारतीय हॉकी टीम के कोंचिग कैम्प में शामिल है। छत्तीसगढ़ हॉकी के अध्यक्ष फिरोज अंसारी ने कु. अनिशा की इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए बताया कि कु.अनिशा साहू ने अभी हाल पुणे में सम्पन्न सीनियर नेशनल चैंपियनशिप तथा राउरकेला में सम्पन्न हुई 13वी हॉकी इंडिया जूनियर बालिका हॉकी प्रतियोगिता में उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन किया था ।

बाइक सवार तीन आरोपी ने युवती से लूटा मोबाइल, एक गिरफ्तार, दो की तलाश जारी

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

साइकिल सवार युवती को धक्का देकर गिराकर मोबाइल और आधार कार्ड लूटकर फरार होने वाले एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर कार्रवाई की, वहीं अन्य की तलाश में पुलिस जुटी हुई है।

पुलिस के अनुसार कुरुभाठ निवासी भूमिका जाम्बुलकर 10 मई को दोपहर करीब 12.30 बजे साइकिल से डोंगरगढ़ अपने घर जा रही थी। रास्ते में सामने की ओर से एक मोटर साइकिल में तीन बदमाश पास आकर लडकी को साइकिल सहित धक्का देकर गिरा दिए और उसके मोबाईल फोन, आधार कार्ड लूटकर फरार हो गए थे। पीड़िता की रिपोर्ट पर धारा 392, 34 भादवि का अपराध दर्ज किया गया। पुलिस अफसरों के मार्गदर्शन पर अलग-अलग टीम बनाकर आरोपियों की पता तलाश की गई। जिसमें एक आरोपी दीपक बाघमारे रजानगर वार्ड डोंगरगढ़ को पकडक़र पूछताछ करने पर अपने दो अन्य साथी के साथ मिलकर लूट करना बताया व लूटे गए मोबाइल फोन को जब्त कराया। उसे गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। प्रकरण के दो अन्य फरार आरोपियों की पतासाजी की जा रही है।

हजरत सैय्यद जलालुद्दीन शाह का 47 वां उर्स 15 से 18 मई तक

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

पारीर्नाला स्थित दरगाह शरीफ हजरत सैय्यद जलालुद्दीन शाह रहमतुल्लाह अलैह का 47वां उर्स काफी हर्षोल्लास एवं ऐतिहासिक रूप से मनाने का निर्णय लेकर भव्य तैयारी की जा रही है। जलालबाग उर्स इंतेजामिया कमेटी ने बताया कि सभी धर्मावलंबीयों के अटूट आस्था के प्रमुख स्थान पारीर्नाला दरगाह के उर्स को यादगार बनाने के लिए समिति के सभी सदस्य एवं शहर की धर्म प्रेमी जनता के विशेष प्रयासों से इस वर्ष यह आयोजन चार दिवसीय रखा गया है, जिसके अंतर्गत 15 मई को कुरानख्वानी बाद नमाज फजर परचम कुसाई एवं गुस्ल की फतेहा 16 मई शानो शौकत के साथ शाही संदल जुलूस निकाला जाएगा। 17 मई बाद नमाज ईशा दरगाह शरीफ में नातखानी का प्रोग्राम रखा गया है । 18 मई दिन शनिवार तकरीर हजरत मौलाना सगीर अहमद रजवी साहब व शहर के आइम्मा इकराम रौनके स्टेज होंगे।

उच्च अधिकारियों के फटकार पर वन परिक्षेत्र अधिकारी बागनदी ने माना चूक

- नये लोगों को हटाने का दिया लिखित आश्वासन

पायनियर संवाददाता < छुरिया
www.dailypioneer.com

वन विभाग के दैनिक वेतन भोगी वन कर्मचारियों द्वारा काम से निकाले जाने पर लिखित शिकायत दर्ज कराने के बावजूद गैदाटोला सर्किल में फारेस्ट गार्ड हरेंद्र ठाकुर द्वारा शासन के आदेश एवं दैनिक वेतन भोगी वन कर्मचारी संघ के निवेदन को दरकिनार करते हुए मनमानी पूर्वक शंकर नामक व्यक्ति को अवैध तरीके से काम पर रखा है। वहीं बागनदी सर्किल में शासकीय कर्मचारी राजेन्द्र यादव एवं गीता सुखदेवे द्वारा अपने अपने रिश्तेदारों को कार्य पर रखकर शासन के आदेश को ठेंगा दिखाते हुए कार्य पर रखकर कार्य पर रखा गया है। जिसकी लिखित शिकायत छत्तीसगढ़ दैनिक वेतन भोगी वन कर्मचारी संघ द्वारा वन परिक्षेत्र अधिकारी बागनदी चंद्रशेखर भंडारी को दो महीने पहले दिया गया था। जिसके बाद भी वन परिक्षेत्र अधिकारी बागनदी द्वारा कोई कार्रवाई नहीं होने से कार्य से वंचित किए गए दैनिक वेतन भोगियों ने रविवार को बैठक आयोजित कर वन परिक्षेत्र कार्यलय बागनदी का घेराव करने का निर्णय सर्व सम्मति से पारित कर सोमवार को तिथि तय किया गया था। जिसका समाचार मिडिया में प्रकाशित होने पर वनविभाग एवं पुलिस विभाग के उच्च अधिकारियों ने मोर्चा संभाला और वन परिक्षेत्र अधिकारी बागनदी को कड़ी फटकार लगाई। वनमंडलाधिकारी राजनांदगांव,उप वन मंडल अधिकारी राजनांदगांव द्वारा मामले को गंभीरता से लिया और वन परिक्षेत्र अधिकारी बागनदी को कड़ी फटकार लगाई। जिस पर वन परिक्षेत्र अधिकारी बागनदी चंद्रशेखर भंडारी ने चूक मानते हुए सभी अवैध तरीके से रखे हुए अधिकारी कर्मचारीयों के रिश्तेदारों को शिकायत के आधार पर काम से बाहर करने का लिखित आश्वासन छत्तीसगढ़ दैनिक वेतन भोगी वन कर्मचारी संघ को दिया।

ग्रामीणों ने दी चक्काजाम की चेतावनी

पीएचई विभाग की मनमानी, माहभर से नलजल योजना बंद

पायनियर संवाददाता < छुरिया
www.dailypioneer.com

छुरिया क्षेत्र के ग्राम पंचायत चारभांठा के ग्राम मोतीपुर में महीनेभर से नल-जल योजना बंद होने को लेकर ग्रामीण आक्रोशित हैं। वहीं पीएचई विभाग की मनमानी को लेकर कलेक्टर से शिकायत करते हुए उन्होंने समस्या का निराकरण करने और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की। ग्रामीणों ने दो दिन के भीतर समस्या का निराकरण नहीं होने पर 15 मई को मेन रोड में चक्काजाम की चेतावनी भी दी है।

छुरिया क्षेत्र के ग्राम पंचायत चारभांठा सरपंच की अगुवाई में ग्रामीणों ने सोमवार को जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते गांव में पेयजल की व्यवस्था को तत्काल दुरूस्त कराने की मांग की। गांव के ग्राम पटेल सखीराम, चेतनलाल पंच कार्तिराम, राजेश्वरी निर्मलकर, भुनेश्वरी, ईश्वरी व रैनबाई समेत अन्य लोगों ने कलेक्टर को ज्ञापन के माध्यम से बताया कि चारभांठा पंचायत के ग्राम मोतीपुर में बीते एक महीने से नलजल बंद पड़ा है। गांव में पेयजल व निकासी की समस्या बढ़ गई है। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में तीन हैंडपंप है। दो खराब हैं और एक हैंडपंप सूख गया है। इसके अलावा स्कूल में हैंडपंप हैं, जिससे ग्रामीण पानी ले रहे हैं। गांव में हैंडपंप की मरम्मत नहीं होने से ग्रामीणों के सामने पीने का पानी और निकासी के लिए दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामीणों ने बताया कि बीते 22 अप्रैल को ग्रामीणों ने उक्त समस्या को लेकर ध्यानाकर्षण करते आवेदन दिया गया था, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो पाया है। ग्रामीणों ने कलेक्टर से दो दिन के अंदर समस्या का हल कर बोर खनन या बोर की सफाई कर पेयजल व्यवस्था को दुरूस्त करने की मांग की। समस्या का समाधान नहीं होने पर आगामी 15 मई को मेन रोड घुपसाल मोड़ के पास सुबह 9 बजे से चक्काजाम किया जाएगा। वहीं ग्रामीणों का कहना है कि पीएचई विभाग में समस्या को लेकर जाने पर कोई सुनवाई नहीं होती, बल्कि कहा जाता है कि मेरे नाम से शिकायत कर दो।

हत्या को सड़क हादसा देने की कोशिश शार्ट पीएम में मर्डर का खुलासा

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

चार घंटे की मशक्कत के बाद पुलिस ने शव उठाया
पूर्व जिला पंचायत सदस्य के पुत्र की सड़क पर मिली लाश, हत्या की आशंका
गले घोंटने के निशान, हत्या की आशंका

खैरागढ़ जिले में कांग्रेस के एक पूर्व जिला पंचायत सदस्य के बेटे की हत्या का मामला सामने आया है। हत्या कर घटना को सड़क हादसा रूप देने की कोशिश हुई। शार्ट पीएम में हत्या की पुष्टि होने के बाद पुलिस मामले की विवेचना में जुट गई है। इस संबंध में पायनियर से चर्चा करते एएसपी नेहा पांडे ने बताया कि शार्ट पीएम में हत्या होने की पुष्टि हुई है। अज्ञात आरोपियों ने वारदात को सड़क हादसा दिखाने की कोशिश की है। जल्द ही मामले का खुलासा होगा।मिली जानकारी के अनुसार युवक का संदिग्ध अवस्था में बीच सड़क पर लाश मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई थी। शनिवार सुबह लगभग 7 बजे राहगीरों ने सड़क पर अज्ञात शव को देखा और ग्रामीणों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी। पुलिस को छानबीन में पता चला कि मृतक का नाम उत्तम जंघेल निवासी आमाघाट का है। मृतक की मां रेखा वर्मा उदयपुर क्षेत्र की पूर्व जिला पंचायत सदस्य रही हैं, वहीं उसके पिता अमृत जंघेल भी पूर्व में ग्राम पंचायत के सरपंच रह चुके हैं। मिली जानकारी के अनुसार मौत से एक दिन पहले युवक सुबह-सुबह अपने घर से बिना बताए निकला था। घर से निकलने के बाद उत्तम कहां गया, इसकी जानकारी परिवार के सदस्यों को नहीं थी। वहीं शनिवार सुबह खैरागढ़ से लगे ग्राम कुम्ही में मृतक का शव मिला था। शव मिलने के बाद पुलिस ने सूचना पर मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की।

फोर्स मोटर्स के सहयोग से भारतीय जैन संघटना द्वारा तालाब के पुनर्जीवन कार्य का हुआ शुभारंभ

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com

भारतीय जैन संघटना द्वारा छत्तीसगढ़ को सुखा मुक्त बनाने, जल समृद्ध बनाने तथा खेती में हरियाली लाने इस अभियान का प्रारंभ किया गया है। इस अभियान की जिम्मेदारी फोर्स मोटर के चेयरमैन डा अभय जी फिरोदिया ने ली है। इस अभियान के तहत सूखाग्रस्त गांव को चिन्हांकित करके वहां पर तालाब गहरीकरण का कार्य किया जाता है। ताकि पानी की समस्या से छुटकारा मिल सके। इसी क्रम में धमतरी जिले के ग्राम जी-जामगांव के उल्हाही खार तालाब तथा मडेली के पुरैना तालाब में बीजेएस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष निर्मल बरडिया, सुलोचना कृपाराम महिलांगे सरपंच जामगांव, लक्ष्मी नारायण साहू सरपंच मडेली, घनश्याम पटेल उप सरपंच ग्राम जी-जामगांव तथा पुष्कर साहू उपसरपंच मडेली के करकमलों से उद्घाटन कार्य संपन्न हुआ। बीजेएस के जिला अध्यक्ष कुशल चोपड़ा ने बताया कि हमे धमतरी जिले में 3 तालाबों के गहरीकरण करने की जिम्मेदारी मिली है। जिसके लिए जिला प्रशासन का पूर्ण सहयोग हमे प्राप्त हो रहा है। जिला कलेक्टर नम्रता गांधी जिला पंचायत सीईओ रोमा श्रीवास्तव बीजेएस के प्रदेश अध्यक्ष मनोज लुंकड़, विजय गंगवाल बीजेएस राज्य सचिव का सतत मार्गदर्शन मिल रहा है। आगे बताया कि वर्तमान में तो केवल गर्मी के दिनों में पानी की समस्या ज्यादा हो रही है। लेकिन आने वाले वर्षो में यह समस्या एक विकराल रूप ले लेगी। इसलिए आवश्यक है की हम आज ही सजग हो जाए। अगर हम पानी के महत्व को समझते हुए अभी से उसका दुरुपयोग करना बंद कर दे। पानी का संरक्षण प्रारंभ कर दे तो आने वाले वर्षों में बहुत हद तक इस समस्या से छुटकारा मिल सकता है। अन्य राज्यो की अपेक्षा छत्तीसगढ़ में जल समस्या के संबंध में स्थिति अभी ठीक है। किंतु भविष्य के लिए अभी से जागरूक होना पड़ेगा। गांव के किसानों को इस अभियान के तहत हम प्रोत्साहित भी कर रहे है की दूसरी फसल धान का न लेकर दूसरा ले। साथ ही गहरीकरण से निकली मिट्टी को भी अपने खेतो में डाले क्योंकि ये मिट्टी खाद की तरह जमीन की उपजाऊ क्षमता को बढ़ाती है। इस उद्घाटन कार्यक्रम में कुशल चोपड़ा बीजेएस जिला अध्यक्ष, आकाश कटारिया बीजेएस जिला सचिव, राखी राखेचा बीजेएस जिला सचिव महिला शाखा, बसंती नाहर, संकेत बरडिया पूर्व जिला अध्यक्ष बीजेएस,ललित घीया, राहुल बोहरा, विक्की बोहरा, संतराम साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

टूटे नाली और गंदगी की समस्या से त्रस्त मोहल्लेवासियों ने नाली निर्माण के लिए सौंपा ज्ञापन

चांपा के वार्ड क्रमांक 25 का है मामला

पायनियर संवाददाता ◄ चांपा
www.dailypioneer.com

स्थानीय नगरपालिका क्षेत्र के वार्ड नंबर 25 के टॉवर गली मंझली तालाब के रहवासी कई सालों से नाली की समस्या से परेशान हैं, इस संबंध में 2019 में लोकसभा चुनाव से पहले से आवेदन दिया गया था, और निर्माण कार्य नहीं होने पर लोकसभा चुनाव बहिष्कार की बात कही गई थी, जिस पर प्रशासन ने मौखिक आश्वासन देकर लोकसभा चुनाव का बहिष्कार न करने के लिए मना लिया और कहा गया कि चुनाव खत्म होते ही काम शुरू करा दिया जावेगा। लेकिन 5 साल बीत जाने के बाद भी आज तक न तो टूटी हुई नाली बनी और न ही सड़क बनी। जरा सा भी पानी गिरता है तो गली में 3-4 फीट पानी भर जाता है और मोहल्लेवासियों के घर में भी पानी भर जाता है, बरसात में तो समस्या और भी बढ़ जाती है। जब मोहल्लेवासियों को रात रात भर जागकर घरों में भरे पानी को खाली करना पड़ता है, ऊपर से सांप, बिच्छू का भी डर लगातार बना रहता है। अभी कुछ दिनों से नाली और रोड भी टूटकर क्षतिग्रस्त हो गया है। जिससे चलना और गाड़ियों का आना जाना कठिन हो गया है। परेशान मोहल्लेवासियों ने आज मुख्य नगरपालिका अधिकारी और नगरपालिका अध्यक्ष से मिलकर समस्या से रूबरू कराने पहुंचे मगर मुख्य नगरपालिका अधिकारी नही मिले कहीं बाहर होना बताया गया। इसके बाद नपाध्यक्ष जय थवाईत से मिलकर वार्ड में व्याप्त समस्या को बताया गया और ज्ञापन के माध्यम से शीघ्र ही निर्माण कराने निवेदन किया गया। जिस पर उन्होंने कहा कि मैं इंजीनियर से सर्वे करा लेता हूं और निर्माण कार्य 4 जून के बाद शुरू कराने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर उपेंद्र धर दीवान, सुरेश पांडेय, सी पी वैष्णव, मूलचन्द गुप्ता, राजू यादव, उत्तम शर्मा, विजय पांडेय, जय गोपाल सोनी, दयाराम थवाईत एवं अन्य मोहल्लेवासी उपस्थित रहे।

सीबीएसई केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने कक्षा बारहवीं का परीक्षा परिणाम किया घोषित

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com

विद्यार्थियों के लिए बारहवीं की परीक्षा का विशेष महत्व होता है। आज सुबह सीबीएसई ने कक्षा बारहवीं का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। इसमें मेनोनाईट इंग्लिश सी.से.स्कूल धमतरी की कक्षा बारहवीं के छात्रों का प्रदर्शन काफी सराहनीय रहा। शाला की कक्षा बारहवीं के विज्ञान और वाणिज्य संकाय के छात्रों का परीक्षा परिणाम 89.4 प्रतिशत रहा। इस परीक्षा में शामिल कुल 76 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी जिसमें परीक्षा में कुल 36 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी, 20 विद्यार्थियों ने द्वितीय श्रेणी और 12 विद्यार्थियों ने तृतीय श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण की। इस परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त करने वाले छात्रों के सभी प्रमुख विषयों में प्राप्तांक का प्रतिशत इस प्रकार हैं। प्रथम स्थान टिकेश्वरी गोस्वामी 91.4 प्रतिशत, द्वितीय स्थान हरी साहू 81.6 प्रतिशत, तृतीय स्थान अभिषेक देशमुख 81.4 प्रतिशत चौथा स्थान ऋषभ पटेल 81.2 प्रतिशत तथा पांचवा स्थान जय मूर्ति 80.8 प्रतिशत ने प्राप्त किया। शाला प्रबंधन समिति के चेयरमैन एमके मसीह एवं प्रबंधन समिति के सभी सदस्यों के साथ प्राचार्या एचके खालसा एवं समस्त शाला परिवार इस परीक्षा परिणाम से बेहद उत्साहित है उनकी ओर से छात्रों एवं उनके पालकों को हार्दिक शुभकामनाएँ दी गई और साथ ही उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गयी।

केएल उद्यानिकी महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने कृषि विज्ञान केन्द्र का किया भ्रमण

- छात्र छात्राओं ने यहां बने मॉडल ग्रीन हाउस, पॉली हाउस,मिक्सड चेंबर, वर्मीवाश, वर्मी कम्पोस्ट की जानकारी प्राप्त की

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com

केएल उद्यानिकी महाविद्यालय पोटियाडीह धमतरी के चतुर्थ वर्ष के छात्र छात्राओं ने ग्रामीण उद्यानिकी कार्य अनुभव शिक्षा अंतर्गत विगत दिनों ग्राम सम्बलपुर धमतरी में के.वी.के. कृषि विज्ञान केंद्र का भ्रमण किए। छात्र छात्राओं ने यहां बने मॉडल ग्रीन हाउस, पॉली हाउस, मिक्सड चेंबर, वर्मीवाश, वर्मी कम्पोस्ट की जानकारी प्राप्त की एवं उसके प्रयोग व उपलब्धि की बारे में भी पता लगाया। ये सभी मॉडल कैसे बनाते हैं, किस प्रकार से फसल उत्पादन में लाभदायक होता हैए इन सब मॉडल के बारे में के.वी.के. कृषि विज्ञान केंद्र वैज्ञानिको द्वारा जानकारी छात्रों को दी गई। ग्रामीण उद्यानिकी कार्य अनुभव शिक्षा अंतर्गत छात्र छात्राओं को के.वी.के. में भी प्रशिक्षण दिया गया। के.वी.के. का मुख्य कार्य क्या होता है, प्रशिक्षण के माध्यम से वैज्ञानिको द्वारा छात्र छात्राओं को के. वी. के. के बारे में पूर्ण रूप से अवगत कराया गया। कार्यक्रम के अन्तर्गत मुख्य भूमिका वरिष्ठ ; इंजीनियरिंग वैज्ञानिक, डा अमित सिन्हा, डॉ दीपिका चंद्रवंशी, हॉर्टिकल्चर वैज्ञानिक डॉ मनीषा खापाटे फिशिरी वैज्ञानिको के मार्गदर्शन से यह कार्यक्रम संचालित हुआ। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य राकेश पांडे, विषय शिक्षिकाए उमा साहू प्रभारी प्रियदर्शी तिवारी एवं चतुर्थ वर्ष के सभी छात्र छात्राओं की उपस्थिति उल्लेखनीय रही ।

मारवाडी युवा मंच जागृति शाखा द्वारा मनाया गया मातृ दिवस

पायनियर संवाददाता ◄ चांपा
www.dailypioneer.com

मारवाडी युवा मंच जागृति शाखा नैला जांजगीरके सदस्यों ने प्रतिवर्ष भाती इस वर्ष भी ईश्वर सभी नारी चेतना के तहत मातृ दिवस को महिला ससंग भवन जांजगीर में मां रूपी भगवान के चरणो में सुमन रूपी फूल अर्पितकर उनका श्रीफल और माला से सम्मान कर उनका आर्शीवाद सभी सदस्यों ने प्राप्त किया मारवाड़ी युवा मंच जागृति शाखा के सदस्यों ने चाय पानी नाश्ता की भी व्यवस्था की गई थी जिसके तहत मातृ दिवस में पहुंचे माताओ द्वारा जिन्होंने तहेदिल से उक्त कार्यक्रम की सराहना की गई उक्त कार्यक्रम में प्रांतीय कार्यकारिणी सदस्य सुनीता मोदी अध्यक्ष शिखा अग्रवाल सचिव बबीता गर्ग कोषाध्यक्ष कल्याणी भोपालपुरिया उपाध्यक्ष पूनम अग्रवाल, अनीता बंसल, सेमिना पालीवाल, गायत्री अग्रवाल, मधु शर्मा सहित संस्था के सदस्य गण मौजूद थे।

पुसौर की बेटी जयंती खमारी 'रूही' भारत कीर्ति अलंकरण व आयुष कीर्ति अलंकरण से सम्मानित

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com

अंतरराष्ट्रीय काव्य प्रेमी मंच तंजानिया द्वारा विश्व कीर्तिमान से अलंकृत पुस्तकों के लोकार्पण व सम्मान समारोह में ग्राम सुकुलभठली पुसौर निवासी गुरूचरण प्रधान (रिटायर्ड डिप्टी रेंजर) की सुपुत्री जयंती खमारी ने संपादक डॉ ममता सैनी के सानिध्य में भारत को जाने ग्रंथ में भारत के उड़ीसा राज्य की उपलब्धियां, उत्पादन, व्यवसाय, निर्माण में सर्वोपरि, स्मारक, नई खोज के बारे में उक्त ग्रंथ में दोहे और चैपाइयाँ लिखकर अपना योगदान दिया। इन दोहों का वीडियो 37 दिन तक अनवरत सोशल मीडिया में चलता रहा। इस ग्रंथ ने दो कीर्तिमान क्रमशः "आफिशियल वर्ल्ड रिकॉर्ड स्पेन" एवं "इंडिया बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड" स्थापित किए। इसी क्रम में "आयुर्वेद को जाने" 125 जड़ी बूटियों का दोहे के माध्यम से प्राकृतिक उपचारों का वर्णन किया गया है। इस पुस्तक ने भी दो विश्व कीर्तिमान क्रमशः "गोल्डन बुक आफ वर्ल्ड" रिकॉर्ड एवं "इंडिया बुक आफ वर्ल्ड रिकॉर्ड" स्थापित किए। उक्त योगदान के लिए अंतर्राष्ट्रीय काव्य प्रेमी मंच तंजनिया की ओर से पद्मश्री सुरेंद्र शर्मा, पद्मश्री अशोक चक्रधर, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के वरिष्ठ नेता इंद्रेश कुमार, पंजाब केसरी के प्रबंध निदेशक किरण चोपड़ा, वैज्ञानिक तकनीकी शब्दावली आयोग शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार के प्रबंध निदेशक प्रो. गिरीश नाथ झा, इग्नू के कुलपति प्रो. नागेश्वर राव, दैनिक भास्कर उत्तरप्रदेश के अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक संजय कुमार अग्रवाल, अखिल भारतीय आयुर्वेदिक कांग्रेस के अध्यक्ष एवं पद्मश्री वैध देवेंद्र त्रिगुणा, आयुष मंत्रालय सलाहकार वैध मनोज नेसरी की उपस्थिति में सभी रचनाकारों को भारत कीर्ति अलंकरण एवं आयुष कीर्ति अलंकरण से सम्मानित किया गया। अंतरराष्ट्रीय काव्य प्रेमी मंच की संस्थापिका डॉ.ममता सैनी व उनके पति राकेश सैनी की सहायता से सफलता पूर्वक संपूर्ण कार्यक्रम का संचालन किया।

शादी का सब्जबाग दिखाकर महिला का शारीरिक शोषण

- पीड़ित महिला की रिपोर्ट पर च धरनगर पुलिस ने आरोपित को दुष्कर्म के अपराध में गिरफ्तार कर भेजा जेल

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com

थाना चक्रधरनगर में स्थानीय महिला द्वारा हरदीप सिंह शेरगिल निवासी नेतनागर, रायगढ़ के विरुद्ध शादी का प्रलोभन देकर शारीरिक शोषण करने के संबंध में आवेदन देकर रिपोर्ट दर्ज कराई। पीड़िता ने बताया कि अक्टूबर 2022 में हरदीप का रिश्ता शादी के लिए आया हुआ था, तभी से हरदीप पीछे पड़ गया। पीड़िता ने बताया कि वह रायगढ़ से राउरकेला गई तो वहां भी हरदीप पहुंच गया।

जहां दोनों साथ में कुछ फोटो खिंचाए, इन फोटो को रिश्तेदारों को दिखाकर शादी कहीं और नहीं होने दूंगा कहकर धमकी देने लगा और अप्रैल 2024 में शादी का दबाव बनाकर चक्रधरनगर में किराया मकान लेकर पत्नी की तरह रखा। महिला बताई कि हरदीप को शादी के लिए कहने पर अब शादी से इंकार कर दोनों के फोटो, वीडियो वायरल करने की धमकी देता है।

थाना प्रभारी चक्रधरनगर निरीक्षक प्रशांत राव आहेर द्वारा पीड़िता के आवेदन पर धारा 376, 506, 323 आईपीसी के तहत अपराध पंजीबद्ध कर पीड़िता का मेडिकल कराकर महिला विवेचक से पीड़िता का विस्तृत कथन कराया गया। साथ ही आरोपी के फरार होने की संभावना पर तत्काल दबिश देकर आरोपी हरदीप सिंह को हिरासत में लिया गया जिससे उसका मोबाइल की जब्ती कर आरोपी हरदीप सिंह शेरगिल पिता दलबीर सिंह शेरगिल उम्र 28 साल निवासी नेतनागर हाल मुकाम चक्रधरनगर जिला रायगढ़ को गिरफ्तारी के कारणों की जानकरी देकर रिमांड पर पेश किया गया। जहां से उसे जेल वारंट पर जेल भेजा गया है।

मदर्स डे के पहले पुलिस ने महिला को दिया तोहफा महिला के गुम हुए दो बच्चों खोजकर की सुपुर्द

- घर से खेलने निकले दो भाई हुए गुम, पुलिस की खोजबीन में रेलवे-स्टेशन पर मिले
- गुम बालकों के मां की सूचना पर जूटमिल पुलिस ने दिखाई तत्परता

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com

12 मई मदर्स डे के ठीक पहले कल 11 मई को जूटमिल पुलिस ने गुम बालक की रिपोर्ट पर गम्भीरतापूर्वक कार्यवाही करते हुए एक महिला को उसके दो गुम हुए बच्चे खोजकर सुपुर्द किया गया है।

कल रात थाना जूटमिल में चमड़ा गोदाम क्षेत्र में रहने वाली महिला आकर टीआई मोहन भारद्वाज को बताई कि उसके दो लड़के 10 साल और 7 साल के घर से खेलने निकले थे जिनका आसपास पता नहीं चल रहा है।महिला की दशा देखकर थाना प्रभारी उसे दिलासा दिए और सूचना को गंभीरता से लेते हुए बिना विलंब किए हुए अपने स्टाफऔर पेट्रोलिंग को ट्रांसपोर्ट नगर बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन और इलाके के मार्केट एरिया में गुम बच्चों की फोटो दिखाकर खोजबीन करने निर्देशित किए। पुलिस की फुर्ती रंग लाई दोनों बच्चे रेलवे स्टेशन के पास मिले जिन्हें पुलिस टीम थाना लेकर आयी, मासूम बच्चों ने खेलते खेलते मोहल्ले से काफी दूर भटक कर रेलवे स्टेशन की ओर चले जाना बताए। थाना प्रभारी ने दोनों बच्चों को उसके मां के सुपुर्द किया गया। गुम बालकों की मां ने जूटमिल पुलिस को तत्परता से बच्चों की खोजबीन के लिए धन्यवाद दी। जूटमिल पुलिस का मदर्स डे के पहले महिला को दिया गया सबसे बड़ा तोहफा था।

विशिष्ट अतिथि डॉ प्रीती साहू गायनेकोलॉजिस्ट ने सर्वाइकल कैंसर, स्तन कैंसर पर स्वास्थ्य वार्ता दी

मातृदिवस पर महिला स्वास्थ्य, सुरक्षा और स्वालंबन पर कार्यशाला सम्पन्न

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com

ऑल इंडिया लीनेस क्लब संकल्प धमतरी द्वारा मातृदिवस पर महिला स्वास्थ्य वार्ता, सुरक्षा और स्वालंबन कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमे मुख्य अतिथि पद्मश्री फूलबासन देवी द्वारा महिला स्वरोजगार एवम् स्वालंबन विषय पर मार्गदर्शन एवम वार्ता कर मातृशक्तियो को जागृत किया गया। विशिष्ट अतिथि डॉ प्रीती साहू गायनेकोलॉजिस्ट ने सर्वाइकल कैंसर, स्तन कैंसर पर स्वास्थ्य वार्ता दी। लक्षणों को बताते हुए कहा की कैंसर से लड़ने का सबसे अच्छा तरीका इसका शीघ्र पता लगाना है। डॉ स्वीटी उत्कर्ष नंदा एमडी जिला अस्पताल ने स्वस्थ्य जीवन शैली के लिए मानसिक स्वास्थ्य का ख्याल रखते हुए नियमित रूप से योग करने का के लिए माताओ को प्रेरित किया। डॉ वर्णिका शर्मा मिलिट्री साइकोलॉजिस्ट ने महिलाओं के मनोबल को बढ़ाते हुए महिला सुरक्षा विषय पर वार्तालाप की। अध्यक्ष जानकी गुप्ता द्वारा उपस्थित अतिथियों को स्मृति चिन्ह प्रदान किया एवम् मातृ शक्तियों नेहा गोयल , प्रिंसी बरडिया, प्रिया सुंदरानी, बसंती बरडिया, प्रीती डोडवानी को अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। फूल बासन देवी ने सभी को मातृदिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा की मां के ऋण को कोई नहीं चुका सकता अपनी माता का हमेशा सम्मान करे, उचित देखभाल के साथ समय दे। आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं मे डॉ स्वीटी नंदा एवं अनु नंदा को मिला बेस्ट सास बहू का अवार्ड। सास भी मां होती है डॉ स्वीटी उत्कर्ष नंदा ने कहा सास भी मां होती है उनकी भावनाओं के समझे वो हमेशा बहू में बेटी को तलाशती है। देवांशू गुप्ता एंड सरस गुप्ता बेस्ट नानी और नवासा अवार्ड-नानी भी मां होती है- देवांशू गुप्ता। 5 साल की उम्र से अपने ननिहाल में रह रहे 20 वर्षीय देवांशू गुप्ता ने कहा नानी भी मां होती है। प्रेम और सम्मान से रिश्ता गहरा होता है नानी का स्नेह उसको जिंदगी में आगे बढ़ने के लिए हौसला बढ़ाता है। मां सबसे अच्छी सहेली होती है . डॉ प्रीती साहू गायनेकोलॉजिस्ट -मां सबसे अच्छी सहेली होती है माँ का अपनी बेटी के साथ यह दोस्ताना रवैया जहा एक ओर सुखद अहसास का अनुभव कराता हैए वहीं यह परिवार का दृढ़ आधार.स्तंभ भी है। मां संभवतः ईश्वर का एक रूप होती है-प्रिंसी बोथरा। मां संभवतः ईश्वर का एक रूप होती हैजो न केवल बच्चों को जन्म देती है, बल्कि उसकी परवरिश के लिये अपना सब कुछ कुर्बान कर देती है।

मां का प्यार निस्वार्थ होता है .डॉ वर्णिका शर्मा मां का प्यार निस्वार्थ होता है उनके जीवन का एकमात्र लक्ष्य होता है कि उनके बच्चे पढ़.लिख कर अच्छी नौकरी करे और सुखमय जीवन व्यतीत करे। पहली गुरु मां ही होती है- प्रीति डोडवानी- पहली गुरु मां ही होती है जो उसके भीतर संस्कारों के बीज डालती है। उचित यह होगा कि हम तन.मन से अपनी मां की सेवा करें। मां होती है श्रेष्ठ मार्गदर्शक -नेहा गोयल -मां होती है श्रेष्ठ मार्गदर्शक जो अच्छे बुरे का ज्ञान करवाती है अनुशासन और प्यार के बीच तालमेल बनाकर उचित संस्कार एवम् शिक्षा देकर बच्चो के सुनहरे भविष्य का निर्माण करती है।

कक्षा पहली में प्रवेश के लिए लॉटरी 14 मई

पायनियर संवाददाता ◄ चांपा
www.dailypioneer.com

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चांपा के प्राचार्य निखिल मसीह ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार सत्र 2024-25 हेतु ऑनलाइन फार्म के आधार पर सिर्फ कक्षा पहली (क्लास 01) के छात्र छात्राओं के प्रवेश हेतु 14 मई 2024 दिन मंगलवार को प्रातः 09:00 बजे लाटरी के माध्यम से चयन प्रवेश प्रक्रिया रखा गया है। लाटरी के माध्यम से प्रवेश प्रक्रिया में इच्छुक अभ्यर्थी एवं अभिभावक स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चांपा के सभा कक्ष में उपस्थित हो सकते हैं।

होम वोटिंग, पोस्टल बैलेट के लिए उल्लेखनीय कार्य करने वाले मतदान दल हुए सम्मानित

कलेक्टर डॉ. सिंह ने सराहना करते हुए दिया प्रशस्ति पत्र

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ गौरव कुमार सिंह ने कलेक्टर सभाकक्ष में लोक सभा चुनाव में पोस्टल बैलेट एवं ईटीपीबीएस के माध्यम से मतदान में उल्लेखनीय भूमिका निभाने वाले अधिकारी-कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। डॉ सिंह ने अधिकारियों की सराहना करते हुए कहा कि मतदान निर्वाचन प्रक्रिया का सबसे महत्वपूर्ण अंग होता है। निर्वाचन आयोग में 85 वर्ष से अधिक बुजुर्ग, दिव्यांग मतदाताओं के लिए होम वोटिंग की सुविधा उपलब्ध कराई थी, उसे हमारे दल ने घर-घर जाकर बखूबी निर्वाहन किया। इनके कार्य को देखकर बुजुर्गो-दिव्यांग मतदाताओं ने उत्साह के सिथ इसमें हिस्सा लिया। जिले के इस कार्य को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा सराहा गया। इसी प्रकार अधिकारियों कर्मचारियों के लिए बनाये गए सुविधा केंद्र को छत्तीसगढ़ की संस्कृति की थीम पर बनाया गया। इससे प्रोत्साहित होकर बडी संख्या में अधिकारी-कर्मचारी ने मतदान किया। ग़ौरतलब है कि ईडीसी एवं पोस्टल बैलेट के माध्यम से वोट करने वाले सर्वाधिक मतदाता रायपुर जिले में ही पंजीकृत हैं जिसमें से लगभग 72 फीसदी मतदान कराकर पूरे राज्य में जिला रायपुर अग्रणी रहा। बैठक में नोडल अधिकारी (पोस्टल बैलेट, ईटीपीबीएस एवं अनुपस्थित मतदान) बृजेश सिंह क्षत्रिय, उप जिला निर्वाचन अधिकारी (रायपुर लोकसभा क्षेत्र) उमाशंकर बन्दे इस कार्य हेतु गठित संपूर्ण टीम के विशेष रूप से उपस्थित रहे।

कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह से भेंट कर स्टूडेंट्स व उनके पैरेन्ट्स ने किया अनुरोध

कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह के निर्देश पर आगामी जून माह में आयोजित हो रहे यूपीएससी की प्रारंभिक परीक्षा को देखते हुए 18 मई को प्रस्तावित मार्गदर्शी कार्यक्रम आयाम ऊंची उड़ान का के आयोजन की तिथि आगे बढ़ा दी गई है। परीक्षा में सम्मिलित हो रहे युवाओं व उनके पालकों ने रायपुर जिला कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह से मुलाकात कर प्रारंभिक परीक्षा उपरांत ही कार्यशाला आयोजित करने का अनुरोध किया था। कलेक्टर डॉ. सिंह ने कहा है कि अब यह कार्यशाला यूपीएससी प्रीलिम्स परीक्षा के बाद जून के तृतीय सप्ताह में संभावित है। कलेक्टर के निर्देश पर इस कार्यशाला में देश के प्रतिष्ठित विषय विशेषज्ञों को भी आमंत्रित करने की योजना तैयार की जा रही है। कार्यशाला में सम्मिलित होने के इच्छुक प्रतिभागियों व पालकों से कहा गया है कि कार्यशाला में प्रवेश हेतु निःशुल्क पंजीयन की प्रक्रिया जारी है, रायपुर जिला प्रशासन द्वारा युवाओं को मार्गदर्शन प्रदान करने आयोजित होने वाली इस कार्यशाला में 2011 से 2024 बैच के आईएएस, आईपीएस, आईएफएस व अन्य संवर्ग के अधिकारियों से संवाद का अवसर मिलेगा। कलेक्टर डॉ. सिंह से मुलाकात में युवाओं ने देश के प्रतिष्ठित संस्थानों के प्रमुखों, उनके विषय विशेषज्ञों, मार्गदर्शकों को भी इस कार्यशाला में आमंत्रित कर उनके भी व्याख्यान का अनुरोध किया, जिससे कि रायपुर में ऐसे विषय विशेषज्ञों को सुनने व विद्यार्थियों को अपनी तैयारियों को दिशा देने का अवसर मिल सकें। कलेक्टर डॉ. सिंह ने विद्यार्थियों को यह भी आश्वस्त किया है कि कार्यशाला में उनके सुझाएं विषय विशेषज्ञों को भी उनकी उपलब्धता के आधार पर आमंत्रित कर उनके सत्र आयोजित किए जाएंगे। इस कार्यशाला में मेधा सम्मान का भी आयोजन होगा, जिसमें हाई स्कूल व हायर सेकेंडरी में प्रावीण्यता प्राप्त विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा। मार्गदर्शी कार्यक्रम आयाम ऊंची उड़ान का आयोजन अब 18 मई को नहीं होगा, किन्तु आगामी तिथि को होने वाले आयोजन हेतु युवाओं व पालकों के निःशुल्क रजिस्ट्रेशन जारी रहेंगे। रजिस्ट्रेशन के अनुक्रम व संख्या के आधार पर बैठक व्यवस्था व कार्यशाला स्थल का चयन किया जाएगा। बिना रजिस्ट्रेशन किसी भी युवा या उनके पालकों को कार्यशाला में प्रवेश की अनुमति नहीं होगी।

भाजपा बताए कब होगी पूर्ण शराबबंदी : शुक्ला

आहाते आबंटन में सुनियोजित घोटाला किया गया

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

आहाते के नाम पर सरकार प्रदेश में शराब की नदियां बहाने में लगी है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि एयर कूल्ड आहाते बनाकर शराब बिक्री को प्रोत्साहित किया जा रहा है। आहाते आबंटन में बड़ा घोटाला साय सरकार ने किया है।

आहातों के नाम पर सरकार शराब की काली कमाई में लगी हुई है। पूरे प्रदेश में कुछ लोगो को चिन्हाकित कर आहाते आंबटित किये गये है। एक ही ईमेल आईडी से दर्जनों आहते के टेंडर डाले गये उसकी स्वीकृत भी हुई है। प्रभावशाली भाजपा नेताओं के अनुशंसा पर आहाते आबंटित किये गये है। भाजपा सरकार के राज में शराब की कोचियागिरी शुरू हो गयी है। राजनांदगांव एवं प्रदेश के अनेकों स्थानों से खबरे आई है कि शराब दुकानों से 200 रू. प्रति पेटी अतिरिक्त देकर कोचिये गली मोहल्ले में शराब बेच रहे है और इनको पूरा सरकार का संरक्षण मिला हुआ है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि राज्य में शराब के नाम पर वसूली की प्रक्रिया शुरू हो गयी है। दुकानों में कौन सी शराब बिकेगी, कौन से निर्माता के ब्रांड राज्य में बिकेगा, इसके नाम पर कमीशन खेल बड़े पैमाने पर हो रहा है। शराब के इस सुनियोजित घोटाले में उच्च स्तर के लोग संलिप्त है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि शराब बंदी को लेकर पांच सालों तक हल्ला मचाने वाले भाजपाई बतायें शराबबंदी कब होगी? भाजपा के हर छोटे बड़े नेता ने जनता के बीच घूम-घूम कर शराबबंदी के लिये बढ़ चढ़कर बातें किया था। सरकार में आने के बाद सरकार और भाजपाईयों दोनों के जुबान पर ताला लग गया है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने 100 से अधिक शराब दुकानो को बंद किया था। 2018 में कांग्रेस सरकार के पहले छत्तीसगढ़ प्रति व्यक्ति शराब की खपत में देश में गोवा के बाद पहले स्थान पर था। कांग्रेस सरकार के 5 साल में छत्तीसगढ़ प्रति व्यक्ति शराब की खपत में देश में 18वें नंबर पर आ गया था। कांग्रेस राज में शराब की खपत को हतोत्साहित करने अनेक कदम उठाये गये थे। भाजपा सरकार शराबबंदी पर अपना स्टैंड क्लियर करें।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403